ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com | e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com | पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 | पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार | 01.07.2024 | वर्ष 11, अंक 178 | RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

बड़ी यात्रा की शुरुआत, एक छोटे से कदम से ही होती है।

## क्विक न्यूज

### विराट-रोहित के बाद रवीन्द्र जडेजा ने भी किया टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान

**नई दिल्ली :** स्टार खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर रवीन्द्र जडेजा ने भी टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया। उन्होंने इसकी जानकारी इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दी।रवीन्द्र जडेजा ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, मैं कृतज्ञता से भरे दिल से टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहता हूं। गर्व से सरपट दौड़ने वाले एक दृढ़ घोड़े की तरह मैंने हमेशा अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है और अन्य प्रारूपों में ऐसा करना जारी रखूंगा।जडेजा ने आगे लिखा कि टी-20 विश्व कप जीतना एक सपना सच होने जैसा था, मेरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का एक शिखर। यादों, उत्साह और अटूट समर्थन के लिए धन्यवाद।

### राज्यपाल ने ममता बनर्जी सरकार को दिया वित्तीय स्थिति पर श्वेत्र पत्र जारी करने का आदेश

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने राज्य के वित्तीय संकट पर ममता बनर्जी सरकार को आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र लाने को कहा है। राज्यपाल ने शनिवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की थी। इसके बाद उनका यह बयान आया है। निर्मला सीतारमण से मुलाकात के बाद राज्यपाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल की आर्थिक स्थिति कई राजकोषीय जोखिमों और सार्वजनिक वित्त प्रबंधन के मुद्दों का सामना कर रही है। यह सरकार की गंभीर खामियों को उजागर करती है। पश्चिम बंगाल वित्तीय संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने आर्थिक स्थिति गंभीर होने के मद्देनजर संविधान के अनुच्छेद 167 के तहत मुख्यमंत्री से मंत्रिपरिषद के समक्ष राज्य की वित्तीय स्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

### महाराष्ट्र की पहली महिला मुख्य सचिव बनीं सुजाता सौनिक

**मुंबई :** आईएएस सुजाता सौनिक को महाराष्ट्र का मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है. राज्य में वो इस पद पर बैठने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं. प्रदेश की एकनाथ शिंदे सरकार ने उनकी नियुक्ति की है. सुजाता सौनिक 1987 बैच की आईएएस अधिकारी हैं. इनके पति मनोज सौनिक भी राज्य के मुख्य सचिव रह चुके हैं.सुजाता सौनिक इससे पहले राज्य के अतिरिक्त मुख्य सचिव का कार्यभार संभाल चुकी हैं. जिसके बाद अब उन्हें मुख्य सचिव पद संभालने का मौका मिला है. मुख्य सचिव के रूप में सुजाता सौनिक का कार्यकाल एक वर्ष का होगा और वह जून 2025 में रिटायर्ड होंगी. उन्होंने रविवार को मुख्य सचिव नितिन करीर से पदभार ग्रहण किया.

### केन्द्रीय विवि के प्रो. मनोज सक्सेना यूजीसी की स्थायी समिति के सदस्य नामित

**धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय में शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता एवं अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार सक्सेना को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय स्तर की स्थायी समिति के सदस्य के रूप में नामित किया गया है। इस समिति को नवीन विभागों व केंद्रों की स्थापना के साथ शैक्षणिक और प्रशासनिक पदों के सृजन के संबंध में केंद्रीय विश्वविद्यालयों से प्राप्त प्रस्तावों को मूल्यांकन करने का कार्य सौंपा गया है। यूजीसी के अध्यक्ष की ओर से प्रो. सक्सेना को इस समिति में सम्मिलित करना शिक्षा के क्षेत्र में सक्सेना के महत्वपूर्ण योगदान और विशेषज्ञता को रेखांकित करता है।

### अरुणाचल प्रदेश में भूस्खलन और बाढ़ से कई राजमार्ग हुआ बाधित

**इटानगर :** अरुणाचल प्रदेश के विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों पर भूस्खलन और बाढ़ के चलते बिगड़ी परिस्थितियों में राष्ट्रीय राजमार्ग और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड ने लोगों को यात्रा से बचने की सलाह दी है.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 38° |
| न्युनतम | 26° |

## सिद्धो-कान्हू ने डटकर अंग्रेजों का मुकाबला किया : पीएम मोदी



एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेडियो कार्यक्रम मन की बात फिर से शुरू हो गया। इस दौरान पीएम मोदी ने कई मुद्दों पर बात की। उन्होंने कहा कि आज 30 जून का ये दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दिन को हमारे आदिवासी भाई-बहन हूल दिवस के रूप में मनाते हैं।

यह दिन वीर सिद्धो-कान्हू के अदम्य साहस से जुड़ा है, जिन्होंने विदेशी शासकों के अत्याचार का पुरजोर विरोध किया था। वीर सिद्धो-कान्हू ने हजारों संथाली साथियों को एकजुट करके अंग्रेजों का जी-जान से मुकाबला किया। 1857 में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से भी दो साल पहले हुआ था, तब, झारखंड के संथाल परगना में हमारे आदिवासी भाई-बहनों ने विदेशी शासकों के खिलाफ हथियार उठा लिया था।पीएम मोदी ने कहा कि मैं आपसे पूछें कि दुनिया का सबसे अनमोल रिश्ता कौन सा होता है तो आप जरूर कहेंगे- मां। हम सबके जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है। मां, हर दुख सहकर भी अपने बच्चे का पालन-पोषण करती है। हर मां, अपने बच्चे पर हर स्नेह लुटाती है। जन्मदात्री मां का ये प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है, जिसे कोई चुका नहीं सकता।उन्होंने कहा कि हम मां को कुछ दे तो सकते नहीं, लेकिन, और कुछ कर सकते हैं क्या? इसी सोच में से इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है, इस अभियान का नाम है- एक पेड़ मां के नाम। मैंने भी एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाया है। मैंने सभी देशवासियों से, दुनिया के सभी देशों के लोगों से ये अपील की है कि अपनी मां के साथ मिलकर, या उनके नाम पर, एक पेड़ जरूर लगाएं और मुझे ये देखकर बहुत खुशी है कि मां की स्मृति में या उनके सम्मान में पेड़ लगाने का अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है।प्रधानमंत्री ने कहा कि इस महीने पूरी दुनिया ने 10वें योग दिवस को भरपूर उत्साह और उमंग के साथ मनाया है। मैं भी जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल हुआ था। कश्मीर में युवाओं के साथ-साथ बहनों-बेटियों ने भी योग दिवस में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

जैसे-जैसे योग दिवस का आयोजन आगे बढ़ रहा है, नए-नए रिकॉर्ड बन रहे हैं।

### हूल दिवस पर भोगनाडीह में आयोजित समारोह में शामिल हुए सीएम व पूर्व सीएम हेमंत सोरेन

# वीर शहीदों के सपनों का बना रहे झारखंड : चंपाई सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरहेट (साहेबगंज) :** 1855 में आज ही के दिन भोगनाडीह से अमर वीर शहीद सिदो कान्हू के नेतृत्व में आदिवासियों ने अन्याय, शोषण और ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ बिगुल फूंका था। आज पूरा देश अपने इन महानायकों को नमन कर रहा है। यह प्रेरणा दिवस है।मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन हूल दिवस के अवसर पर अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू की पावन धरती पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में झारखंड में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। हमारी सरकार की नीतियों कार्यक्रमों और योजनाओं से राज्य विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारी योजनाएं घर-घर तक पहुंच रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा अभियान के दौरान लाखों आवेदन हमें मिले। इन आवेदनों के माध्यम से हमें जनता की विभिन्न समस्याओं की पूरी गहराई से जानकारी मिली। लोगों की समस्याओं के आधार पर ही हम योजनाओं को बना रहे हैं, ताकि इसका लाभ हर किसी को मिल सके।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर मंत्री बसंत सोरेन, सांसद विजय कुमार हांसदा, विधायक स्टीफन मरांडी, विधायक दीपिका पाण्डेय सिंह, विधायक कल्पना सोरेन,पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, जिला परिषद अध्यक्ष मोनिका किस्कू, आयुक्त संथाल परगना प्रमंडल लालचंद डाडेल, पुलिस उप महानिरिक्षक संजीव कुमार और साहिबगंज जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक समेत कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### अपनी अस्मिता और पहचान को खोने नहीं देंगे : हेमंत सोरेन

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्यवासियों को हूल दिवस की बधाई दी । कहा-हम वर्षों से हूल दिवस मनाते चले आ रहे हैं। आज इस अवसर पर संकल्प लेकर राज्य के विकास में जो भी चुनौतियां सामने आएगी उसका मुकाबला पूरी ताकत के साथ किया जाएगा। हमें अपने हक और अधिकार को हर हाल में लेना है और इसके खिलाफ साजिश रचनेवालों को जवाब देना है। हमें जल-जंगल और जमीन को हर हाल में बचाना है, क्योंकि इसी की खातिर हमारे पूर्वजों ने बलिदान दी थी। हम अपनी अस्मिता और पहचान को किसी कीमत पर मिटने नहीं देंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले चार वर्षों में हमने झारखंड में बदलाव लाने का काम किया है। अब सरकार हेडक्वार्टर से नहीं बल्कि गांव से चलती है। हमारी योजनाएं धरातल पर उतरती है जिसका लाभ समाज का अंतिम पंक्ति का व्यक्ति भी उठा रहा है। युवाओं को रोजगार देने के क्षेत्र में भी सरकार कई कदम उठाए हैं। झारखंड की संपदा में पहला हक झारखंड वासियों का है। इसी सोच के साथ राज्य सरकार आगे बढ़ रही है।



### यहां के खनिज संसाधनों पर आदिवासियों-मूलवासियों का पहला अधिकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खनिज और प्राकृतिक संसाधनों की भरपूरता है। इस लिहाज से झारखंड काफी धनी है, लेकिन यहां के लोग आज भी गरीब हैं। यहां के खनिज संसाधनों से दूसरे राज्य आगे बढ़ रहे हैं लेकिन झारखंड पिछड़ा राज्य में ही गिना जाता है। अब इसमें बदलाव देखने को मिल रहा है। हमारी सरकार ने संकल्प लिया है कि झारखंड को विकसित राज्य बनाना है।

### 396 योजनाओं की मिली सौगात

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 29026.745 लाख रुपए की कुल 396 योजनाओं का उद्घाटन - शिलान्यास किया इसमें 11284.854 लाख रुपए की 165 योजनाओं का उद्घाटन और 17741.731 लाख रुपए की 231 योजनाओं की आधारशिला रखी। इस मौके पर उन्होंने कुल 37212 लाभुकों के बीच 9289.745 लाख रुपए की परिसंपत्तियां बांटी।

### हर क्षेत्र के लिए राज्य सरकार की है योजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सरकार की अनेकों योजनाएं हैं जिसका लाभ यहां के लोगों को मिल रहा है। चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो या स्वास्थ्य,रोजगार,कृषि,सिंचाई उद्योग,खेल या और कोई सेक्टर हर किसी के लिए योजनाएं हैं आप इन योजनाओं से जुड़े और अपने को सशक्त बनाने के साथ राज्य के विकास में भागीदार बनें।

## टीम इंडिया को वर्ल्ड कप जीतने पर बीसीसीआई देगी 125 करोड़ का इनाम

### फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत ने 7 रनों से जीत दर्ज की



एजेंसी

**नई दिल्ली :** टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम ने इतिहास रचते हुए दूसरी बार खिताब अपने नाम कर लिया है. फाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत ने 7 रनों से जीत दर्ज की. इस जीत के बाद अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारतीय टीम के बड़ा ऐलान किया है. जय शाह ने बताया है कि अब भारतीय टीम को बतौर प्राइज मनी 125 करोड़ रुपये दिए जाएंगे.बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए टी20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के लिए भारतीय टीम को बधाई दी. साथ ही कहा कि उन्हें टीम इंडिया के लिए 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है. उन्होंने आगे कहा लिखा कि टीम ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का प्रदर्शन किया है. इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए सभी खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ को बधाई.जय शाह ने पोस्ट में लिखा कहा,टी20 वर्ल्ड कप 2024 खिताब जीतने के बाद भारतीय टीम के लिए 125 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है. टीम ने पूरे टूर्नामेंट में असाधारण प्रतिभा, दृढ़ संकल्प और खेल भावना का प्रदर्शन किया है.

इस शानदार उपलब्धि के लिए सभी खिलाड़ियों, कोच और सहयोगी स्टाफ को बधाई.रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया है. इस टीम ने इतिहास में चौथी बार कोई वर्ल्ड कप (वनडे, टी20) खिताब जीता है. भारतीय टीम ने शनिवार (29 जून) को टी20 वर्ल्ड कप 2024 के फाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 7 रनों से शिकस्त दी. इस जीत के साथ ही 140 करोड़ भारतीयों को जश्न मनाने का सुनहरा मौका दिया.

## आज से नए आपराधिक कानून होंगे लागू



एजेंसी

**नई दिल्ली :** देशभर में सोमवार से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो जाएंगे, जिससे भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में व्यापक बदलाव आएंगे और औपनिवेशिक काल के कानूनों का अंत हो जाएगा. भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ब्रिटिश काल के क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का स्थान लेंगे. नए कानूनों से एक आधुनिक न्याय प्रणाली स्थापित होगी जिसमें जीरो एफआईआर, पुलिस में ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराना,एसएमएस के जरिये समन भेजने जैसे इलेक्ट्रॉनिक माध्यम और सभी जघन्य अपराधों के वारदात स्थल की अनिवार्य वीडियोग्राफी जैसे प्रावधान शामिल होंगे.भारतीय दंड संहिता में 511 धाराएं थीं, लेकिन भारतीय न्याय संहिता में धाराएं 358 हैं. दरअसल 'ओवरलैप धाराओं का आपस में विलय कर दिया गया तथा उन्हें सरलीकृत किया गया है. जिससे भारतीय दंड संहिता की 511 धाराओं के मुकाबले इसमें केवल 358 धाराएं होंगी.जीरो एफआईआर से अब कोई भी व्यक्ति किसी भी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज करा सकता है, भले ही अपराध उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं हुआ हो. इससे कानूनी कार्यवाही शुरू करने में होने वाली देरी खत्म होगी और मामला तुरंत दर्ज किया जा सकेगा.नए कानूनों के तहत आपराधिक मामलों में फैसला मुकदमा पूरा होने के 45 दिन के भीतर आएगा और पहली सुनवाई के 60 दिन के भीतर आरोप तय किए जाएंगे.

### पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त पुल का किया जांच, बोले

# संवेदक पर होगी कार्रवाई

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** गिरिडीह जिला स्थित भेलवाघाटी के डुमरीटोला व कारीपहरी गांव के बीच अरगा नदी पर बन रहे पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है. रविवार की शाम विभाग के कार्यपालक अभियंता व तीन कनीय अभियंता मौके पर पहुंचे. यहां संवेदक को भी बुलाया गया.

जहां टेढ़ा हुए पिलर और धराशायी हुए गडर का निरीक्षण किया. कार्यपालक अभियंता ने कहा कि जांच में यह लग रहा है कि इसमें चूक हुई है. हालांकि चूक किस तरह की है और कहां-कहां गडबडी हुई है उसकी जांच की जा रही है. इसके अलावा देवरी से भेलवाघाटी तक बने सडक के दौरान जो भी अनियमितता की शिकायत मिली है उसकी भी जांच की जाएगी. संवेदक को डीबार करने के लिए विभाग को लिखा जा रहा है. जरूरत महसूस हुई तो प्राथमिकी भी दर्ज की जाएगी. स्थानीय लोगों ने बताया कि पुल के गिरने की आवाज इतनी तेज थी कि आस-पास के घरों के लोग डर गए। उनका कहना है कि इस पुल के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था।बता दें कि उक्त निर्माणाधीन पुल शनिवार की रात भरभराकर गिर गया था।



यह पुल 5.5 करोड़ की लागत से बन रहा था। इसका निर्माण ओम नमः शिवाय कंस्ट्रक्शन एजेंसी करा रहा था। लेकिन यह मॉनसून की पहली बारिश भी झेल नहीं सका और धराशायी हो गया।

## जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने संभाला नए सेना प्रमुख का कार्यभार



एजेंसी

**नई दिल्ली :** जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को 30वें सेना प्रमुख का पदभार संभाला. उन्होंने जनरल मनोज पांडे का स्थान लिया है. जनरल द्विवेदी को चीन और पाकिस्तान से सटी सीमाओं पर कार्य करने का व्यापक अनुभव है. वह उप सेना प्रमुख के रूप में भी काम कर चुके हैं. जनरल द्विवेदी 19 फरवरी को सेना के उप प्रमुख का कार्यभार संभालने से पहले 2022-2024 तक उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ रहे थे. उन्होंने 13 लाख जवानों वाली सेना की कमान ऐसे समय में संभाली है जब भारत चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चुनौतियों समेत कई सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है. सेना प्रमुख के तौर पर, उन्हें एकीकृत कमान शुरू करने की सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर नौसेना और भारतीय वायु सेना के साथ भी तालमेल बनाना पड़ेगा.

असर्फी कैंसर संस्थान
वही तरीका वही इलाज
संभव है कैंसर को हराना, सही समय पर जाँच कराना
PET CT Scan
की सुविधा उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity, Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad - 828105

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# सहायक पुलिस कर्मियों ने काला बिल्ला लगा कर किया काम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अपनी लंबित मांगों के समर्थन में राज्य भर के सहायक पुलिस कर्मी आंदोलन पर हैं. वर्दी-ए-इंसाफ-3 के तहत आंदोलन के पहले चरण में पलामू जिले के सहायक पुलिस कर्मियों ने विरोध स्वरूप काला बिल्ला लगाकर काम किया।झारखंड सहायक पुलिस एसोसिएशन शाखा पलामू के जिलाध्यक्ष राज कुमार ने कहा कि सहायक पुलिस कर्मियों की लंबित मांगों को लेकर पिछले चार वर्ष से आंदोलन किया जा रहा है, लेकिन झारखंड सरकार अब तक सिर्फ आश्वासन ही दे रही है. आंदोलन के पहले चरण में वर्ष 2020 में 10 से 23 सितंबर तक रांची के मोरहाबादी मैदान में शांतिपूर्वक धरना दिया गया था। उस समय तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रतिनिधि मिथिलेश ठाकुर ने मौके पर आकर सभी मांगों को पूरा करना का आश्वासन दिया, लेकिन मांगे आज तक पूरी नहीं हुई उनका दिया हुआ आश्वासन खोखला साबित हुआ। उन्होंने कहा कि दूसरा आंदोलन वर्ष 2021 में किया गया था, जो 38 दिन तक चला था, लेकिन सरकार कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार के ढुलमुल रवैया को देखते हुए 30 जून से वर्दी-ए-इंसाफ-3 के तहत आंदोलन शुरू किया गया है। एक दिन तक काला बिल्ला लगा कर विरोध किया जायेगा। इसके बाद 1 जुलाई को जिले के सहायक पुलिस कर्मी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। वहीं दो जुलाई को रांची के मोरहाबादी मैदान में प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जायेगा। उन्होंने पलामू जिले के सभी सहायक पुलिस कर्मियों से राज्य स्तर पर आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। मौके पर अशोक कुमार, शैलेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अंतेश कुमार, हरेंद्र कुमार सहित अन्य सहायक पुलिस के जवान मौजूद थे।

## बारिश ने किसानों के चेहरे पर लाई खुशी धान के बिचड़े तैयार करने में आई तेजी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे पर रौनक लौट आई है।दो दिनों से हो रही बारिश ने अब रफ्तार पकड़ ली है। बारिश ने धान की बिचड़े तैयार करने के लिए व्याकुल किसानों को काफी राहत दी है। आसमान में उमड़ते काले बादलों से झमाझम हुई बारिश के बाद कई दिनों की तपिश और उमस भरी गर्मी से जहां लोगो को राहत मिली है वहीं धान के बिचड़े तैयार करने वाले किसानों के चेहरे पर भी मुस्कुराहट लौट आई है। किसानों को बारिश का साथ मिलने से धान की बिचड़े करने में तेजी आ गई है। वही धान की बिचड़े तैयार करने का लक्ष्य कृषि विभाग ने निर्धारित किया है।अब तक बीस प्रतिशत तक धान की बिचड़े तैयार हो गई है। अगर तीन-चार दिनों तक और मौसम का साथ किसानों को मिला, तो धान की बिचड़े तैयार करने का आंकड़ा तेजी से बढ़ेगा। किसानों ने बताया कि खेतों में पानी नहीं रहने के कारण धान के बिचड़े में तेजी नहीं आ रही थी। थोड़े बहुत किसानों ने मोटर पंप की सहायता से बिचड़े तैयार किए है।

## मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत केतार में हुई परीक्षा



**केतार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज्यकीय मध्य विद्यालय केतार में मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृत्ति योजना के तहत आठवीं पास छात्र-छात्राएं परिक्षा में शामिल हुए। इस दौरान केंद्राधीक्षक राजनाथ राम ने बताया कि परिक्षा केंद्र पर कुल 397 छात्र-छात्राओं को भाग लेना था। जिसमें कुल 257 छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए तथा 140 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। परिक्षा केंद्र पर शिक्षण कार्य हेतू 19 शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जिसमें मात्र 12 शिक्षक ही उपस्थित रहे। और बगैर कोई सुचना के सात शिक्षक अनुपस्थित रहे। जिससे परीक्षा संचालित करने में थोड़ी कठिनाई की सामना करनी पड़ी। इसके बाद भी शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त परिक्षा संपन्न कराई गई। वहीं इस मौके दंडाधिकारी आंनद कुमार, प्रेम कुमार,संतोष कुमार, धन्नजय कुमार, सुधा कुमारी, गीता कुमारी, श्यामलाल सिंह, जागृति कुमारी, शिधनाथ सिंह, तुलसी यादव सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## बारिश के कारण खपरैल मकान ध्वस्त, एक घायल



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत खैरवा गांव में रविवार को बारिश के कारण मनी चौधरी की खपरैल मकान ध्वस्त हो गई। जिससे मलवे में दबकर उनकी 14 वर्षीय पुत्री रिंकी कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गई। तत्पश्चात परिजनों ने स्वास्थ्य उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर ले गए जहां चिकित्सको ने प्राथमिक इलाज के पश्चात बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया।

## कर्म फल का त्याग कर कर्म करते रहना हीं संन्यास है : जीयर स्वामी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अमानत नदी के पावन तट सिंगरा यज्ञ स्थल पर जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि भागवत् कथा अमर कथा के नामों से जाना जाता है. भगवान् भूत-भावन शंकर जी ने पार्वती जी को अमर कथा सुनाना चाहे पर पुरी कथा माता पार्वती जी नहीं सुन पाई. वहीं पूरी कथा राधा-रानी के लीला-शुक ने श्रवण कर लिया। कहा कि संसार में परिवार, पत्नी, बाल-बच्चों के साथ रहना बंधन नहीं है, इसको अपना मानकर जीवन जीना बंधन है. श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने पावन कथा को निवेदित करते हुये कहा कि संसार की वस्तु व्यवस्था को अपना मान लेना ही बंधन का कारण है. कर्म के फल को त्याग करके कर्म करना ही संन्यास है. संन्यासी चार प्रकार को होते हैं पहला कुटीचक संन्यासी, जो अपने घर में या अपने पुत्र या अन्य लोगों द्वारा बनाई गई झोपड़ी में रहता है, जिसके सिर पर शिखा और यज्ञोपवीत है, जो गेरुआ वस्त्र पहने हुए है और जिसके हाथ में तीन शूल वाला दण्ड है जो वाणी, मन और शरीर के संयम का प्रतीक है. जो अपने घर से या अपने सम्बन्धियों से भोजन प्राप्त करता है, तथा जो आत्मचिंतन में लीन रहता है वही कुटीचक संन्यासी है. दूसरे प्रकार का संन्यासी बहुदक संन्यासी जो तपस्वी कुटीचक के समान वेश-भूषा आदि धारण करता है, किन्तु अपने सम्बन्धियों के अतिरिक्त अन्य घरों से भी भिक्षा लेता है, उसे बहुदक संन्यासी या तपस्वी कहते हैं. तीसरा हंस संन्यासी जो तपस्वी ऊपर बताए गए समान वेश आदि धारण करता है तथा बांस का दण्ड धारण करता है, उसे तीसरे प्रकार का तपस्वी अर्थात् हंस संन्यासी कहा जाता है।

## काजरात नावाडीह स्टेशन पर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम का हुआ शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पूर्व मध्य रेल का डीडीयू रेल मंडल रिकॉर्ड अवसंरचना का विकास, उन्नयन वआधुनिकीकरण जैसे कार्य करते हुए सुचारू रेल परिचालन एवं परिचालन क्षमता में वृद्धि हेतु भी निरंतर कार्य कर रहा है। इसी उन्नयन के क्रम में शनिवार शाम काजरात नावाडीह स्टेशन पर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की स्थापना की गई।जिसका शुभारंभ डीडीयू रेल मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार की उपस्थिति में नए सिस्टम के साथ रेल परिचालन का शुभारंभ किया गया। इस दौरान एडीआरएम के साथ सीनियर डीएसटीई राजेश कुमार कुशवाहा, सीनियर डीईई इंदु प्रकाश, सीनियर डीएसओ अरविंद कुमार, डीओएम धीरज कुमार, आरबीएनएल के महाप्रबंधक एस एस मित्रा, सीनियर डीजीएम मनोज कुमार सिंह, प्रभात कुमार द्विवेदी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। संकेत एवं दूरसंचार विभाग, परिचालन, इंजीनियरिंग, कर्षण, इलेक्ट्रिकल, एबीएल, आरबीएनएल के सैकड़ों रेलकर्मियों की कठिन श्रम और कड़ी मेहनत के बदौलत मलटी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर, हैसडैग, भीडीयू, जैसे कई नयी तकनीक से स्टेशन को लैस कर दिया गया है। नयी तकनीक से लैस इस स्टेशन को 80 रूट क्षमता के साथ सोननगर से मोहम्मद गंज स्टेशन के साथ तिसरी लाईन की सुविधा से भी लैस किया गया है। भीडीयू, एमएसडैक जैसे अनेकों अत्याधुनिक सिगनलिंग संबंधी सुविधाओं से युक्त इस स्टेशन पर 5 लाईन की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई है। जिससे ट्रेनो के परिचालन में असुविधा न हो। कजरात नावाडीह स्टेशन पर अप, डाउन, रिभरशेबल और 2 लूप लाइन बनाई गई है। वहीं जपला में 127 एवं नवीनगर स्टेशन पर 155 रूट की भी व्यवस्था की गई है।

## शिक्षा वह मसाल है जिससे छात्रों के जीवन उजालों से भर जाता है : लाल सूरज



**नीलांबर,पितांबरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के डबरा मोड के नजदीक एमपी रेसिडेंशियल पब्लिक स्कूल का उद्घाटन किया गया। इस विद्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में पांकी पूर्व विधानसभा प्रत्याशी लाल सूरज ने किया। अपने संबोधन में लाल सूरज ने कहा की शिक्षा की दीप जलाना बहुत बड़ी बात है शिक्षा वह मशाल है जिससे छात्रों का जीवन उजाले से भर जाता है। इस विद्यालय के निदेशक धनंजय पासवान तथा प्रिंसिपल मिथुन पासवान का मैं आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने शिक्षा रूपी अलग जगाने के लिए इस विद्यालय की शुरुआत की है। समाज को ऐसे लोगों की आवश्यकता है जो नीलांबर पितांबरपुर जैसे पिछड़े क्षेत्र में शिक्षा का विस्तार करें और छात्रों को कम शुल्क में अच्छी शिक्षा दें। वहीं इस विद्यालय में नवोदय विद्यालय सैनिक स्कूल जैसे कई विद्यालयों में जाने कि वेहतरीन तैयारी कराई जाएगी। मौके पर पूर्व प्रत्याशी पांकी विधानसभा लाल सूरज, भीम शुक्ल, चंद्रप्रकाश पासवान, मिथुन कुमार पासवान सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## एक जुलाई से 30 सितंबर तक बंद रहेगा बेतला नेशनल पार्क




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** पलामू बेतला नेशनल पार्क एक जुलाई से 30 सितंबर तक तीन महीने के लिए पार्क मे पर्यटको के प्रवेश पर विभागीय पाबंदी लगा दी गई है। पर्यटक अब तीस सितंबर तक पार्क मे प्रवेश नही कर सकते है। डायरेक्टर कुमार आशुतोष ने कहा कि मानसून ऋतू वन जीवो का पज्जन काल होने की वजह से वन नियमावली के तहत एक जुलाई से तीस सितंबर तक तीन महीने के लिए पार्क को बंद रखा गया है। उन्हों ने कहा कि वन्य प्राणियों को प्रज्जन के लिए शांत वातावरण जरूरी होता है। वन्य प्राणियों के प्रज्जन मे कोई दखल नही पड़े इस लिए मानसून ऋतू के दौरान वन नियमावली मे बेतला नेशनल पार्क एक जुलाई से तीस सितंबर तक पार्क बंद रखने का प्रवधान है। उन्हों ने कहा कि पार्क बंद के दौरान पार्क का रख रखाव और पार्क के अंदर सड़क मरम्मती कार्य को लेकर विभागीए वाहनों का पार्क मे प्रवेश की अनुमति दी गई है। पर्यटको को पार्क बंद की जानकारी के लिए सूचना पट पर नोटिस के साट दी गई है। इसके अलावा दैनिक अख़बार के माध्यम से जानकारी दी जा रही है ताकि पर्यटक को वेतला पार्क आकर परेशान न हो।

## विधायक आलोक चौरसिया के द्वारा निर्माण कराए जा रहे जमीन पर लालेश्वर सिंह चेरो ने किया दावा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर :** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सेमरा पंचायत के टोला लोहरसीमी मे क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया का जमीन है। जिस पर विधायक आलोक चौरसिया के द्वारा पेट्रोल पंप के लिए निमार्ण कार्य कराया जा रहा था। जिस पर लोहरसीमी गांव निवासी लालेश्वर सिंह चेरो ने विरोध करते हुए कहा कि जमीन मेरा है। इस जमीन पर किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं करने देंगे। जिस पर अमलेश चौरसिया ने कहा कि हम लालेश्वर सिंह चेरों का खाता संख्या 94,प्लॉट 320,र कबा 10 डिसमिल जमीन पर किसी प्रकार का कोई कार्य नहीं कर रहे हैं। वह गलतफहमी में नहीं रहे। उनका जमीन सुरक्षित है और सुरक्षित रहेगा। मेरे द्वारा किसी प्रकार का कोई भी कार्य उनका जमीन पर नहीं किया जा रहा हैं। उनका हक और अधिकार उनके पास सुरक्षित है और वो बहकावे में आकर अनाप-सनाप बयान दे रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि उनका जमीन खाली पड़ा है। ज़िला परिषद सदस्य फेजायल अहमद ने कहा कि यह जमीन ब्राह्मणों का था और ब्राह्मण लोगों से नेउरा निवासी जूनाब अंसारी ने खरीदा था जिससे कि क्षेत्र के विधायक आलोक चौरसिया ने खरीदा है। जहां तक हमको जानकारी है कि यह जमीन ब्राह्मणों का था और जोत कोड भी हमेशा उन्हीं का रहा है।सेमरा पंचायत के मुखिया बसंत भुईयां ने कहा कि हमको जहां तक जानकारी है की जमीन ब्राह्मणों का है। ब्राह्मण लोग शुरू से ही इस ज़मीन पर खेती करते आ रहे हैं और उनके पास सारा दस्तावेज उपलब्ध है।

## झालसा के निर्देश पर विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झालसा के निर्देशानुसार डालसा पलामू के द्वारा रविवार को सदर प्रखंड के सभागार में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय अखिलेश कुमार व अन्य न्यायिक पाधिकारियों ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रचलित कर कार्यक्रम का किया। इस मौके पर जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय अखिलेश कुमार ने कहा कि सशक्तिकरण शिविर का उदेश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगो का जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है ।उन्होंने कहा कि स्वरोजगार से अपना ही नहीं बल्कि अन्य लोगों का जीवन स्तर में सुधार हो सकता है। इसी उद्देश्य से अवकाश के दिन में भी सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमलोगों का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों तक विधिक जानकारी पहुंचाने की है। उन्होंने कहा की जानकारी के अभाव में ही हम अपने अधिकार से वंचित होते हैं। अन्याय के विरुद्ध हमें आवाज उठाना होगा। उन्होंने कहा कि प्राधिकार के द्वारा न सिर्फ लोगों की विधिक रूप से सशक्त किया जा रहा है बल्कि सरकारी योजनाओं की जानकारी गांव गांव तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि पीएलभी दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर लोगों को विधिक रूप से सशक्त कर रहे हैं। और उनकी सहायता कर रहे हैं ।उन्होंने कहा कि भारत सरकार व राज्य सरकार की योजनाएं सुदूरवर्ती इलाके तक पहुंचे इसके लिए अब डालसा भी सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि बालिका स्वालंबन के तहत व बालिका समृद्धि योजना के तहत भी बालिकाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं के लिए बहुत सारी योजनाएं संचालित की जा रही है।

## साप्ताहिक सत्संग का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा सत्संग उपासना केंद्र के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि व शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया।इसके बाद समवेत नाम, जप, ध्यान, सत्यानु शरण ग्रंथ तथा नारी नीति ग्रंथ का पाठ किया गया। संगीताजली कार्यक्रम में धृतिसुन्दर लाल, गीता देवी, अखिलेश दा व सत्यवंती देवी ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा कार्यक्रम में सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने कहा कि मनुष्य को अपने आप पर विश्वास करते हुये अच्छा कर्म करना चाहिये। उन्होंने कहा कि वह मनुष्य जो बोलता कम है,करता अधिक है वह प्रथम श्रेणी का कर्मी है।जो मनुष्य जितना बोलता है, उतना करता है वह द्वितीय श्रेणी का कर्मी है तथा जो मनुष्य बोलता अधिक है और करता कम है वह तृतीय श्रेणी का कर्मी है। वह व्यक्ति जो बोलता है और न कुछ करता है वह अधम होता है।उन्होंने कहा कि अच्छे कर्म करने से मन उत्साहित रहता है।अच्छा कर्म हमे सत्य के पथ पर ले जाता है। सत्संगी अखिलेश दा ने कहा कि वर्तमान पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर जी प्रेममय है।वे सभी जीवों से प्रेम करते हैं।वे गलत कार्य करने वाले व्यक्ति को भी अच्छे पथ पर लाते हैं।ऋत्विक धृतिसुन्दर लाल ने कहा कि इष्टभृति ऐसा कर्म है जो हम सबको मंगल पथ पर ले जाता है।श्री श्री ठाकुर जी मानव जीवन को सर्व मंगल करने वाले हैं।उनके आदेशों का पालन करना चाहिये। ऋत्विक विजयनन्दन सिन्हा ने कहा कि मनुष्य को पड़े पड़े रहकर मरने से चलकर मरना अच्छा है। उन्होंने कहा कि कहने का तातपर्य है कि मनुष्य को कर्म करने में व्यस्त रहना चाहिये। मनुष्य को अच्छे ज्ञान की प्राप्ति के लिये सत्संग में जाना ही चाहिये। उन्होंने कहा कि अच्छे गुणों की प्राप्ति हेतु वर्तमान पुरुषोत्तम श्री श्री ठाकुर जी के द्वारा दिये गये सत्संग का आश्रय ग्रहण करना चाहिये। सत्संग में संजय दा, ऋ तुराज, अजय दा, पप्पू जायसवाल, आदित्य कुमार, प्रीतम, सुजय, विजय, रिशु कुमार, धृतिदीप्त, मधु अम्बष्ट, दीपमाला, वृंदा देवी, संगीता देवी, रामा देवी, रीना जायसवाल, प्रमिला देवी, ललिता देवी, प्रभा देवी, पूजा देवी, आकांक्षा कुमारी सहित बड़ी संख्या में अनुयायी उपस्थित थे।सत्संग की व्यवस्था सत्संगी ललिता देवी के द्वारा किया गया।

### झारखंड राज्य के 2600 बीआरपी-सीआरपी की लंबित मांग कैबिनेट से हुई पारित : पंकज शुक्ला

# बीआरपी-सीआरपी महासंघ के केंद्रीय अध्यक्ष पंकज शुक्ला का प्रयास लाया रंग

### महासंघ ने सरकार का जताया आभार, अबीर-गुलाल खेल मनाई खुशियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू) :** बीआरपी- सीआरपी महासंघ झारखंड प्रदेश की चीर परिचित मांग व लंबे संघर्ष के बाद चंपई सोरेन सरकार ने 28 जून 2024 को कैबिनेट में बीआरपी-सीआरपी के सेवा शर्त नियमावली व मानदेय वृद्धि के प्रस्ताव को पास कर दिया। इस प्रस्ताव को बीआरपी-सीआरपी के लिए पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. जगन्नाथ महतो ने शुरू किया था। प्रस्ताव कैबिनेट से पास होना बीआरपी-सीआरपी के लिए निकट भविष्य में मिल का पत्थर साबित होगा। कैबिनेट में बीआरपी सीआरपी के नियमावली एवं मानदेय वृद्धि स्वीकृति मिलने पर महासंघ के अध्यक्ष पंकज शुक्ला व महासचिव अमर खत्री ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार व झारखंड मुक्ति मोर्चा का आभार प्रकट किया है। द्वय नेताओं ने आगे भी सरकार से उम्मीद रखा है कि बीआरपी - सीआरपी की छूटी हुई मांगे जल्द पूरा करेंगे। महासंघ के उपाध्यक्ष विनय हालदार, गणेश गौतम व कोषाध्यक्ष अशोक पाल ने भी सरकार व शिक्षा सचिव का आभार जताया है। बीआरपी-सीआरपी महासंघ ने मुख्यमंत्री को कैबिनेट के तुरंत बाद अंग वस्त्र व बुके देकर सचिवालय में आभार जताया। मंत्री बेबी देवी व उनके पुत्र अखिलेश महतो का भी आभार प्रकट किया। इस अवसर पर केंद्रीय सचिव जय नंदन प्रसाद, जितेंद्र सिंह, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, निरंजन सिंह, पलामू जिला अध्यक्ष किशोर दुबे, प्रभात रंजन दुबे, संतोष सिंह, चंदन कुमार, संजय रजक, कृटी चंद्र शर्मा सहित सैकड़ों लोग सचिवालय में उपस्थित थे।

संक्षिप्त खबरें

## शिष्यों का निःशुल्क अन्नपूर्णा भंडारा निरंतर चल रहा है : श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट

**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजिज़) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान मे अभी तक 155 भंडारे का वितरण किया जा चुका है।आज रविवार 30 जुन 2024 को जनसेवा को समर्पित स्वामी सदानंद जी महाराज के शिष्यों ने आज अरुणा कैलाश जीवराजका की शादी की 50वीं सालगिरह के सुअवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम (सद्गुरू अपना घर आश्रम) के प्रांगण में लगभग 1100 भक्त जन श्रद्धालुओ राहगीरों एवं बच्चों के बीच निःशुल्क अन्नापूर्णा भंडारे के महाप्रसाद का वितरण कार्यक्रम उनके दमाद विशाल जालान,सुपुत्रीअमिता जालान, सिद्धी,बिशाखा,वंदना जालान एव उनके परिवार के सौजन्य से की गई।

## मंत्री संजय सेठ ने कैंसर पीड़ित खेल प्रशासक अनिल से की मुलाकात

रांची। पिछले चार माह से कैंसर से जंग लड़ रहे वरीय खेल प्रशासक अनिल कुमार जयसवाल से मिलने देश के रक्षा राज्य मंत्री सह रांची के लोकप्रिय सांसद संजय सेठ पहुंचे। सांसद ने अनिल के सेहत की जानकारी ली और हरसंभव मदद का भरोसा भी जताया। पिछले 24 वर्षों से जेओए में अनिल जयसवाल हैं।



# हूल दिवस पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने सिद्धो-कान्हू को दी श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** हूल दिवस के अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कांके रोड स्थित सिदो कान्हू पार्क में जाकर सिदो कान्हू के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी ।

इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची जिला सचिव हेमलाल मेहता, उपाध्यक्ष अश्वनी शर्मा, तारकेश्वर महतो, समनुरी अंसारी , अरुण वर्मा, रामचरण विश्वकर्मा, जितेंद्र गुप्ता, अजीत नायक ,आफताब, कैटरीना तिर्की, फरीद खान ,अरुण गुप्ता सहित कई झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता का शामिल थे। बता दें की 1857 के सिपाही विद्रोह से पहले झारखंड की धरती संथाल में 30 जून 1855 को संतालों ने अंग्रेजों को अपनी जमीन से हटाने के लिए उनके खिलाफ सशस्त्र आंदोलन किया था, जिसे संतालों का आंदोलन या हूल आंदोलन कहा जाता है। इस आंदोलन के प्रणेता सिदो-कान्हू दो भाई थे, हर वर्ष 30 जून को इस आंदोलन की याद ताजा की जाती है।

## हूल आंदोलन सबसे अधिक संगठित और सशक्त आंदोलन था : राजेश ठाकुर

रांची : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में ''हूल क्रांति दिवस'' के अवसर पर सिद्धू कान्हू पार्क में संथाल हूल के अमर नायक सिद्धू-कान्हू की प्रतिमा एवं कांग्रेस भवन में चित्र पर माल्यापर्ण कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड के महान सपूत सिद्धू-कान्हू एवं चांद-भैरव ने 150 वर्ष पूर्व अंग्रेजों के शोषण एवं अत्याचार के खिलाफ स्वाभिमान एवं आत्मसम्मान के लिए संघर्ष का बिगुल फूंका था। यह आंदोलन 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन की पृष्ठभूमि थी। यह सबसे अधिक संगठित और सशक्त आंदोलन था जिसमें संथाली अपनी मातृभूमि की खातिर कुर्बान होने को तैयार हो गए। एक छोटे से गांव से शुरू हुये हूल से पूरे संथाल में ऊर्जा का संचार हुआ, जिसे तत्कालीन अंग्रेज सरकार की नींद उड़ा दी थी।इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के संगठन महासचिव अमूल नीरज खलको, मदन मोहन शर्मा,सतीश पाल मुंजनी, सोनाल शांति,गजेंद्र सिंह,कमल ठाकुर, रमा खलको,गौतम उपाध्याय, राकेश किरण महतो,अजय सिंह, एनुल हक,रमेश पांडे,चंदन बैठा, मनोज कुमार महतो,गुलजार अहमद,सुरेन राम,हृदय आनंद यादव,जगन्नाथ साहू,अर्चना मिर्धा शिवटहल नायक सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# संथाल परगना में खतरे में है आदिवासी संस्कृति लगातार घट रही है जनजातियों की आबादी : मरांडी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी आज संथाल परगना के दौरे पर उपराजधानी दुमका पहुंचे। हुल दिवस के अवसर पर उन्होंने हुल क्रांति के महानायक वीर शहीद सिदो कान्हु की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मरांडी ने कहा 1857के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के 2वर्ष पूर्व ही संथाल परगना की धरती से अमर शहीद सिदो कान्हु के नेतृत्व में अंग्रेजो के अत्याचार के खिलाफ हजारों जनजाति भाई बहनों ने संघर्ष किया,बलिदान दिए,जो हुल के नाम से प्रसिद्ध है।उन्होंने कहा कि हुल के कारण ही आदिवासियों के जल जंगल जमीन और संस्कृति की रक्षा केलिए एस पी टी ,सीएनटी जैसे कानून बने।उन्होंने कहा कि आज संथाल परगना की संस्कृति खतरे में है।

मरांडी ने आदिवासियों की तेज गति से घटती जनसंख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 1951की जनगणना से लेकर 2011की जनगणना के बीच आबादी का विश्लेषण करें तो भयावह तथ्य उजागर होते हैं। 1951में आदिवासियों की आबादी 44.69 प्रतिशत थी जो 2011 में 16 प्रतिशत घटकर 28.11 प्रतिशत हो गई। जबकि मुस्लिम आबादी इस बीच 9.44 प्रतिशत से बढ़कर 22.73 प्रतिशत हो गई। शेष समुदाय की आबादी 43 प्रतिशत से बढ़कर 49 प्रतिशत ही हुई। उन्होंने कहा कि अगर इसी प्रकार जनजाति समाज की आबादी घटती रही तो आजादी के 100 साल और हुल आंदोलन के लगभग 200 साल पूरा होते होते संथाल जनजाति समाज का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।उन्होंने कहा कि संथाल परगना के साहेबगंज और पाकुड़ जिला की स्थिति तो बद से बदतर होती जा रही।

## रथ यात्रा को लेकर दो जुलाई से पुरी के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रथ यात्रा को लेकर रेलवे ने ओडिशा के पुरी के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। इसको लेकर रेलवे की ओर से सर्कुलर भी जारी कर दिया गया है। रेलवे की ओर से चक्रधरपुर डिवीजन में तीन स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी। इसमें से एक ट्रेन बादामपहाड़ स्टेशन से पुरी के बीच चलेगी। इस दौरान इस ट्रेन का ठहराव रायरंगपुर, टाटानगर, घाटशिला और भद्रक में भी होगा। यह ट्रेन दो जुलाई से 19 जुलाई तक एक दिन छोड़कर चलेगी। वहीं दो ट्रेन दो जुलाई से 19 जुलाई तक राउरकेला और पुरी के बीच चलेगी, जिसमें से एक ट्रेन चक्रधरपुर होते हुए चलेगी। वहीं दूसरी ट्रेन झारसुगड़ा, संबलपुर होते हुए पुरी के लिए रवाना होगी।

## स्टेशन रोड स्थित एक होटल पर पुलिस का छापा, सैक्स रैकेट का हुआ खुलासा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** शहर में थाना क्षेत्र में सेक्स रैकेट का धंधा बहुत बडे पैमाने पर फल फूल रहा है। पुलिस इस रैकेट को तोडने में लगी हुई है। लगातार इसको लेकर छापेमारी की जा रही है। चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित रॉयल रेजीडेंस नामक एक होटल में सेक्स रैकेट की सूचना पर सिटी एसपी राजकुमार के नेतृत्व में सिटी डीएसपी के वी रमन ने छापेमारी की। होटल रॉयल रेसीडेंसी में हुई छापेमारी में नौ लडकियों और होटल संचालक और स्टाफ को पुलिस द्वारा हिरासत में लिया गया है। बताया जा रहा है, ऑनलाइन और ऑफ लाइन तरीके से देह व्यापार का धंधा कर रही थी। सिटी डीएसपी केवी रमन ने



बताया कि लगातार छापा मारी जारी है, पहले भी शहर के कई स्पा सेंटर और होटलों में छापेमारी कर युवतियों को गिरफ्तार किया गया है। इसी क्रम में यह छापामारी की गई और नौ युवतियों को और होटल संचालक और स्टाफ को हिरासत में लिया गया है सभी से पूछताछ करने के बाद कार्रवाई की जाएगी, ये युवतियां बंगाल की बताई जा रही है।

## केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने रांची रेल मंडल में चल रही रेल परियोजनाओं की समीक्षा की

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** केंद्रीय मंत्री संजय सेठ ने रविवार को रांची रेल मंडल में चल रही रेल परियोजनाओं की समीक्षा की। मंत्री ने रेल अधिकारियों से रांची, हटिया, नामकुम, टाटीसिल्वे, गंगाघाट, मुरी, सिल्ली और पिस्का स्टेशन के उन्नयन कार्य की जानकारी ली। इस दौरान रांची रेलवे स्टेशन पर चल रहे उन्नयन कार्य का अवलोकन किया और दिशा-निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में नगड़ी, नयासराय, हटिया पुलिस मुख्यालय के समीप निर्माणाधीन आरओबी की गति प्रगति की रिपोर्ट और नामकुम अंडरपास पर चर्चा हुई। केतारी बगान ओवरब्रिज निर्माण को लेकर हुई कार्रवाई, सिरमटोली फ्लाई ओवर निर्माण में आ रही समस्या और उसके समाधान पर भी बातचीत हुई। मंत्री ने सिल्ली में बांसारूली के समीप बनने वाले अंडर पास पर चर्चा और इलू रेल लाइन के प्रस्ताव पर हुई गति प्रगति की जानकारी ली। रेलवे जंक्शन मुरी से बिसरिया गांव तक सड़क निर्माण की दिशा में अब तक हुई कार्रवाई पर चर्चा की गयी।इसमें तेजी लाने का निर्देश मंत्री ने दिया। कडरू, सेंबरटोली के समीप अंडरपास निर्माण के दौरान रास्ता बंद होने से आदिवासी परिवारों को हो रही समस्या पर चर्चा करते इसका समाधान करने को डीआरएम, रांची रेल मंडल को कहा गया। इस मौके पर हटिया विधायक नवीन जायसवाल और मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा सहित अन्य भी मौजूद थे।

# रांची जिला कराटे चैंपियनशिप का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**राँची :** रांची जिला कराटे चैंपियनशिप का आयोजन गोजू रैयू कराटे डी एसोसिएशन रांची के द्वारा 15वीं रांची जिला गोजू यू कराटे चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किशोर स्कूल बरगवां नागपुर मे किया गया.

इस संबंध में जानकारी देते हुए रांची जिला सचिव संदीप कुमार ने कहा कि एक एक दिवसीय चलने वाली इस प्रतियोगिता में रांची के विभिन्न स्कूलों एवं क्लब के 250 खिलाड़ी भाग ले रहे है. प्रतियोगिता में अंदर 14 अंदर 17 और हर ग्रुप के प्रतियोगी भाग ले रहे हैं. इस प्रतियोगिता में कुल 157 पदक गांव में लगे होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टाटा स्टील के कराटे के मुख्य कोच एल नागेश्वर राव और प्रिन्सपल कैंम्ब्रीयन पब्लिक स्कूल शिवेश कुमार,विशिष्ट अतिथि रांची जिला कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश कुमार महतो,सचिव संदीप कुमार,उपाध्यक्ष शहजाद कुरैशी मौजूद थे.



इस मौके पर रांची कराटे एसोसिएशन के सदस्य नितेश, शिव, अजय, स्वाति,अभिषेक समेत कई लोग मौजूद थे।

# मोबाइल से बात करते हुए युवती ने बिल्डिंग से लगाई छलांग, मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के बडी मस्जिद के पास रहने वाली सना नामक युवती रविवार की सुबह घर के चौथे फ्लोर से कूद कर जान दे दी। कोतवाली डीएसपी ने बताया कि प्रेम प्रसंग को लेकर उसने यह कदम उठाया गया । जिस युवक से प्रेम करती थी उस युवक को हिरासत में लिया गया है, बता रहा है कि करीब चार पांच साल से यह सिलसिला जारी था। इस मामले हिंदपीढ़ी थाना में सना के परिजन ने मामला दर्ज कराया है। तब पुलिस ने प्रेमी जावेद को हिरासत में ले लिया है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है। परिजनों का आरोप है कि प्रेमी जावेद ने ही उसे ऐसा करने के लिए भड़काया है। सना परवीन और जावेद नाम के युवक से लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। मेन रोड में ही पार्लर का काम सीखने जाती थी। बताया यह भी जा रहा है कि जावेद सना के साथ मारपीट भी की थी। जिससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से उसे घर लाया गया। शनिवार की रात को दिन की घटना की जानकारी घरवालों को दी और मां से इस बारे में जावेद के परिजनों से बात करने की बात कही। तब मां ने कहा कि सुबह बात करेंगे। इस बीच रात में जावेद और सना की बात हो रही थी। आपसी झगडे में उसने अहले सुबह पांच बजे के करीब छत से छलांग लगा दी। प्रेमी ही अस्पताल लेकर गया परिजनों के मुताबिक जब सना ने छलांग लगाई तो पास के लोगों ने घर में इसकी जानकारी दी। इसके बाद जब हम बाहर गए तो जावेद वहीं खडा था। उसने ही सना का उठा कर अंजुमन अस्पताल ले गया। जहां डॉक्टरों ने सना को मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता के अनुसार जावेद शनिवार को भी बेटी के साथ मारपीट किया और अस्पताल में इलाज कराया और रविवार को सुबह जब बेटी छत से कूदी तो जावेद वहीं पर खड़ा था वहीं अंजुमन अस्पताल ले गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जावेद और उसकी मां को भी सजा मिलनी चाहिए उसकी मां ही बेटा का ऐसा करने के लिए उकसाती रहती थी।

# मुख्यमंत्री दो जुलाई को 1500 करोड़ की परियोजनाओं का करेंगे शिलान्यास-उद्घाटन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन दो जुलाई को राज्यवासियों को 1500 करोड की योजनाओं की सौगात देंगे। इस अवसर पर जल संसाधन, पथ निर्माण विभाग व भवन निर्माण मंत्री बसंत सोरेन भी उपस्थित रहेंगे। उप राजधानी दुमका से योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन होगा। इसका सबसे अधिक लाभ संथाल के सभी छह जिलों को मिलेगा। इस दौरान कई महत्वपूर्ण सडक-पुल व प्रखंड भवन सहित सिंचाई परियोजनाओं की सौगात मिलेगी। इनमें कई नई योजनाएं भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री के इस कार्यक्रम को देखते हुए तीनों विभाग तैयारी कर रहे हैं। संबंधित जिला प्रशासन को भी इस संबंध में दिशा-निर्देश दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि झारखंड हाई कोर्ट ने बरियातू बूटी रोड स्थित जेनेटिक अस्पताल में बकाया बिल जमा नहीं करने पर नवजात की मां (महिला मरीज) को बंधक बनाये जाने को गंभीरता लेते हुए जांच के आदेश दिये हैं। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय व जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ ने स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को जवाब देने का निर्देश दिया।

## आरपीएफ ने एक नाबालिग को बचाया

**रांची :** रेलवे सुरक्षा बल( आरपीएफ) ने रांची रेलवे स्टेशन फूड प्लाजा के पास एकनाबालिग को बचाया है।आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी दिगंजय शर्मा ने रविवार को बताया कि आरपीएफ पोस्ट रांची और नन्हे फरिश्ते टीम के जरिये ऑपरेशन नन्हें फरिश्ते के तहत जांच के दौरान फूड प्लाजा के पास एक नाबालिग लड़की को देखा गया। उसे डरा सहमा देख उससे कारण पूछा गया तो वो ठीक से जवाब नहीं दे पाई । बाद में तमाम औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद उसे सीडब्ल्यूसी रांची के समक्ष पेश किया गया और फिर सीडब्ल्यूसी के आदेशानुसार प्रेमाश्रय रांची को सौंप दिया गया।

# महिला मरीज को बंधक बनाने के मामले में जेनेटिक अस्पताल के डायरेक्टर सहित अन्य पर मामला दर्ज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राजधानी के जेनेटिक अस्पताल में मरीज को बंधक बनाकर रखने के मामले में अस्पताल के डायरेक्टर मनोज अग्रवाल समेत अन्य के खिलाफ रंगदारी मांगने, बंधक बनाने, गाली-गलौच करने, जातिसूचक गाली देने सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। खूंटी निवासी मंगलू सिंह की शिकायत पर सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि मंगलू की पत्नी सुनीता कुमारी को खूंटी सदर अस्पताल से रिम्स रेफर किया गया। रांची पहुंचने के बाद एक अज्ञात ऑटो वाला रिम्स में सही इलाज नहीं होने का हवाला देते हुए पत्नी को जेनेटिक अस्पताल ले गया, जहां ऑपरेशन करने की बात कही गई। जेनेटिक अस्पताल की तरफ से दवाई का खर्चा छोड़ 1.2 लाख रुपये का खर्च बताया गया। 28 मई को 90 हजार रुपये जमा किये। ऑपरेशन के बाद 31 मई को 30 हजार, तीन जून को 50 हजार जमा कराया। साथ ही दवा के खर्च के रूप में 34 हजार रुपये अलग से दिये। मंगलू के मुताबिक, जब उसने पत्नी और बच्चे को छोड़ने के लिए कहा तो जेनेटिक अस्पताल के राजा खान व डायरेक्टर मनोज अग्रवाल ने उसे धमकी देते हुए रंगदारी के तौर पर एक लाख 60 हजार रुपये देने की बात कही। यह भी कहा कि जब पैसे मिलेंगे तब पत्नी व बच्चा को छोड़ेंगे। जब वह रोने लगा तो बच्चे को घर ले जाने के लिए दे दिया लेकिन पत्नी को बंधक बनाकर अस्पताल में रख लिया। जब भी वह पत्नी से मिलने अस्पताल जाता था तो राजा खान उसे जातिसूचक गाली देते हुए भगा देता था। मंगलू जब डायरेक्ट मनोज अग्रवाल के पास गया तो पीछे से राजा खान भी वहां पहुंच गया। फिर गाली देते हुए कहा कि एक लाख 60 हजार रुपये नहीं दोगे तो तुम्हारी पत्नी को जाने नहीं देंगे। अस्पताल में तुम्हारी पत्नी से झाड़ू-पोछा करवाकर पैसे वसूल करेंगे। बाद में उसकी शिकायत पर सीआइडी की टीम अस्पताल आयी और बच्चे को छुड़वाया। हॉस्पिटल से मुक्त होने के बाद सुनीता ने कहा कि उसे जनरल वार्ड में रखा गया था। साथ ही पैसा मंगवाने के लिए गलत व्यवहार किया जाता था।

# सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने हेमंत सोरेन से की मुलाकात



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सीपीआई के राष्ट्रीय महासचिव कॉमरेड डी राजा, पी के पांडेय,महेंद्र पाठक अजय सिंह, केडी सिंह कलम रशीदी पुष्कर महतो ने झारखंड के पूर्व मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन के बेल पर जेल से 5 महीने के बाद बाहर आने पर मिलकर हेमंत सोरेन से मुलाकात कर शुभकामना दी और कहा की संविधान और सच्चाई की जीत हुई है,भाजपा के मंसूबों पर चोट हुई है।हेमंत सोरेन के बाहर आने से इंडिया ब्लॉक मजबूत हुआ है और आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए एकजुट होकर चुनाव लडने का संकल्प ले।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत से मिलकर भाजपा हटाओ का लिया संकल्प

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन को हाई कोर्ट से बेल मिलने के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की , बुके दिया और उनका स्वागत किया। इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची महानगर के पूर्व प्रवक्ता जितेंद्र गुप्ता ने कहा कि हमारे नेता को जेल से रिहाई हो गई है, अब झारखंड से भाजपा की सफाई जरूरी है , हम लोग आज से ही झारखंड से भाजपा हटाओ अभियान में लग चुके हैं , हूल दिवस है और हमलोग भाजपा हटाओ उलगुलान शुरू करने जा रहे हैं। इस मौके पर झारखंड



मुक्ति मोर्चा के जितेंद्र गुप्ता,अजित नायक, गुप्ता ,आयुष राज वर्मा ,फैयाज सहित कई कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# रांची प्रेस क्लब में लगा हेल्थ कैंप, 58 लोगों ने ली सलाह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** डॉक्टर्स डे के एक दिन पहले रविवार को रांची प्रेस क्लब में पत्रकार सदस्यों के लिए एक दिवसीय हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। हेल्थ कैंप में अपोलो क्लिनिक के अलग-अलग विभागों के कुल छह डॉक्टरों ने 58 पत्रकारों के स्वास्थ्य की जांच कर उनको दवा की सलाह दी। हेल्थ कैंप में शामिल होने वाले डॉक्टरों में डॉ. रेशमा सिंह,



डॉ. निभा एन. कुमार, डॉ. सोनू कुमार, डॉ. रवि रौशन, डॉ. जावेद, स्किन ब्लीस क्लिनिक की डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. नेहा रानी और डॉयटिशियन विजेता कुमारी शामिल थी। क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन , हेल्थ कैंप में सचिव अमरकांत, सह सचिव रतन लाल, कार्यकारिणी सदस्य सह हेल्थ कमेटी हेड सौरभ शुक्ला, आलोक कुमार, संजय सुमन, विजय मिश्रा, चंदन भट्टाचार्य, मोनू कुमार आदि मौजूद थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




# हूल क्रांति दिवस धूमधाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नामकुम :** आजसू पार्टी खिजरी विधान सभा अंतर्गत खभावन में हूल क्रांति दिवस'' के अवसर पर संथाल हूल के अमर नायक सिद्धू-कान्हू ,निलमबर - पिताबर, एवं चांद -भैरव की प्रतिमा पर माल्यापर्ण एव श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए।

इस अवसर पर आजसू पार्टी रांची जिला वरीय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने कहा कि झारखंड के महान सपूत सिद्धू-कान्हू,निलबर-पिताबर एवं चांद-भैरव ने 150 वर्ष पूर्व अंग्रेजों के शोषण एवं अत्याचार के खिलाफ स्वाभिमान एवं आत्मसम्मान के लिए संघर्ष का बिगुल फूंका था। यह आंदोलन 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन की पृष्ठभूमि थी। यह सबसे अधिक संगठित और सशक्त आंदोलन था जिसमें संथाली अपनी मातृभूमि की खातिर कुर्बान होने को तैयार हो गए। एक छोटे से गांव से शुरू हुये हूल से पूरे संथाल में ऊर्जा का संचार हुआ, जिसे तत्कालीन अंग्रेज सरकार की नींद उड़ा दी थी।

आज के दिन हम झारखंडवासियों को उन महान सपूतों के त्याग बलिदान से प्रेरणा लेकर झारखंड राज्य को विकास के पथ पर आगे बढ़ाते हुए समृद्ध एवं विकसित राज्य बनाने का संकल्प लेना होगा।

इस अवसर पर आजसू पार्टी के केन्द्रीय सदस्य संजीव सिंह,सोहराई बेदिया,सरना समिति गेतलसूद के अध्यक्ष अजय जी, एवं ग्रामीण लोग उपस्थित थे।

# हूल दिवस पर झामुमो जिला अध्यक्ष जुबेर अहमद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विधानसभा चुनाव जीतने का लिया संकल्प



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झामुमो जिला समिति द्वारा रविवार को स्थानीय डाक बंगला परिसर में हूल दिवस मनाया गया। जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद के नेतृत्व में आयोजित हूल दिवस कार्यक्रम में उपस्थित झामुमो कार्यकर्ताओं ने अमर बलिदानी सिद्धू कान्हू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर देश प्रेम के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले वीर सिद्धू कान्हू के जीवन से प्रेरणा लेते हुए झामुमो कार्यकर्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव में जिला के खूंटी और तोरपा विधानसभा सीट में जीत हासिल करने और राज्य को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने का संकल्प लिया। मौके पर विभिन्न दलों के अनेक कार्यकर्ताओं ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। झामुमो में शामिल होने वाले लोगों का जिलाध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। कार्यक्रम में केंद्रीय समिति सदस्य मकसूद अंसारी, सुशील पहान, सुदीप गुड़िया, स्नेहलता कंडुलना, सचिव गुलशन सिंह मुंडा, विजय संगा, डेविड हमसोय, प्रकाश नाग, विनोद संगा, बुधवा संगा, राहुल केशरी, नोतरन पूर्ति, सुशांति कंडुलना, शिशिर टोपनो, आनंद तसिया आईद, प्रतिमा तिडू, सुषमा तिडू, दिलवर मुंडू, शंकर सिंह मुंडा, महेंद्र सिंह मुंडा, आलोक डुंगडुंग, मो समीम, शेख फिरोज, महादेव मुंडा, सोनाराम यादव, सुलेगा मुंडू, सूर्या मुंडा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के सचिव ने केन्द्रीय मंत्री सह रांची सांसद को सौंपा ज्ञापन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गणेश स्पोर्टिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने भारत सरकार के रक्षा राज्य मंत्री सह रांची सांसद संजय सेठ से रांची में औपचारिक मुलाकात कर उन्हें केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री बनने की बधाई दी।साथ ही राय पंचायत के अंबेडकर मैदान राय को स्टेडियम बनाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।उन्होंने सांसद को बताया कि खलारी पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र से लगभग 40 से अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय खेल में शामिल हो चुके हैं एवं इस क्षेत्र के कई खिलाड़ी मेडल जीतकर अपने जिला एवं राज्य का नाम रौशन कर चुके हैं।यदि इस खेल मैदान मे चारों ओर बाउंड्री (दीवार) एवं स्टेज का निर्माण होता है तो यहां के खिलाड़ी भी अंतरराष्ट्रीय स्तर में मेडल जीतकर अपने देश का नाम रौशन करेंगे।समस्या सुनने के बाद सांसद संजय सेठ ने इस खेल मैदान को जल्द से जल्द सुंदरीकरण कराने का आश्वासन दिया।

## हूल दिवस के अवसर पर एक्यूप्रेशर पखवाडा का आयोजन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक्यूप्रेशर परिसर झारखंड शाखा टाटीसिलवे रांची के द्वारा आज हुल दिवस के शुभ अवसर पर एक्यूप्रेशर पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री माननीय संजय सेठ के आवास पर माननीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ एवं एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव



डॉक्टर मधुसूदन पांडे के द्वारा किया गया ।इस अवसर पर केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ ने आम जनमानस को एक्यूप्रेशर अपनाने एवं इसके विकास के लिए हर संभव प्रयास करने तथा हर समय तैयार रहूंगा एक्यूप्रेशर परिषद प्रदेश सचिव डॉ मधुसूदन पांडे ने कहा कि एक्यूप्रेशर भारतीय चिकित्सा पद्धति है, इससे जटिल से जटिल बीमारियों का इलाज किया जा सकता है। यह स्वयं स्वस्थ रहने की कला है। हमारे यहां इसका परीक्षण और चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध है। इसका प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार उत्पन्न किया जा सकता है ।इस अवसर पर पांच सूत्री मांग पत्र माननीय केंद्रीय राज्य रक्षा मंत्री को दिया गया ।इस अवसर पर 50 रोगियों का इलाज जो कमर दर्द ,घुटने दर्द, सर्वाइकल ,पेट दर्द ,आंख , नाक शुगर ,बीपी इत्यादि कई एक बीमारियों के थे ।शिविर का संचालन डॉक्टर बलराम महतो ने किया ।इस अवसर पर डॉक्टर ललिता कुमारी, डॉक्टर महेश प्रजापति, डॉक्टर जगन्नाथ माली, राजेश मिश्रा ,सोनू ठाकुर, अजय महतो, राजेश यादव, उमेश बड़ाइक, कइ गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## दो कार मे हुई जोरदार टक्कर मे कोयला कारोबारी घायल



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के इंडिया रिजर्व बटालियन आईआरबी थ्री के पिपरवार कैम्प के पास शनिवार की रात दो कार के बीच हुई जोरदार टक्कर मे एक कोयला कारोबारी घायल हो गया।घायल व्यक्ति की पहचान बंसत विहार बचरा निवासी अभय सिंह के रूप मे की गई है।वह पिपरवार मे कोयला लिफ्टर का काम करता है।घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार कोयला कारोबारी अभय सिंह अपने काम से अपने आवास कार संख्या जेएच 01ईक्यु-7163 से लौट रहा था,इसी बीच आईआरबी थ्री के पिपरवार कैम्प के पास विपरीत दिशा से जा रही टंडवा प्रखण्ड के तेलियाडीह निवासी भोला साव की कार संख्या जेएच 02 बीएच-3062 के बीच दोनो कार की जोरदार टक्कर हो गई।इस घटना मे अभय सिंह घायल हो गया।घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणो की मदद से घायल को बचरा क्षेत्रिय अस्पताल लाया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल अभय सिंह को बेहतर ईलाज के लिए रांची रेफर कर दिया।वही दुसरे कार से भी कुछ लोगो के घायल होने की सूचना है।घटना की सूचना पाकर पिपरवार पुलिस अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली।वही घटनास्थल पर जाकर दोनो कार को जब्त कर आगे की कारवाई शुरु कर दी।इधर घटना की सूचना पाकर बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी और व्यवसायिक संघ बचरा के सचिव रविन्द्र सिंह सहित कई स्थानीय लोग भी मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली।पिपरवार पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पेंशनर समाज ईटकी इकाई की बैठक सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईटकी :** रविवार को झारखंड राज्य पेंशनर समाज,इटकी इंकाई की आयोजित बैठक में अनेक निर्णय लिये गये,जिसमें पेशनरों के बेसिक पेंशन में पच्चास प्रतिशत मंहगाई भत्ते को जोड़ने,रेलवे यात्रा में पूर्व की भांति सिनीयर सिटिजन्स को रियायत देने एवं कोरोना काल में रोके गये ग्यारह प्रतिशत मंहगायी भत्ते की राशि को विमुक्त करने ,इटकी पेंशनर समाज इंकाई के लिए इटकी में एक पेंशनर भवन का निर्माण कराने तथा जन सुविधा के तहत इटकी टीबी सैनेटोरियम परिसर में बने कोविड वार्ड को जेनरल अस्पताल के रूप में परिवर्तित की माग सरकार से की गयी. इस संवंध में शीघ्र स्थानीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की एवं नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत से मिलकर एक ज्ञापन सौंपने का निर्णय भी लिया गया.बैठक में मुश्ताक अहमद,तस्मीन अहमद,विनोद सिन्हा,किशोर गोप,मो. सज्जाद,मोनिका कोनगाड़ी,क्रिशटिना बाड़ा,मो. शरीफ, अलीहसन,तैयब अली, इजाजूल हक सहित दर्जनों पेंशनर शामिल थे.

# बचरा बिशुझापा कॉलोनी मे युवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार के बचरा बिशुझापा कॉलोनी एंव बाजारटांड़ मे युवको के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सफाई अभियान चलाया गया।इस दौरान युवकों की टोली ने घूम घूमकर अपने घर के आस-पास के इलाकों की साफ सफाई किया और गंदगी को हटाया।इस संबंध में सफाई अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं समाजसेवी उमेश मेहता ने बताया कि बचरा बिशुझापा कॉलोनी में गंदगी का अंबार रहने से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।वर्तमान में पूरे सीसीएल में स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा रहा है। जिसके तहत लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।इसी अभियान के तहत युवकों की टोली ने अपने घर एवं आसपास के इलाकों की साफ सफाई की जिम्मेदारी को उठाया है।इसके तहत युवको ने अपने घर के अगल-बगल जमा कुड़ा कचरा को हटाया और झाड़ु लगाकर साफ सफाई की। उन्होंने कहा कि स्वछता हमारे जीवन के लिए काफी जरूरी है।गंदगी और कूड़े कचरो के अंबार से विभिन्न तरह की बीमारियों की चपेट में लोग आ रहे हैं।इसी को देखते हुए सफाई अभियान चलाते हुए गंदगी को दूर करने का संकल्प लिया गया है।उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से भी स्वच्छता के प्रति जागरूक होते हुए अपने घर और आसपास के इलाको की साफ सफाई करने की अपील की है।इस मौके पर उमेश मेहता,सनी मुंडा,मो.नसीम, मो.साजीद, तलहा अंसारी सहित कई लोग मौजुद थे।

# खेलो इंडिया बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सिल्ली के तीरंदाजों ने कोलकाता में किया बेहतर प्रदर्शन



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ऑल इंडिया इंटर साई आर्चरी चैंपियनशिप कोलकाता में खेलो इंडिया प्रतियोगिता में बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सिल्ली के तीरंदाजो ने बेहतर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के अंतर्गत चार गोल्ड, तीन रजत और एक कांस्य पदक जीतकर तीरंदाजी अकादमी सिल्ली का नाम रोशन किया। बताते चले कि सब जूनियर कंपाउंड में साहिल ने 50 मीटर एकल स्पर्धा में रजत एवं तूही ने कांस्य पदक जीता। जूनियर रिकर्व गर्ल्स में तमन्ना ने एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता तथा सीनियर रिकर्व में दीप्ति ने 70 मी एकल स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया। सब जूनियर रिकर्व में अदया शक्ति ने एकल स्पर्धा में स्वर्ण,मिक्स टीम इवेंट के सब जूनियर कंपाउंड मिक्स टीम में साहिल एवं तूही ने गोल्ड पदक, जूनियर कंपाउंड मिक्स टीम से शालिनी एवं कृष ने रजत पदक, सिनियर रिकर्व मिक्स टीम से अभिषेक और दीप्ति ने गोल्ड पदक जीतकर सिल्ली का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर अकादमी के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो, अध्यक्ष नेहा महतो तथा रांची जिला के सचिव चंचल भट्टाचार्य साथ ही साथ अकादमी और रांची के तमाम पदाधिकारियों ने बधाइयां दी।

# खूंटी जिले में खून की कमी को दूर करने में जिला चैता महासमिति ने अपना योगदान दिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** जिले में ब्लड की कमी को दूर करने और लोगों में रक्तदान के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से सेवा वेलफेयर सोसाईटी ने समुदाय के साथ मिलकर इस समस्या का सामाधान करने के लिए एक अभियान प्रारंभ किया है। इस अभियान से प्रभावित होकर खूंटी जिला चैता महासमिति के सदस्यों ने रक्तदान करने का निर्णय लिया। जिसके आलोक में चैता महासमिति के प्रबुद्ध सदस्यों ने सेवा वेलफेयर सोसाईटी की मध्यस्तता में ब्लड बैंक, सदर अस्पताल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें समिति के 14 सदस्यों ने रक्तदान किया। शिविर का उदघाटन डीसी लोकेश मिश्रा के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने की।

मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि अब जिले में किसी को खून की कमी के कारण मरने नहीं देंगे। खूंटी जिला चैता महासमिति व सेवा वेलफेयर सोसाईटी के इस कार्य की उन्होंने प्रसंसा की। सीएस ने कहा कि खूंटी में जितनी खून की आवश्यकता है, उसके अनुपात में खून नहीं होता है। कारण है कि यहां रक्तदान को लेकर लोगों में जागरूकता की कमी है।

लेकिन अब जागरूकता अभियान चलाने के साथ रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, उम्मीद है कि जल्द ही खूंटी से खून की कमी दूर हो जाएगी। ब्लड बैंक की प्रभारी डॉ वीनू वंदना का मानना है कि खूंटी में जागरुकता के अभाव में लोग ब्लड डोनेट नहीं करते। जबकि जिले में लगातार मरीजों के लिए खून की जरूरतें बढ़ती ही जा रही है। थैलेसीमिया व सिकल सेल मरीजों व गर्भवती महिलाओं के लिए खून की आवश्यकता बढ़ रही है, जिसे ब्लड डोनेशन कैंप लगाकर व लोगों को जागरूक कर दूर किया जा सकता है। विधायक प्रतिनिधि काशीनाथ महतो ने युवाओं से प्रार्थना किया है कि वे रक्तदान करें। उन्होंने कहा कि खूंटी में खून की काफी कमी है। चैता महासमिति को उन्होंने इस सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि चैता महासमिति की तरह ही अन्य संस्थाओं व संगठनों को इस अभियान से जुड़कर रक्तदान करना चाहिए। जिला चैता महासमिति के सुशील राय ने कहा कि जिले में खून की कमी को देखते हुए चैता महासमिति के सदस्यों की संवेदना जागी और महासमिति ने रक्तदान करने का निर्णय लिया। कोई अगर खून की कमी से मरता है, तो यह समाज के लोगों के लिए बड़ा सवाल बन जाता है। इस कारण सामाजिक दायित्वों का निर्वहण करते हुए हम रक्तदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हर युवा को साल में दो बार रक्तदान करना चाहिए। शिविर को सफल बनाने में चैता महासमिति के कंचन सिंह, कौशल कुमार, सुभाष चंद्र गुप्ता, संजय कुमार सिंह, ब्रजेश कुमार सिंह, रंजय सिंह, सुशील राय, सदर अस्पताल के संतोष कुमार सिंह, ब्लड बैंक के अनूज झा, सुजीत नाग, पूनम भेंगरा, सुशांत कुमार, सुनीता देवी समेत सेवा वेलफेयर सोसाईटी के सदस्यों ने अपना योगदान दिया। इन लोगों ने किया रक्तदान अजय कुमार, कौशल कुमार, रामजय सिंह, मयंक शरण, कंचन कुमार सिंह, सुभाष चंद्र गुप्ता, उत्तम कुमार, हिमांशु कुमार, अभिषेक भूषण, धनंजय कुमार, दयानाथ राय, प्रमोद कुमार, एमके सिंह व अभिषेक भूषण के नाम शामिल हैं।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## पटमदा के नक्सल प्रभावित मेघादह में मनाया गया हूल दिवस

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पश्चिम बंगाल सीमा से सटे पटमदा के नक्सल प्रभावित झुंझका टोला मेघादह में रविवार को हूल दिवस मनाया गया। इस मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों ने वीर शहीद सिदो-कान्हू की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं सखुआ की डाली स्थापित कर पूजा -अर्चना की। इस दौरान संथाल समुदाय के लोगों ने पारंपरिक वाद्य यंत्र के साथ उत्सव की तरह मनाया। नायके बाबा (पुजारी) श्रावण मुर्मू ने विधिवत पूजा करते हुए ग्रामीणों के बीच प्रसाद का वितरण भी किया। बतौर मुख्य अतिथि पटमदा के विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर टुडू ने कहा कि राज्य की चंपाई सोरेन सरकार शहीदों के सपनों झारखंड बनाने की दिशा में कार्य कर रही है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर घोषणा किया कि अगले वर्ष तक विधायक मगंल कालिंदी की विधायक निधि से मेघादह चौक पर सिदो -कान्हू की मूर्ति लगाई जाएगी। मौके पर उन्होंने सैकड़ों लोगों के बीच टीशर्ट का वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से जनदन सोरेन, संजय टुडू, सिंगराई मुर्मू, काशीनाथ मुर्मू, राजाराम सोरेन, सुभाष सोरेन, बासिया टुडू, वैद्यनाथ टुडू, राजेश मांडी, समच मांडी, संजय टुडू व स्वपन कुमार महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा।



## सुरभि शाखा का तुलसी भवन में उन्नति फेस्टिवल मेला आज से

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा तीन दिवसीय 1 से 3 जुलाई तक उन्नति फेस्टिवल मेला (प्रदर्शनी सह बिक्री) का आयोजन तुलसी भवन बिष्टुपुर में किया जा रहा है। तीनों दिन मेला सुबह 10 से रात 9 बजे तक चलेगा। यह जानकारी सुरभि शाखा अध्यक्ष कविता अग्रवाल, सचिव पूजा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पायल अग्रवाल, कार्यक्रम संयोजिका संजना अग्रवाल एवं खुशबू कांवटिया ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी। इस मेला में एक ही छत के नीचे कुर्ती, साड़ी, गिफ्ट आइटम, चादर, बांदरवाल, लड्डू गोपाल की पोशाक, ज्वेलरी, हाथ के बने हुए मंगोड़ी, पापड़, अचार उचित मूल्य में प्राप्त होगा। साथ ही समय की बचत भी होगी। इसे सफल बनाने में सुरभि शाखा की सभी महिलाएं लगी हुई हैं।

## अनाथ बेटी की शादी में मदद को आगे आए लोग

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड की महुलबना पंचायत अंतर्गत सुंदरपुर गांव निवासी अनाथ लड़की बेदनी सिंह की शादी में रविवार को जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन व ग्रामीणों द्वारा मदद की गई। यहां उनके घर पहुंचे बुद्धिजीवी मंच पटमदा के अध्यक्ष गोपाल कुमार ने बताया कि बेदनी सिंह व आदरी सिंह दो बहनें हैं और बचपन में ही पहले मां की बीमारी से मौत हो गई जबकि उसके कुछ वर्षों बाद पिता की मौत हुई थी। उसका एक छोटा भाई था जो करीब 5 साल पहले घर से लापता हो गया है। घर में दोनों बहनें ही रहती है। बड़ी बहन बेदनी की शादी पटमदा के ही घोड़ाबांधा गांव में हो रही है। उन्होंने बताया कि बुद्धिजीवी मंच और अमृत ग्राम विकास की ओर से 5 हजार रुपए की मदद दी गई। मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान नरेन सिंह ने बताया कि स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी की ओर से 5 हजार, समाजसेवी डॉ. माधव चंद्र महतो की ओर से टेंट एवं गांव के अन्य लोगों तथा रिश्तेदारों की मदद से ही गरीब बेदनी के हाथ पीले हो रहे हैं। बेदनी का कन्यादान पड़ोस के चाचा भवतारण सिंह करेंगे जबकि मदद में अभिमन्यु सिंह व बृंदावन सिंह आदि सराहनीय योगदान दे रहे हैं।



## माकुलाकोचा के सेवानिवृत्त शिक्षक को दी गई विदाई

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चांडिल प्रखंड के नव प्राथमिक विद्यालय माकुलाकोचा के सहायक शिक्षक क्रिटी भूषण कुम्भकार की सेवानिवृत्ति पर रविवार को दलमा के माकुलाकोचा एजुकेसन रिसार्च केंद्र में शिक्षको की ओर से सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक को पुष्पगुच्छ चादर व पाग पहनाकर सम्मानित किया गया। इस दौरान चांडिल सहायक शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष रंजीत प्रामाणिक ने कहा कि बच्चों के प्रति उनका लगाव समय पालन तथा अनुशासन के साथ-साथ शिक्षण व्यवस्था में इनके द्वारा किए गए सुधार को भुलाया नहीं जा सकता। सेवानिवृत्ति शिक्षक क्रिटी किम्भकार ने कहा की अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए बच्चे के चौमुखी विकास में सहायक बताया। मौके पर सहायक शिक्षक अर्जुन महतो, जगबंधु महतो, गिडू राम मुर्मू, श्यामा लायक सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



## हूल क्रांति दिवस पर सिद्धो कान्हू के मूर्ति पर किया गया माल्यार्पण

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में हूल दिवस धुमधाम से मनाया गया। सिद्धू कान्हू के मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। गौरांगकोचा के ब्लॉक मोड़ पर सिद्धू-कान्हू के मूर्ति पर समाजसेवियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। वहीं सिद्धु कान्हू ,चांद, भैरव की विरता की गाथा पर प्रकाश डाला गया। मौके पर समाज सेवी भूषण चन्द्र मुर्मू, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, नायके बाबा धनेश्वर मुर्मू, पंसस तीलक उरांव ग्राम प्रधान कालीराम मांझी, सुभाष दत्ता आदि उपस्थित थे।



# जमशेदपुर औद्योगिक शहर की कंपनियां नए न्यूनतम मजदूरी कानून का करें पालन : डॉ अजय कुमार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य और जमशेदपुर के पूर्व सांसद एवं आईपीएस डॉ अजय कुमार ने रविवार को होटल एशियन इन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया, जहां उन्होंने न्यूनतम मजदूरी का मुद्दा उठाया, जिसे झारखंड सरकार ने इस साल मार्च में लागू किया है।डॉ. अजय ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा बढ़ती हुई महंगाई को देखते हुई श्रमिको की न्यूनतम मजदूरी में बढोतरी संबंधी अधिसूचना 11 मार्च 2024 को जारी करने के साथ ही प्रदेश में इसको लागू कर दिया गया था। डॉ अजय ने कहा कि इस अधिनियम के अनुसार राज्य के 90 उद्योग को दो श्रेणी में बांटा गया है। वहीं जमशेदपुर औद्योगिक शहर को श्रेणी ए 1 मे रखा गया है। इस नियम के अनुसार अकुशल श्रमिको की मजदूरी 352 रूपये से बढ़ाकर 468 रूपये, अर्द्ध कुशल की 369 रूपये से बढ़ाकर 491 रूपये, कुशल लिपिक की 486 रूपये से बढ़ाकर 647 रूपये और अति कुशल की 562 रूपये से बढ़ाकर 746 रूपये की गई है।डॉ. अजय ने कहा कि इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री चंपई से बात कर इसपर नजर रखी जानी चाहिए। छोटे और बड़े व्यापारिक संगठन, उद्योग, कंपनियाँ इस नए न्यूनतम वेतन कानून का पालन करें। जो नए न्यूनतम वेतन कानूनों का पालन नहीं कर रहे हैं, उन्हें निर्देश दिया जाना चाहिए कि वे तुरंत हमारे मजदूरों को नए न्यूनतम मजदूरी अधिसूचना के अनुसार न्यूनतम मजदूरी देना शुरू करें। उन्होंने कहा कि अगर हमारे मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी नहीं मिल रही है तो ऐसे में मजदूर अपने एरिया के लेबर कमिश्नर ऑफिस में लिखित शिकायत कर सकते हैं।




## भाजपा सोनारी के प्रत्येक कार्यकर्ता घर के सामने माँ के नाम से लगाएंगे एक पौधा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार को भाजपा सोनारी मंडल में अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार की अध्यक्षता में प्रदेश एवं जिला द्वारा निर्देशित आयोजित बैठक में आगामी कार्यक्रम हेतु चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश मंत्री नन्दीजी प्रसाद एवं मंडल प्रभारी अंजन सरकार, पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह की उपस्थिति में सोनारी सबुज संघ सभागार में बैठक संपन्न हुई।मंडल कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री नन्दीजी प्रसाद ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने अपने घरों में अपनी मां के नाम से पौधा लगाएं। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार रहने की अपील की। उन्होंने वोटर लिस्ट में छूटे हुए वोटरों का नाम जोड़ने की बात कही। मंडल प्रभारी अंजन सरकार ने कहा कि बूथ मजबूत होगा तभी देश मजबूत होगा। बैठक में सोनु ठाकुर, पूरण वर्मा, विरेंद्र प्रताप सिंह, महावीर सिंह, रवि ठाकुर, नारायण प्रसाद, किशोर साहू, संजय रजक, सतेन्द्र सिंह यादव, दिपक घोष, कृष्णा यादव,राहुल भट्टाचार्य, राहुल सिंह, शंकर सिंह, रास बिहारी प्रसाद, सुजीत आदित्य, विकास साहू, उज्जवल सिंह,रमेश प्रसाद साहू, सुखदेवसिंह, आशिष जयसवाल, काजल मुखर्जी, गणेश मलहोत्रा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## हूल दिवस पर आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में शामिल हुए विधायक मंगल कालिंदी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने रविवार को बोड़ाम प्रखंड के सासांगडीह में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान विधायक ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए हौसला अफजाई की।इस दौरान उन्होंने सासांगडीह स्थित ब्रिटिश सत्ता, साहूकारों, व्यापारियों व जमींदारों के खिलाफ 1855 में संथाल विद्रोह (हूल आंदोलन ) का नेतृत्व करने वाले सिदो - कान्हू और डिमूडीह में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि छुटुलाल हांसदा, झामुमो नेता माणिक महतो, जलन मार्डी, काजल सिंह, विनय मंडल, गोपाल महतो व जलधर महतो आदि शामिल थे।

## भाजपा नेता विमल बैठा ने कार्यकर्ताओं के साथ पटमदा में सिद्धो-कान्हू को दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** 30 जून को आदिवासियों की शौर्य गाथा और बलिदान को याद करने के लिए महान स्वतंत्रता सेनानी सिदो- कानू, चांद भैरब अमर रहे, नारों के साथ रविवार को भाजपा पटमदा मंडल अध्यक्ष मंटू चरण दत्त के नेतृत्व में पटमदा में सिदो - कान्हू की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष बबुआ सिंह व प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के उपाध्यक्ष विमल बैठा ने वीर शहीदों की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में जिला कार्यसमिति सदस्य शरत सिंह सरदार, पटमदा प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष कृष्णपद सिंह, महामंत्री इन्द्रनारायण महतो, उपाध्यक्ष प्राणकृष्ण महतो, बिमल मंडल, श्रीमंत महतो, कृष्ण चंद्र महतो, बिमल कैवर्त, मंगल सिंह, चन्दन सिंह, सुभाष माहली, उत्तम दत्त, देवेन्द्र कुंभकार, बिमल रजक व प्रधान प्रमाणिक आदि उपस्थित थे।

## चिलगु में आजसू ने सिद्धो कान्हू की चित्र पर माल्यार्पण कर हुल दिवस मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** हुल दिवस के अवसर पर, सरायकेला जिला के चिलगु स्तिथ आजसू प्रधान कार्यालय में आजसू के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो के नेतृत्व में सिद्धू कान्हू की चित्र पर माल्यार्पण कर हुल दिवस मनाया गया। आजसू नेता व कार्यकर्ताओं ने कान्हू के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। हरेलाल महतो ने कहा की सिद्धू कान्हू आदिवासी महानायक थे। आजसू के प्रखंड अध्यक्ष दुर्योधन गोप ने कहा कि सिद्धू कान्हू चाँद भैरव फूलो झानों ने सामाजिक न्याय, आदिवासियों के अधिकारों के लिए ब्रिटिश सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। इस अबसर पर चांडिल उपध्यक्ष शिब प्रशाद महतो, आजसू महिला नेत्री अमला मुर्मू,आदि मौजूद थे।

## भालूबासा मुखी बस्ती में 286 लोगों ने उठाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार 30 जून को भालूबासा मुखी बस्ती भवन में आयोजित हुए निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर में लगभग 286 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच का लाभ उटाया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में यह शिविर आयोजित हुआ। शिविर को संबोधित करते हुए डॉक्टर अजय कुमार ने कहा कि बस्तियों में इस प्रकार का निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन होते रहेगा। राकेश साहू ने बताया कि कई नेत्र रोगियों का निःशुल्क आंख का ऑपरेशन अगले सप्ताह पूर्णिमा नेत्रालय ले जाकर कराया जाएगा। इस शिविर में सदर अस्पताल एवं दया हॉस्पिटल के प्रोपराइटर मुमतरज अहमद, डॉ राशिद इकबाल, फिजिशियन डॉ मुमताज, फेफड़ा जांच डॉ राहुल सिंह, (रक्तचाप, मधुमेह) दंत चिकित्सा डॉ नाज परवीन, ब्लड प्रेशर डॉक्टर अंकित, शुगर जांच डॉक्टर निशा, वेट जांच डॉ जुलेखा आदि डाक्टर मौजूद थे।



## विभिन्न संगठनों ने सिद्धो-कान्हू और चांद-भैरव को दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** हूल क्रांति दिवस के अवसर पर विभिन्न संगठनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह में अहम भूमिका निभाने वाले सिद्धो-कान्हू और चांद-भैरव को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर वरीय कांग्रेस नेता फुलकान्त झा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बड़ा गम्हरिया बस्ती स्थित सिद्धो-कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वही, राजद कैम्प कार्यालय गम्हरिया में कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित पार्टी के प्रांतीय महासचिव अर्जुन प्रसाद यादव ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इन आंदोलनकारियों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। मौके पर जिला प्रवक्ता मुकेश झा, सुशीता बारीक, श्याम सुन्दर मालाकार, गाजु साव, मो खालिद, बबलू यादव, रामेश्वर सिंह यादव, आशुतोष राणा, आनन्द मंडल, राजीव यादव, राजेंद्र यादव, वासुदेव प्रसाद, जगन्नाथ मिश्रा, पुष्पा सिंह, राजकुमारी सिंह, बबीता पांडेय, इन्दर सिंह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## ओडिसा के समुद्री बीचों पर पॉल्यूशन से आजादी कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** सामाजिक संस्था ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन व निश्चय फाउंडेशन से जुड़े सरायकेला-खरसावां ज़िले के स्वयंसेवको द्वारा ओड़िसा के पूरी स्थित समुद्र के विभिन्न बीचों व पर्यटन स्थलों पर तीन दिवसीय पॉल्युशन से आज़ादी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों के सहयोग से उन पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही, पर्यटकों को स्वच्छ्ता के प्रति जागरूक किया गया। उक्त टीम में संस्था के आकाश महतो, प्रकाश बास्के, इंद्रजीत महतो, सहदेव महतो, प्रवीर दास, प्रकाश मार्डी, सूरज मंडल, सुनील लयांगी के अलावा कई स्वंयसेवक शामिल थे। इस दौरान स्वंयसेवकों द्वारा ओडिसा के पर्यटन स्थलों पर में चिल्का झील, पूरी समुद्र बीच व कोणार्क समुद्र बीच पर जागरूकता अभियान चलाया गया। ग्रीन पेंसिल फाउंडेशन के संस्थापक सैंडी खांडा व निश्चय फाउंडेशन के संस्थापक तरुण कुमार ने बताया कि पर्यावरण बदलाव वर्तमान समय में दुनिया के सबसे प्रमुख मुद्दों में से एक है। आधुनिक होते जीवनशैली में हम ना केवल धरती बल्कि समुद्र को भी प्रदूषित कर रहे है। हमें तेजी से फैलते प्रदूषण पर रोक लगाना होगा।




## खूंटपानी के चेंडेया से जंबुई तक जाने के लिये पहली बार बनेगी सड़क : विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** खूंटपानी प्रखंड के बड़ागुंटिया पंचायत अंतर्गत चेन्डेया गांव से जंबुई तक 2 हजार फिट मिट्टी मुरूम सड़क निर्माण कार्य का विधायक दशरथ गागराई ने नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक दशरथ गागराई ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं कुछ दिन पहले इस गांव पर आकर ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए थे। इस सड़क को अपने विधायक मद से 2 फिट मिट्टी मुरूम डलवा कर सड़क बनवा रहा हूं। उन्होंने कहा कि झामुमो द्वारा दिया गया आश्वासन हमेशा पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि देश आज़ाद होने के बाद पहली बार आज चेन्डेया गांव से जंबुई तक आवागमन की सुविधा ग्रामीणों को मिलेगी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि दुर्गा चरण पड़ेया, ज्योति बोदरा, अमरेश महतो,एवं झामुमो कार्यकर्ता सहित गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।



# नौकरी के नाम पर लाखों की ठगी करने के खिलाफ मामला दर्ज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र में नौकरी के नाम पर लाखों का ठगी करने के मामले में एफआईआर दर्ज किया गया। मिली जानकारी के अनुसार ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सितु निवासी अरूण कुमार गोप से रांची के धोबी घाट ,मसना करमटोली निवासी संजीव कुमार ने नौकरी का झांसा देकर दो लाख रुपए का ठगी कर लिया गया है। संजीव कुमार द्वारा जुलाई से अक्टूबर 2022 में बैंक में नौकरी लगाने के नाम से रूपये एंठ लिया। बताया जा रहा है कि संजीव कुमार ऐसे ही कई लड़कों से नौकरी के नाम पर रूपये ठगी कर लिया है। वहीं वह लड़कों को आज कल करते करते टाल मटोल करते रहा । जब एक वर्ष से अधिक समय बिताने के बाद भी न नौकरी मिली और न ही रूपए वापस किया गया, तो उससे रूपए का मांग करने पर वह टाल मटोल करते रहा। बाद में ईचागढ़ थाना में संजीव कुमार, पिता ज्वाहर प्रसाद यादव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया गया। अरूण कुमार गोप के लिखित आवेदन पर संजीव कुमार के खिलाफ थाना में 406,420 आइपीसी के धारा में मामला दर्ज किया गया। थाना प्रभारी विक्रम आदित्य पांडे ने बताया कि नौकरी का झांसा देकर ठगी करने के खिलाफ बादी के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज किया गया एवं आगे की कार्रवाई किया जा रहा है।



# कुकड़ू एवं ईचागढ़ में विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**तिरुलडीह :** रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला के तत्वाधान में कुकड़ू एवं प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में विधिक जागरूकता सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चांडिल अनुमंडल न्यायालय के एसडीजेएम अमित खन्ना उपस्थित हुए। वहीं, कार्यक्रम में कुकड़ू प्रखंड के प्रभारी बीडीओ कीकू महतो सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कई लोगो को पेंशन, केसीसी ऋण, क्रेडिट लिंकेज चेक वितरन, अबुआ आवास, जॉब कार्ड वितरण, फूलो झानों आशीर्वाद योजना का चेक समेत कई योजनाओं का स्वीकृति पत्र दिया गया। किसानों को पम्प सेट, छात्रों को साइकिल भी दिया गया। इसके अलावे ईचागढ़ सीएचसी के चिकित्सको द्वारा स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया था। कुकड़ू प्रखंड में कुल 2,16,05340 रूपये तथा ईचागढ़ प्रखंड में 2,58,59500 रूपये की परिसम्पतियों का वितरण किया गया। इस दौरान चांडिल अनुमंडल न्यायालय के एसडीजेएम अमित खन्ना एवं बीडीओ कीकू महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए न्यायपालिका और कार्यपालिका का भी जानकारी दिया। मौके पर मौके तिरुलडीह थाना प्रभारी अलम चाँद महतो, आईसीडीएस की सुपरवाइजर कापू हांसदा, सुपरवाइजर संगीता कुमारी, पिएलवीं फागुराम महतो, पिएलवीं बिकास कुमार महतो आदि मौजूद थे।



# कोल वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर मौके पर हुई दो युवकों की मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत सलिमपुर मोड़ के समीप दर्दनाक सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत मौके पर हो गई। बताते चलें कि अज्ञात कोल वाहन ने बाईक चालक को अपनी चपेट में लिया। घटना शनिवार रात की है।दुर्घटना में बाईक सवार दोनों सदर थाना के असढीया गांव का एक सुरेश भुईयां के पुत्र रवि भुईयां 28 वर्ष व दूसरा बभने गांव के बतिसी भारती का पुत्र उपेंद्र भारती 28 वर्ष बताए जा रहा है। इस घटना की जानकारी गिद्धौर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताएं की मौके से मृतकों का शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच किया जा रहा है। तथा मृतक के परिजनों को रात में ही जानकारी दे दी गई है। इनकी पहचान बाईक के रजिस्ट्रेशन नम्बर से मृतक की पहचान किया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक शव को रविवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए मृतक के परिजनों के साथ सदर अस्पताल चतरा भेजा गया है।एवं मृतक उपेंद्र भारती के पिता बत्तीसी भारती के लिखित आवेदन के अनुसार गिद्धौर थाना कांड संख्या 45/24में मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# हाईवा ने मारी पेड़ में टक्कर, चालक सुरक्षित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत बरियातू गांव समीप अनियंत्रित हो कोल वाहन ने पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया।जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। घटना बीते शनिवार की देर रात की है। वहीं चालक को किसी तरह कुछ नहीं हुआ।बताया गया कि कोल वाहन कटकमसांडी से कोयला डंप कर वापस केरेडाडी आम्रपाली जा रहा था। इसी बीच बरियातू गांव के समीप अनियंत्रित हो कोल वाहन पेड़ में टक्कर मार दिया। जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। मालूम हो कि चतरा हजारीबाग मुख्य पथ में कोल वाहन के परिचालन से कई दुर्घटनाएं घट घाटी है।कई लोगों की जान कोल वाहन के चपेट में आने सो हो गयी है। फिर भी जिला प्रशासन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है।

## मोंगर के डुमरिया दोहर टोला में चार दिन में ही टंकी से पानी होने लगा लीकेज



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर प्रखंड अंतर्गत मोगर पंचायत के ग्राम मोंगर के डुमरिया दोहर टोला में हाल में ही कंक्रीट द्वारा निर्मित एक सोलर जलमीनार का निर्माण हुआ है, जिसका टंकी से पानी लीकेज की मामला सामने आई है। मोंगर पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य पिंटू कुमार रजक ने जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि मोंगर के डुमरिया दोहर टोला में कंक्रीट द्वारा निर्मित पानी टंकी का निर्माण कराया गया है। जो सोलर जलमीनार है। चार दिन पहले ही चालू हुआ है और तब से ही टंकी से पानी लीकेज हो रही है। आगे उन्होंने कहा कि योजना स्थल पर योजना बोर्ड भी नहीं है। जिससे यह किसी को मालूम नहीं है कि यह सोलर जलमीनार किस विभाग के द्वारा लगाया गया है। यह स्थानीय ग्रामीणों को गुमराह किया गया है। योजना बोर्ड का नहीं होना भ्रष्टाचार की बू आ रही है।

## कौशल यादव बने कांग्रेस का युवा कांग्रेस अध्यक्ष

**बरवाडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छिपादोहर के कौशल यादव को संगठन के वरीय नेताओं के द्वारा संगठन में पुरे ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने पर पार्टी में जगह देते हुए छिपादोहर के युवा कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वही छिपादोहर के कांग्रेस पार्टी के युवा कांग्रेस अध्यक्ष बनाये जाने पर मनिका विधानसभा क्षेत्र के सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह,बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह छिपादोहर विधायक प्रतिनिधि तेतर यादव, युथ कांग्रेस के स्टेट कोर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह समेत कई अन्य लोगों ने बधाई दी। वहीं नव नियुक्त युवा कांग्रेस अध्यक्ष कौशल यादव ने कहा कि संगठन में हमें जो दायित्व दी गई है पुरी निष्ठा और ईमानदारी से काम का निर्वहन करूंगा।

## वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला घायल एवम दो मवेशी की हुई मौत

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के सीरम पंचायत में बज्रपात की चपेट में आने से बुढ़िया मासोमत पति स्व. निर्मल भगत गम्भीर रूप से घायल हो गयी ।वही सीरम ग्राम के बांडीडेरा टोला निवासी किसान बीरेंद्र टाना भगत की ब्रजपात की चपेट में आकर दो मवेशी की मौत हो गयी। घटना की सूचना पाकर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा दोनों पीड़ितो के घर पहुंच घटना की जानकारी लिया और सरकार से पीड़ितो को उचित मुआवजा देने की मांग किया।मौके पर मुखिया रोहनी देवी समाजसेवी पूनम कुमारी मंटू मुंडा राजेश भगत शत्रुघन टाना भगत रवि भगत रुनदेवी अनिमा देवी रामकुमार भगत गुड्डी देवी धनराज भगत अनीता देवी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरकाकाना बरवाडीह रेलखंड अंतर्गत चंदवा के टोरी जंक्शन प्लेटफार्म नंबर 3 के समीप रविवार की सुबह लगभग 8 बजे ट्रेन की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना पोल संख्या 185-16 की पास बताई जा रही है। ट्रेन की चपेट में महिला के आने की सूचना के बाद टोरी आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची व शव को रेलवे ट्रैक से हटाकर आवागमन सुचारू रूप से चालू कराया व घटना की जानकारी जीआरपी बरकाकाना को दी। इसके बाद बरकाकाना से जीआरपी की एक टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर लिखे जाने तक मृतका की पहचान नहीं हो पायी थी। मृतका हरा कलर की साड़ी व लाल कलर की ब्लाउज पहनी हुई है। जीआरपी की टीम महिला की मौत दुर्घटना में हुई है या फिर उसने आत्महत्या की है इसकी जांच में जुटी गई है।

# आजसू पार्टी ने जिला स्तरीय हूल दिवस मनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा जिला कमेटी आजसू पार्टी के द्वारा हूल दिवस नगर अध्यक्ष कृष्णा साव के आवास में मनाया गया। जिसका नेतृत्व जिला अध्यक्ष शिवलाल दांगी एवं संचालन नगर अध्यक्ष कृष्णा साव ने किया। जहां मुख्य अतिथि केंद्रीय सचिव पारसनाथ सिंह उपस्थित रहे ।केंद्रीय सचिव ने हूल दिवस पर प्रकाश डाला एवं जिला प्रवक्ता राजकिशोर कमल उर्फ़ पिंकू ने कहा कि तमाम वीर शहीदों को हम सभी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं 30 जून 1855 को भोगना डीह संथाल परगना में फांसी दी गई थी। उन्होने अंग्रेजों के खिलाफ विगुल फुका था और अंग्रेजो की नींव हिला दिया था। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डब्ल्यू सोनी संजय यादव राजेंद्र प्रसाद कसेरा प्रमोद यादव मंटू कुमार काली अहमद अशोक कुमार एमडी गुलजार प्रदीप विश्वकर्मा छोटन सिंह एवं काफी संख्या में सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# राज्य स्तरीय आकांक्षा कार्यक्रम के द्वितीय प्रवेश परीक्षा में सफल हुए आजाद शेखर दीपांशु



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड अंतर्गत अमरवाडीह पंचायत अंतर्गत रहैया ग्राम निवासी आजाद शेखर दीपांशु पिता राजू रामवृक्ष लोहरा माता का नाम अमिता लोहरा स्त्रोन्नत उच्च विद्यालय टोटी हेसला के छात्र राज स्तरीय आकांक्षा कार्यक्रम के द्वितीय प्रवेश परीक्षा 2024 में सफल होकर क्षेत्र का नाम रौशन किया. दीपांशु ने कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा की व्यवस्था किया जाता है। मैं पढ़कर न्यायाधीश बनने का लक्ष्य लक्ष्य रखा हूँ. सुदूर ग्रामीण क्षेत्र से अपने सपनों को साकार करने के लिए राजकीय आकांक्षा कार्यक्रम में सफल प्रतिभागी आजाद शेखर दीपांशु 2024 26 के सत्र में आकांक्षा जैसे बेहतरीन सुविधा में क्लेट चयन कर न्यायपालिका क्षेत्र में उच्च स्तरीय वकील या न्यायाधीश बनने का लक्ष्य को लेकर दिनांक 27 जून 2024 को निर्धारित तिथि अनुसार परिजनों के साथ नामांकन करवाया। इस तरह के बेहतर शैक्षणिक सुविधा में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता पा रहे शोषित पीड़ित वंचित गरीब लोहार अनुसूचित जनजाति परिवार के छात्र-छात्राओं के सफलता से उनके परिवार समाज समुदाय में एक विशेष प्रेरणा और उम्मीद के किरण दिख रही है।

# पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर रविवार को बालूमाथ पुलिस ने वाहन जांच अभियान चलाया। मकईयाटांड पिकेट प्रभारी रामजी ठाकुर के नेतृत्व में चलाये गए जांच अभियान में दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट और कागजात की मांग की गई। कागजात नहीं दिखाये जाने पर उनकी गाड़ियों को जब्त कर अग्रेतर कारवाई के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी को भेज दिया गया। जानकारी देते हुए पिकेट प्रभारी रामजी ठाकुर ने बताया की एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान के तहत लातेहार एसपी के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे गाड़ियों के पेपर साथ हेलमेट की भी जांच किया जा रहा है। वाहन जांच अभियान में मकईयाटांड पिकेट के आईआरबी के जवान विनोद कुमार सोनू केरकेटा, संतोष कुमार, प्रफुल मिंज समेत लोग शामिल थे।

# एस के बिल्डर के द्वारा मनिका में जैक से उठाई जा रही है मकान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पहले आमतौरों पर बड़े-बड़े शहरों में सुनने को मिलता था कि जैक के माध्यम से मकान को उठाया जा रहा है और मकान को दूसरे जगह स्थानांतरित किया जा रहा है परंतु इन दोनों मनिका प्रखंड मुख्यालय के समीप सोनी इंटरप्राइजेज के मकान को एस के बिल्डर हरियाणा के द्वारा जैक के माध्यम से सुरक्षित उठाया गया। एस के बिल्डर के संचालक ने बताया कि बिल्डिंग उठाने के दौरान अगर किसी तरह का बिल्डिंग का क्षति होती है तो उसका सारा पैसा हमारे द्वारा दिया जाएगा।बिल्डिंग उठाने के पूर्व बिल्डिंग मलिक के साथ एग्रीमेंट की जाती है एग्रीमेंट में लिखा जाता है कि मकान उठाने के दौरान अगर किसी भी तरह का बिल्डिंग में नुक्सान होती है तो इसका सारा जवाब देही बिल्डर की होगी।मनिका प्रखंड क्षेत्र में जैक से बिल्डिंग उठाना आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। लोग मकान को उठाने की प्रक्रिया को देखने के लिए दूर-दूर से आ रहे हैं एस के बिल्डर के संचालक ने कहा कि जिनको भी मकान को उठाना है या मकान को दूसरे जगह शिफ्ट करना है वह हमारे मोबाइल नंबर 99931715227 या फिर 9992131141 मोबाइल नंबर में फोन करके सूचना दे सकते हैं या जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## बीडीओ के निर्देश पर सुपरवाईजर ने बीएलओ संग बैठक कर, 25 जुलाई तक कार्य पुर्ण करने के दिये निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 30 जुन रविवार को कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती छ्न्दा भट्टाचार्य के निर्देश पर सुपरवाईजर अधीश खाखा ने प्रखंड के सभी 37 मतदान केंद्र के बीएलओ से बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश। सुपरवाईजर अधीश खाखा ने बैठक मे सभी बीएलओ से कहा कि आप सभी अपने अपने मतदान केंद्र के मतदाता सुचि मे दोहरी प्रविष्टि एवं मृत मतदाता के नाम को अविलंब हटायें। नए मतदाता को सुचि मे नाम जोड़े वही हस्तांतरित जो विवाह होकर अपने मुल स्थान से स्थानांतरण हो गये हैं उन्हे भी चिन्हित कर हटायें। सुपरवाईजर ने कहा कि बूथ के वैसे मतदाता के पास जिनके पास लेमिनेशन युक्त वोटर आईडी कार्ड हो उसे 02 रंगीन पासपोर्ट फोटो लेकर फार्म 08 भरकर नया वोटरआईडी कार्ड उपलब्ध करायें। आज के उक्त बैठक मे और भी आवश्यक निर्देश देते हुए उपरोक्त कार्य को डोर-टू-डोर मतदाताओं से संपर्क कर हर हाल मे 25 जुलाई तक पुर्ण कर लेने का निर्देश बीएलओ को बैठक मे दी गई। उक्त बैठक मे बीएलओ परवेज अख्तर, पंचम एतवा पहान, रामप्रसाद पाल, नसीमा खातुन, सुनीता देवी, सुचित्रा लकड़ा, समीम अख्तर, मीना उराँव, कलावती देवी, सरोज उराँव, रुक्मिणी उराँव इत्यादि बीएलओ बैठक मे उपस्थित थे।

## लोहरदगा में 20 अगस्त को पतंजलि के योग साधकों का होगा मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पतंजलि योग समिति के राज्य सह प्रभारी रासबिहारी तिवारी का आज लोहरदगा आगमन हुआ। लोहरदगा प्रवास के दौरान उन्होंने भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी प्रवीण भारती,राज्य कार्यकारिणी सदस्य जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, पतंजलि योग समिति, युवा भारत, वरीय योग शिक्षकों की उपस्थिति में आगामी 20 अगस्त को मंडल स्तरीय योग शिक्षकों का कार्यकर्ता सम्मेलन लोहरदगा में भव्य आयोजन के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा परिचर्चा की। बैठक गुरुकुल शांति आश्रम में आयोजित की गई। इस दौरान उन्होंने बताया कि लोहरदगा के अलावे मंडल स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में क्षेत्र के योग साधक साधकों की मौजूदगी रहेगी। सम्मेलन में लोहरदगा के अलावे गुमला, सिमडेगा, लातेहार, पलामू, गढ़वा आदि जिलों के पदाधिकारी एवं योग साधक भाग लेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पतंजलि योगपीठ,हरिद्वार मुख्य केंद्रीय प्रभारी आदरणीय राजेश कुमार उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रकोष्ठों जिनमे भारत स्वाभिमान न्यास,पतंजलि योग समिति, युवा भारत,किसान समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की गठित टीम प्रखंडों का प्रवास कर अधिक से अधिक योग साधकों को कार्यक्रम हेतु जोड़ेंगे। इसके लिए पांच दिवसीय योग शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के सफलता के लिए व्यापक व्यापक रूप से जनसंपर्क एवं प्रचार प्रसार करने का संकल्प लिया गया। बैठक में सह राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी के अलावा भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी प्रवीण भारती, राज्य कार्यकारिणी सदस्य सह जिला संरक्षक शिव शंकर सिंह, पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी अभय भारती, सह जिला प्रभारी वासुदेव महतो, जिला कोषाध्यक्ष दिनेश प्रजापति, युवा भारत के जिला प्रभारी अंकित अग्रवाल, सह जिला प्रभारी युवा भारत के शिवराज विजय महतो, पतंजलि आयुर्वेद से संजय मधुर, गुरुकुल शांति आश्रम के आचार्य शरचचंद्र आर्य, अर्जुनदेव आर्य आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृति योजना 2024 की परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में हुई संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृति योजना 2024 के परिक्षा के लिये बनाए गये चार परिक्षा केंद्र परियोजना प्लस टु उच्च विद्यालय, राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय बारियातू, मे मुख्यमंत्री मेघा छात्रवृति योजना 2024 (सी एम एम एस एसआई) की परिक्षा शांतिपूर्ण तरीके से कदाचार मुक्त संपन्न हुई। केन्द्राधिक्षक अनिल कुजुर ने जानकारी देते हुए बताया कि परिक्षा केंद्र परियोजना प्लस टु उच्च विद्यालय बारियातू मे 23 विद्यालयों के अष्टम वर्ग के 600 विद्यार्थियों के लिए परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू को परिक्षा केंद्र बनाया गया था। जहाँ परिक्षा मे 600 परिक्षार्थीयों मे से 494 परिक्षार्थी ही परिक्षा में सम्मिलित हुए। वहीं 106 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय छाताबार (गोनिया) 180 परिक्षार्थीयों मे 159 सामिल हुए व 21 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे।राजकीय आदर्श मध्य विद्यालय मे 406 परिक्षार्थीयों मे 272 परिक्षार्थी उपस्थित रहे व 134 अनुपस्थित रहे। वही उत्क्रमित उच्च विद्यालय टोटी मे 150 परिक्षार्थीयों 113 सामिल 37 परिक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परिक्षा को शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त संपन्न कराने में केन्द्राधिक्षक नागेन्द्र प्रसाद, शिवशंकर कुमार, विक्षक अजय बैठा, लालचंद पासवान, रमेश कुमार सिंह, संजय रजक, लीली सुशिला कुजुर, रामाधार प्रसाद गुप्ता, द्वारिका राम, रामशीष राम, बबन राम, शर्मा राम जयप्रकाश प्रसाद, रंजन सिंह, नरेश कुमार उरांव, अनेश राम ,मो.कलिम व अन्य विक्षको ने सराहनीय योगदान दिया।

# ओम प्रकाश सिंह ने नगर परिषद के 136 वीं वर्षगांठ पर नगर क्षेत्र के तमाम नागरिकों दी बधाई

**कहा, लोहरदगा नगर परिषद का गौरवशाली इतिहास रहा है**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** नगर पालिका के पूर्व वार्ड आयुक्त तथा वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने लोहरदगा नगर परिषद के 136 वीं वर्षगांठ पर नगर क्षेत्र के तमाम नागरिकों, नगर परिषद के लिए अपना सेवा देने वाले जनप्रतिनिधियों तथा कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि लोहरदगा नगर परिषद का गौरवमयी इतिहास रहा है। पहली जुलाई 1888 को स्थापित इस नगर परिषद के पहले अध्यक्ष एक अंग्रेज अधिकारी मिस्टर एफ हान थे। इस नगर परिषद में क्षेत्र के समाजसेवी,विद्वान,शिक्षाविद, साहित्यकार,राजनीति के दिग्गज खिलाड़ी जुड़े रहे हैं ।दानवीर स्वर्गीय राय साहब बलदेव साहू मांडर क्षेत्र से विधायक रहे स्वर्गीय रामविलास प्रसाद,प्रसिद्ध साहित्यकार स्वर्गीय द्वारिका प्रसाद,रांची से सांसद रहे तथा लोहरदगा को एक पहचान देने वाले स्वर्गीय श्री शिव प्रसाद साहू, अनवरत सेवा देने वाले स्वर्गीय अभिमन्यु प्रसाद श्री राधा रमण प्रसाद, स्वर्गीय मनमोहन लाल अग्रवाल स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े स्वर्गीय बुधन सिंह स्वर्गीय बलदेव तमेडा जैसे अनेक हस्तियों ने इस नगर परिषद को अपना अमूल्य समय तथा इसके विकास की नींव रखी है। आज लोहरदगा नगर परिषद का क्षेत्र विस्तार होते जा रहा है,मात्र चार वार्ड से प्रारंभ यह क्षेत्र विकसित हो चुका है नए-नए उपनगर तथा मोहल्ले बनते जा रहे हैं, पर नागरिक सुविधाओं का घोर अभाव दिख रहा है। पेयजल का संकट, स्वच्छता, विद्युत तथा सड़कों के साथ जल निकासी की कोई कारगर योजना नगर प्रशासन में दिखाई नहीं दे रहा है। आज आवश्यकता है इसे एक आदर्श तथा स्वच्छ रखकर देश तथा प्रदेश में इसे एक अग्रणी तथा सुंदर नगर के रूप में स्थापित करने की।

# सरकार शोषण करना बंद करे, मांगों पर दें ध्यान : रसोईया संयोजिका संघ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका अध्यक्ष संघ बरही इकाई की बैठक बरही प्रखंड परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता रसोइया संयोजिका संघ के प्रखंड अध्यक्ष पूनम राणा व संचालन किरण देवी ने की। बैठक में बड़ी संख्या में रसोईया और संयोजिका की भागीदारी हुई। इस अवसर पर रसोइया संयोजिका संघ के जिलाध्यक्ष महेंद्र राम पासवान, चौपारण प्रखंड अध्यक्ष रेखा देवी शामिल हुई। वहीं विद्यालय रसोईया संयोजिका का सहयोग करने के लिए राजद बरही प्रभारी पूनम यादव भी उपस्थित हुई। बैठक के माध्यम से सरकार से रसोईया संयोजिका का स्थायीकरण, 10 माह के स्थान पर 12 माह का कार्य, न्यूनतम मानदेह 6000 हजार रुपए सुनिश्चित करने जैसे मुख्य मांग को रखा। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए बरही प्रखंड अध्यक्ष पूनम राणा ने कहा कि प्रखंड के सभी स्कूलों द्वारा रसोईया को परेशान किया जा रहा है। आधार कार्ड के आधार बना कर 60 साल के रसोइया को हटाया जा रहा है,जो कतई उचित नहीं है। वहीं प्रखंड सचिव रेखा देवी ने कहा कि आधार कार्ड में उम्र की त्रुटि को



सही मान कर विद्यालय शिक्षको द्वारा रसोईया संयोजिका को परेशान किया जा रहा है। चौपारण प्रखंड अध्यक्ष रेखा देवी ने कहा कि सरकार हमसभी के साथ वादा खिलाफी करवाई की है। वहीं जिलाध्यक्ष महेंद्र राम पासवान ने कहा कि सरकार 60 साल के बहाना बनाकर रसोइया संयोजिका को हटाया जा रहा है,जो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है, क्योंकि 20साल से कार्यरत रसोईया को कुछ भी लाभ नहीं मिला है। यदि उसके स्थान पर बहू या बेटी को रख लेती तो उचित होता। वहीं उन्होंने कहा कि 2011 में विद्यालय प्रबंधन समिति की चुनाव में विद्यालय अध्यक्ष और सयोजिका रखा गया, जिसके बाद 2016 में शिक्षा सचिव के द्वारा हटाकर फिर पुनः वापस लिया गया परंतु विभाग के द्वारा इसे अनुपालन नहीं किया जा रहा है, इसका संघ घोर विरोध करती है।रसोईया संयोजिका ने एक स्वर में बोली कि हमारे साथ सरकार आंख मचौली का खेल कर रही है, यदि सरकार हमारी मांगों को समय रहते पूरा नहीं करती है तो आने वाला चुनाव में रघुवर सरकार की तरह भुगतना पड़ेगा।

# असम के मुख्यमंत्री हिमन्त का हुआ रांची आगमन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** असम के मुख्यमंत्री सह झारखण्ड प्रदेश चुनाव सह प्रभारी हेमन्त बिश्व शर्मा का आगमन रांची में हुआ। श्री बिश्व शर्मा के आगमन पर भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा नेता सह पूर्व विधायक मनोज यादव ने उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। शिष्टाचार मुलाकात के दौरान नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी मौजूद थे। पूर्व विधायक श्री यादव ने हेमन्त बिश्व शर्मा का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। इस दौरान पूर्व विधायक मनोज यादव ने राज्य के राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा किया और केंद्र में एक बार फिर मोदी सरकार बनने की बधाई दी। पूर्व विधायक ने एनडीए की जीत पर प्रधानमंत्री को बधाई दी। पूर्व विधायक ने चुनाव सह प्रभारी हेमन्त बिश्व शर्मा को आश्वस्त किया कि इस बार पूरे राज्य में यहां की जनता बदलाव के लिए सोंच रही है



और राज्य में भाजपा शाषित सरकार बनाने को लेकर प्रतिबद्ध है। श्री यादव ने कहा कि पिछले लगभग 10 साल में मोदी सरकार देश सेवा में लगी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त हुआ है, देश का सम्मान और ताकत बढ़ा है। आम व्यक्ति के जीवन में शासकीय योजनाओं के माध्यम से कैसे परिवर्तन किया जा सकता है, इसे मोदी ने कर दिखाया है। 140 करोड़ भारतवासियों की सुख, शांति और समृद्धि के लिए साधनारत प्रधानमंत्री का यह कार्यकाल निःसंदेह आत्मनिर्भर भारत-विकसित भारत की संकल्पना को साकार करते हुए भारत को विश्व में महाशक्ति के रूप में स्थापित करने वाला सिद्ध होगा। इसकी जानकारी पूर्व विधायक के पीए भूपेंद्र यादव ने दी।

# मनीष जायसवाल पंहुचे स्व.संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद सह हजारीबाग जिला क्रिकेट संघ (एचडीसीए) के अध्यक्ष मनीष जायसवाल लोकसभा सत्र के दो दिवसीय अवकाश के दौरान दिल्ली से सीधे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र पंहुचे जहां शनिवार की शाम से लेकर रविवार की शाम तक अपने सांसद सेवा कार्यालय में लोगों की समस्याओं से रूबरू हुए और जरूरतमंदों को हरसंभव सहयोग पंहुचा। इसी रविवार की सुबह उन्होंने स्व.संजय सिंह क्रिकेट स्टेडियम में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण कर जायजा लिया। सांसद मनीष जायसवाल ने यहां चल रहें कार्य यथा ग्राउंड में मिट्टी भराई, ग्राउंड का विस्तारीकरण कार्य, पवेलियन में ग्रील लगाने का कार्य, पेयजल की उचित उपलब्धता और व्यवस्था से संबंधित कार्य का निरीक्षण कर



बारीकी से जानकारी प्राप्त किया। मौके पर उन्होंने मैदान परिसर में वृक्षारोपण भी किया। मैदान निरीक्षण के क्रम में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद सह एचडीसीए के अध्यक्ष मनीष जायसवाल ने कहा की निरंतर प्रयास और सकारात्मक सोच से क्या संभव नहीं हो सकता है। स्व. संजय सिंह स्टेडियम (वेल्स क्रिकेट मैदान) को लेकर हमने जो सपना देखा था अब वह पूरा होता नजर आ रहा है। उन्होंने यह भी कहा की लेकिन हमें रुकना नहीं है, सुविधाओं को ओर बेहतर करते जाना है, इसी दिशा में आज इस खेल परिसर का निरीक्षण किया और जरूरी दिशा- निर्देश दिया। सांसद श्री जायसवाल ने वृक्षारोपण पर कहा की प्रकृति माँ का मान बढ़ाये, धरा को एक बार फिर सजायें। आओ मिलकर कदम बढ़ायें, एक पेंड़ माँ के नाम लगायें। मौके पर विशेषरूप भाजपा नेता अनिल मिश्रा, एचडीसीए के सचिव राजेश तिवारी उर्फ बंटी, प्रमोद कुमार, बिकास चौधरी, आशीष चौधरी, मनोहर सिंह, रंजीत कुमार, अनिल अग्रवाल, सुमन कुमार लाल, बिमलेश दुबे, दिनेश कुमार, रितेश सिन्हा, प्रवीण कुमार राय, प्रभात रंजन राहुल जैन सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

# कटकमदाग के सिरसी पंचायत की जनता से युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने किया सीधा संवाद

## जनता की समस्या का होगा तत्काल समाधान : हर्ष अजमेरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग के सिरसी पंचायत में रविवार को युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने पंचायत वासियों से सीधा संवाद किया, संवाद के दौरान पंचायत वासियों ने अपनी समस्याओं को लेकर विस्तार पूर्वक अपनी बातों को रखा उन्होंने बताया कि बिजली, पानी जैसे अनेकों समस्याओं से हम पंचायत वासियों काफी परेशान हैं साथ ही सभी ने एक स्वर से श्री अजमेरा से समस्या का समाधान करने का आग्रह किया। साथ ही पंचायत वासियों ने श्री अजमेरा के प्रति आभार जताते हुए कहा की सेवा सहयोग समिति के प्रयास से काफी कुछ पंचायत में हुआ है हम आग्रह



करते हैं कि आगे भी आप समस्या का समाधान अवश्य करेंगे। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा की आपकी समस्या वह हमारी समस्या है समस्या का निष्पादन करना ही मेरा लक्ष्य है आपको कोई समस्या ना हो इसके लिए आप सीधा मेरे कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं, आपकी समस्याओं को जल्द ही समाधान किया जाएगा, साथ ही श्री अजमेरा ने बताया की सेवा सहयोग समिति के माध्यम से सदर विधानसभा क्षेत्र के समस्त प्रखंडों के पंचायत में ट्रांसफार्मर, चापाकल जैसे अनेकों समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि आपकी समस्या का जल्द समाधान होगा और मैं आपके साथ खड़ा हूं।

# उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने सिद्धो-कान्हू की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** 30 जून हूल दिवस के अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने पीडब्ल्यूडी चौक अवस्थित सिद्धू कान्हू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बलिदानों को याद किया। इस दौरान अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह एवं प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि आदिवासी समाज,सभ्यता और अस्मिता के अस्तित्व की लड़ाई को लेकर सिद्धू, कान्हु ,चांद ,भैरव के योगदानों को हमेशा याद रखा जाएगा। 30 जून 1855 को मौजूदा साहेबगंज ज़िले के भोगनाडीह गांव में वीर सिदो-कान्हो और चांद-भैरव के नेतृत्व में 400 गांवों के लगभग 50000 लोगों ने उन्होंने अंग्रेजों की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जंग का बिगुल फूंका था। उनके कुर्बानों को नमन कर हम आज हूल दिवस मनाते है।

# ई. अमन कुमार जेल से हुए रिहा, सांसद मनीष जायसवाल ने किया स्वागत



**हजारीबाग :** हजारीबाग के महुदी प्रकरण में पिछले 17 दिनों से जेल में बंद हिंदू प्रचारक इंजीनियर अमन कुमार को बेल मिलने के बाद रविवार को जेल से रिहा कर दिया गया। उनके स्वागत में शहर के बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में जनसभा का आयोजन किया है। इससे पहले जेल से ही उनके परिवारजन, समर्थक और बिहार से हजारीबाग पंहुचे भाजपा नेता मनीष कश्यप के साथ बड़ी संख्या में उमड़े उनके समर्थकों की भीड़ ने जेल से निकलने पर इंजीनियर अमन कुमार का स्वागत किया। बुढ़वा महादेव मंदिर प्रांगण में आयोजित जनसभा में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए और जेल से बाहर आने पर हिंदुत्व प्रचारक ई. अमन कुमार का स्वागत किया।

# डॉ मो. नजीर अंसारी ने ठोकी ताल, मांडू विधानसभा चुनाव में होंगे निर्दलीय प्रत्याशी



**चरही (हजारीबाग) ।** सुदूरवर्ती क्षेत्रों समेत शहरी क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाने के जरिए झारखंड की शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान देने को लेकर अपनी खास पहचान बनाने वाले हाईकोर्ट के अधिवक्ता डॉ मोश नजीर अंसारी ने आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में मांडू विधानसभा से चुनाव लड़ने की घोषणा की है। मांडू विधानसभा क्षेत्र के चुरचू प्रखंड के इंद्रा में जनसभा को संबोधित करते हुए हाईकोर्ट के वकील डॉ नजीर अंसारी ने कहा कि मांडू विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लडेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार श्री नजीर को कई प्रमुख पार्टियां अपनी टिकट से मांडू विधानसभा प्रत्याशी बनाने के संपर्क कर रही है। हालांकि श्री नजीर किस पार्टी के टिकट से चुनाव लडेंगे इस पर शंसय बना हुआ है। श्री नजीर का कहना है कि नागरिकों के बुनियादी अधिकारों में शिक्षा भी शामिल है और बेहतर नागरिक बनाने के लिए शिक्षा ही एकमात्र औजार है, लेकिन अफसोस ये है कि युवा और छात्र वर्ग सिर्फ वोट बैंक की तरह ट्रीट किए जाते हैं।

# शहीद सिद्धो व कान्हू के शहादत को हूल दिवस के रूप में मनाई गई



**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में शहीद सिद्धो और कान्हू की शहादत को हूल दिवस को हजारीबाग महानगर कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज नारायण भगत के अध्यक्षता में कृष्ण बल्लभ आश्रम कांग्रेस कार्यलय में कांग्रेसजन के उपस्थित में श्रद्धा सुमन, श्रद्धा फूल माला चढ़ाया गया और गगनभेदी नारों से वातावरण गूंज उठा और इस अवसर पर कांग्रेस महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत ने कहा 30 जून 1855 को क्रांतिकारी नेता सिंधु मुर्मू एवं कान्हू मुर्मू के आव्हान पर बरहेट के भोगनाडीह में 20 हज़ार संथालों ने ब्रिटिश हुकूमत के अधीन महाजनी प्रथा और सरकार की बंदोबस्ती नीति के खिलाफ विद्रोह किया था । इस विद्रोह का मूल कारण था आदिवासियों से 50 प्रतिशत से 500 प्रतिशत तक खेती कर वसूल करना । इस अन्याय के खिलाफ जब भाई सिन्धो, कान्हू, चांद, भैरव और बहने फूलों झानो ने आवाज उठाई तो सैकड़ो लोगों ने इनका स्वागत किया और अपने परंपरागत तीर धनुष के साथ भोगनाडीह गांव में जमा होकर खुद को स्वतंत्र घोषित किया तथा स्थानीय जमींदार, पूंजीपतियों, सूदखोरों के खिलाफ जंग छेड़ने की शपथ ली । इसके लिए इनका एकमात्र नार था जमींदार महाजन, पुलिस ,राजदेन आमला को गुजकमाड अर्थात जमींदार, महाजन, पुलिस और सरकारी अमलों का नाश हो । यह क्रांति भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उग्र क्रांतियां में से एक था जिसमें सैकड़ो लोग शहीद हुए थे । इस अवसर पर उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, उपाध्यक्ष मकसूद आलम, राजू चौरसिया, केडी सिंह कोषाध्यक्ष सुनील कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित रहे ।

# 14 वीं राज्यस्तरीय सीनियर तैराकी प्रतियोगिता में सफल तैराकों को किया गया सम्मानित

- तैराकों ने 10 मेडल हासिल कर हजारीबाग का नाम किया रौशन।
- हमारे तैराकों ने बहुत मेहनत की है और यह उनकी मेहनत का परिणाम है : हर्ष अजमेरा।



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** 14 वीं राज्यस्तरीय सीनियर तैराकी प्रतियोगिता 29 जून 2024 को जेआरडी टाटा खेल परिसर के तरण ताल में संपन्न हुआ, जिसमें हजारीबाग जिले से 6 तैराकों ने भाग लिया सीनियर कोच मन्नु कुमार राणा और टीम मैनेजर गणपति राम समेत 8 सदस्यो कि टीम हजारीबाग से सम्मिलित हुए, जिसमे 4 गुना 50 मीटर मिडले रिले इवेंट में सत्यम कुमार गौरव कुमार राणा जीवन थापा और हर्षित शर्मा ने सिल्वर मेडल जीता, 4 गुना 50 मीटर फ्री स्टाइल रिले में सत्यम कुमार गौरव कुमार राणा जीवन थापा हर्षित ने ब्रांच मेडल जीता,50 एवं 100 मीटर ब्रेस्ट स्टॉक में गौरव कुमार राणा ने ब्रांच मेडल जीता कुल 10 मेडल हजारीबाग के तैराकों के द्वारा प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर तैराकी संघ के अध्यक्ष सह युवा समाज सेवी हर्ष अजमेरा ने अपने कार्यालय परिसर में सभी तैराकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया इस अवसर पर तैराकी संघ के उपाध्यक्ष विकास कुमार ने भी तैराकों को सम्मानित कर बधाई दिया। मौके पर हर्ष अजमेरा ने सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे तैराकों ने बहुत मेहनत की है और यह उनकी मेहनत का परिणाम है कि वे इतने पदक जीतने में सफल रहे हैं। हमें अपने तैराकों पर गर्व है और हम उम्मीद करते हैं कि वे आगे भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे। साथ ही कहा की सभी ने हजारीबाग का नाम रोशन किया है हजारीबाग में 10 मेडल प्राप्त हुए हैं यह काफी गर्व का विषय है एक बार पुनः सभी को बहुत-बहुत बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। तैराकी संघ के सचिव डा प्रहलाद सिंह ने कहा की सरकार की ओर से स्विमिंग पूल उपलब्ध नहीं होने के बावजूद तैराकों की यह अच्छी उपलब्धि है। मौके पर हजारीबाग के सुप्रसिद्ध खेल प्रशिक्षक अनवर हुसैन,मनु कुमार राणा, बेंजामिन बा रोई एवं अन्य मौजूद थे। इसके अलावा हजारीबाग तैराकी संघ के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों ने दूरभाष के माध्यम से सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ साइकिल यात्रा, प्रधानमंत्री से मिलने दिल्ली रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** सदर विधानसभा क्षेत्र के टाटी झरिया के जिप सदस्य रामप्रसाद उर्फ कंपनी ने रविवार को साइकिल यात्रा के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने के लिए दिल्ली के लिए हुए रवाना, श्री प्रसाद ने भ्रष्टाचार के खिलाफ एक अनोखा अभियान प्रारंभ किया है उन्होंने बताया कि देश में हर जगह भ्रष्टाचार काफी मात्रा में चल रहा है और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर प्रधानमंत्री का ध्यान आकर्षित करना हम सभी का दायित्व है इसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा करने के लिए साइकिल के माध्यम से दिल्ली के लिए रवाना हो रहा हूं। टाटी झरिया से निकलने के बाद डिस्टिक मोड पहुंचने के उपरांत युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने अपने कार्यालय परिसर में माला पहनकर स्वागत व अभिनंदन किया वहीं कार्यालय में मौजूद सभी ने भी माला पहनकर उनका इस अनोखे अभियान का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि यह काफी अनोखा तरीका है,आपकी यह सोच समाज के प्रति काफी सार्थक साबित होगी, हम सभी की शुभकामनाएं आपके साथ सदैव बनी हुई है कहीं पर भी कोई तकलीफ होने पर आप सीधा संपर्क कर सकते हैं.

# हूल दिवस पर विष्णुगढ़ में आजसू पार्टी ने आयोजित की श्रद्धांजलि सभा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड मुख्यालय में आजसू पार्टी विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल के नेतृत्व में हूल दिवस मनाया गया। अंग्रेजो की खिलाफत के प्रणेता वीर सिदो-कान्हू के वृतचित्र पर आजसू पार्टी के तमाम कार्यकर्ताओं ने बारी-बारी से माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर अजय कुमार मंडल ने कहा की अंग्रेजो के हुकूमत के खिलाफ विद्रोह के प्रतीक हूल दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में महान क्रांतिकारी सिदो -कान्हू एवं भगवान बिरसा मुंडा को शत-शत नमन। हम सब को उनके बलिदानों को जन जन तक पहुँचाने जरूरत है। इन्होंने जो अंग्रेजो के खिलाफ बिगुल फूंका उससे उनकी जड़े हिल गई। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष लिलो महतो समेत दर्जनों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

# विष्णुगढ़ अधूरे नाली निर्माण कार्य से ग्रामीण परेशान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** केंद्र सरकार और राज्य सरकार से आमजनों के हित एवं विकास के लिए योजनायें बनती है,और उसे धरातल पर उतारती भी है। परन्तु उन योजनाओ पर ठेकेदार एवं भ्रष्ट अधिकारियों की भेंट चढ़ना अब आम हो गया या यूँ कहे सरेआम हो गया है। विष्णुगढ़ अखाड़ा चौक बस स्टॉप से लेकर तैलिक वैश्य धर्मशाला की दाहिनी ओर पुलिया तक नाले का काम होना था,कार्य हुआ भी परन्तु अधूरा, जिसका नतीजा यह है,कि अधूरे नाली निर्माण की वजह से करोंज मोड़ तैलिक वैश्य धर्मशाला की दाहिनी ओर प्रखण्ड में मानसून की दूसरी बारिश पानी के तेज बहाव की वजह से मिट्टी का कटाव तेजी से हुआ जिसकी वजह से हाईवोल्टेज 11 हजार का पोल गिर कर क्षतिग्रस्त हो गया। आने वाले दिनों में और दो लोहे के पोल से गुजर रही हाईवोल्टेज 11 हजार के पोल गिर जायेंगे इसमें कोई शक संदेह नही है। पुराने सीमेंट की पोल से गुजरे



हाईवोल्टेज की तार आस-पास की छतों से होकर गुजरी है,जिसके गिरने से जान माल की भी भारी क्षति होगी। अगर ऐसा होता है,तो इस होने वाली घटना का जिम्मेदार कौन होगा?नाली के अधूरे कार्य की वजह से बारिश का पानी एवं नाले का पानी नए बने भवनों में घुस रहा है,जलजमाव की वजह से बीमारियों के उत्पन्न होने की संभावना भी प्रबल बनी हुई है।लाखो की लागत से बनी नाली भी अनियमितता का शिकार है, तयमानदंडों के अनुसार कार्य भी नही हुआ जिसका ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया,जिसकी वजह से ठेकेदार अधूरे नाली निर्माण कार्य को छोड़कर भाग गया। नाली निर्माण कार्य मे संलिप्त ठेकेदार अपनी ऊँची पहुँच का ग्रामीणों को धौस दिखाकर कार्य पूरा नही करने की बात भी कही।यह सिर्फ एक घटना नही है,अपितु हर विकास कार्य की यही कहानी है। विकास कार्य से जुड़े उच्चाधिकारियों से कहना है,इन प्रकरणों को देख कर उचित कार्यवाही जरूर करनी चाहिए जिससे विकास कार्य आमजनों तक पहुँचे।

# आजसू कार्यालय में मनाया गया हूल दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागाँव :** आजसू पार्टी प्रखंड कार्यालय में हुल दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा एवं संचालन प्रखंड सह सचिव घनश्याम कुमार ने किया। इस दौरान लोगों ने सिद्धू - कान्हो के चित्र पर माल्यापर्ण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य घनश्याम ने कहा कि हूल क्रांति दिवस पर ब्रिटिश शासन के विरुद्ध क्रांति की मशाल उठाने वाले सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानों सहित हजारों जनजाति वीर-वीरांगनाओं को कोटि-कोटि नमन। देश की आजादी में सिद्धू- कान्हो की अहम भूमिका थी। केंद्रीय सचिव मुखिया अनिकेत कुमार नायक ने कहा अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आदिवासियों के विद्रोह संघर्ष और उनके बलिदान को याद करने का विशेष दिन है साथ ही साथ झारखंड विरों और शहीदों की धरती है,सिद्धू-कान्हू ने अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। अपने हक अधिकार और देश के खातिर इन वीरों ने अपनी कुर्बानी दिया। वहीं प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा ने कहा कि नायकों की शहादत हम सभी को सदैव प्रेरित करता है। करो या मरो अंग्रेजों हमारे माटी छोड़ो का नारा देते हुए अत्याचारी विदेशी दासता से मातृभूमि को मुक्त करने के लिए जन क्रांति का आगाज किया था। देश के आजादी में सिद्धू-कान्हू की महत्वपूर्ण भूमिका थी। सिद्धू-,कान्हू के आदम साहस से जुड़ा है,जिन्होंने विदेशी शासको के अत्याचार का पुरजोर विरोध किया था। मौके पर केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र कुमार, युवा प्रखंड सचिव पप्पू प्रसाद, अनुसूचित जाति प्रखंड अध्यक्ष तुलेश्वर राम, किसान मोर्चा सचिव सुरेश दांगी, मुरली महतो, शिवदयाल महतो, दीपक कुमार, पिंटू कुमार आदि उपस्थित थे।

## कैंट मंडल में सुनी गई मन की बात, रोपे गए फलदार वृक्ष

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हर महीने के अंतिम रविवार को सुने जाने वाली मन की बात कार्यक्रम को पूरे कैंट मंडल में सभी बूथों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना। इसी क्रम में बूथ नंबर 50 के अध्यक्ष सत्यजीत चौधरी की अध्यक्षता में भाजपा नेता पूर्व विधानसभा प्रत्यासी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय कार्यालय पर वार्ड नंबर छः अंतर्गत आने वाले सभी नौ बूथ क्रमशः 47, 48, 49, 50, 51, 52, 53, 54, 55 के अध्यक्षों की उपस्थिति में कार्यक्रम को सुना गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में कुंटू बाबू एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव जी उपस्थित रहें। मन की बात कार्यक्रम संपन्न होने के पश्चात उपस्थित सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में कुंटू बाबू ने अपने माताजी की याद में आम का दो फलदार पौधा रोपण ख किया और कहा की अपने माताजी के नाम पर पौधा लगाने का संदर्भ उस पौधे से अपनत्व और भावनात्मक जुड़ाव को जागृत करने का एक तरीका है जिससे लोग पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें और उसे वृक्ष बनने में सहयोग करे साथ ही पूरे देश को भी वृक्ष की उपयोगीता और जरूरत का एक संदेश जाए।वहीं कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने बताया की प्रधानमंत्री के मन के बात कार्यक्रम को सभी आठ मंडलों में सामूहिक रूप से सुना गया। पूरे कार्यक्रम में मुख्य रूप से आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू,अजीत गुप्ता संजय श्रीवास्तव,अभिषेक चौधरी,सुरेंद्र शर्मा,मनोज साव,अरविंद सिंह,मणिशंकर ठाकुर इत्यादि पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## संयुक्त मोर्चा के नेताओं एवं दंगल सरदारों के बीच हुई बैठक

**गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** संयुक्त मोर्चा के बैनर तले गिद्दी दुर्गा मंडप के प्रांगण में संयुक्त मोर्चा के नेताओ एवं दंगल सरदारों के बीच बैठक की गई। जिसके अध्यक्षता संयुक्त मोर्चा के संयोजक सुंदरलाल बेदिया एवं संचालन प्रदीप रजक व विजय प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गिद्दी लोकल सेल को चालू करने में संयुक्त मोर्चा का अहम योगदान रहा है जिसके वजह से आज गिद्दी लोकल सेल चल रहा है। लोकल सेल चलने से जहां सैकड़ो लोगों को रोजगार सीजन होनी चाहिए थी वह नहीं हो पा रही है जिससे बेरोजगार लोगों में रोष व्याप्त है। लोकल सेल चालू होने से पूर्व संयुक्त मोर्चा और विस्थापित मोर्चा के बीच जो समझौता हुई थी उसके अनुरूप समझौते का पालन नहीं किया जा रहा है जो सारा सर गलत है गिद्दी लोकल सेल में कितना दंगल बना है इसकी भी स्पष्ट अभी तक मोर्चा को नहीं किया गया और मोर्चा ने जो दंगल रेयत स्थापित मोर्चा को दिया गया है उन दंगल को भी अभी तक पूरी गाड़ी नहीं मिली है जबकि 50,000 टन कोयल का उठा होने जा रही है इस स्थिति में दंगल के मजदूरों को चार से पांच गाड़ी मिल जानी चाहिए थी लेकिन अभी तक एक रोटेशन भी संयुक्त मोर्चा को पूरा नहीं किया गया है। जिसके चलते मजदूरों में ओह पोह की स्थिति बनी हुई है। आज की बैठक में दंगल के सरदारों से अपील की गई है कि 6 जुलाई को पुनः दुर्गा मंडप के समक्ष 149 दंगल के सभी मजदूरों को जुटान कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।



## कैथा रथयात्रा मेला महोत्सव 07 जुलाई को, महोत्सव की तैयारी में जुटे ग्रामीण

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष द्वितीया 07 जुलाई को कैथा में होने वाले रथयात्रा एवं मेला महोत्सव की तैयारी जोर-शोर से चल रही है।कैथा रथयात्रा महोत्सव को लेकर आयोजन समिति सदस्यों ने गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी से मुलाकात कर उन्हें रथयात्रा के पावन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि व रामगढ़ विधायक सुनिता चौधरी को बतौर विशिष्ट अतिथि को निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया। वहीं गिरिडीह सांसद महोदय ने सहर्ष आमंत्रण स्वीकार करते हुए आयोजन समिति को रथयात्रा महोत्सव की तैयारी में जुटने और स्वच्छता और पवित्रता के साथ आयोजन संपन्न करने की बात कही। गौरतलब हो कि प्रतिवर्ष रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 26 कैथा रथयात्रा महोत्सव का आयोजन होता है जहां हजारों की तादाद में सैलानी और श्रद्धालु पहुंचते और भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र का पूजा अर्चना कर मनोवांछित फल पाते हैं। रथयात्रा को लेकर पूरे रामगढ़ जिले में उत्साह का माहौल है। क्षेत्रवासी रथमेला को लेकर तैयारी में जुटे हैं।आमंत्रण देने में आयोजन समिति के अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद देवधारी महतो,सचिव राजेश कु महतो, मुख्य पुजारी बी.एन चटर्जी,संजय महतो,छोटेलाल महतो,अजय आस्था आदि लोग उपस्थित थे।



## कुंदरु कला में गांव-ग्राम देवताओं की पूजा को लेकर कमेटी का हुआ गठन

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ प्रखंड अंतर्गत कुंदरु कला पंचायत के नौवा बगीचा में ग्राम देवताओं की पूजा करने को लेकर सैकड़ो ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता कुंदरु कला पंचायत के मुखिया किसुन राम मुंडा ने किया। बैठक में ग्रामीणों द्वारा निर्णय लिया गया कि प्रत्येक हर 12 वर्ष में गांव के सभी सरना स्थल पर देवी देवताओं की विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती रही है परंतु 20 वर्ष का लंबी अंतराल होने के कारण पूजा करने का निर्णय लिया गया इस वर्ष 2024 को विधि विधान से ग्राम देवताओं की पूजा अर्चना की जाएगी जिसमें मुख्यतः गांव देवती, सरना स्थल सहित दर्जनों जगह पूजा करने का निर्णय लिया गया पूजा आषाढ़ महीना में की जाएगी, जिसके लिए संचालन समिति का सर्वसम्मति से गठन भी किया गया,अध्यक्ष मोहराय महतो, उपाध्यक्ष विनोद करमाली, सचिव मधेश्वरा महतो सहसचिव उमाशंकर महतो कोषाध्यक्ष नेवालाल महतो अप को सड़क बुधन बेदिया संरक्षक हीरालाल महतो शैलेंद्र महतो नरेश रविदास जीतराम मास्टर विजय केसरी के अलावे सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।



# भगवान सिद्धों कान्हू व चांद भैरव के बलिदानों को कभी भुलाया नहीं जा सकता : दशई मांझी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** उरीमारी के चेकपोस्ट स्थित स्थापित भगवान सिद्धों कान्हो कि प्रतिमा के समक्ष रविवार को हुल दिवस मनाया गया। वहीं यह हुल दिवस अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केन्द्रीय सचिव दशई मांझी के नेतृत्व में मनाया गया। वहीं इस हुल दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक अजय सिंह, उरीमारी परियोजना पदाधिकारी दिलीप कुमार, बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास,खान प्रबंधक बिरसा राजेश प्रियदर्शी,डिएवी प्राचार्य युके राय, सेल इंचार्ज बिरसा राकेश कुमार मौजूद रहे। वहीं सभी अतिथियों ने सिद्धो कान्हो कि प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसदौरान लोगों ने सिद्धो कान्हो अमर रहे, चांद भैरव अमर रहे का नारा लगाया। वही हुल दिवस पर अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम के केन्द्रीय सचिव दशई मांझी ने कहा कि आज के दिन 30 जून 1855 को नई क्रांति की शुरुआत हुई थी। अंग्रेजों को भगाने की योजना बनी थी. इसलिए पूरे देश में 30 जून को हूल दिवस मनाया जाता है। इस दिन आदिवासियों की शौर्य गाथा और बलिदान को याद किया जाता है जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। हम उन 50 हजार अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति रहे हूल वीरों को याद करते हैं जिन्होंने भूखे नंगे रह कर केवल परंपरागत हथियारों से अंग्रेज और उनकी सेना को धूल चटा दी थी। वहीं मुख्य अतिथि महाप्रबंधक अजय सिंह ने कहा कि हूल क्रांति का प्रभाव पूरे देश में पड़ा। भारत के इतिहास में 1857 के सिपाही विद्रोह को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का पहला विद्रोह माना जाता है लेकिन इससे 2 साल पहले ही क्रांति का बीजारोपण हो चुका था। और इस साहस के बूते ही भगवान सिद्धों कान्हो और चांद भैरव ने अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिये थे। वहीं इस विद्रोह में 20 हजार लोगों की जान चली गई लेकिन अंत में उन्होंने अपनी माटी से अंग्रेजों को खदेड़कर ही दम लिया था। वहीं इस मौके पर दिनेश करमाली,सुखू मांझी,रैना टुडू, सुरेश मुर्मू,खेपन मांझी, युगल करमाली, संतोष प्रजापति, नकूल प्रजापति, भवानी शंकर प्रसाद, कृष्णा सोरेन, जितेन्द्र यादव, तालों हांसदा, बिनोद सोरेंन, सत्यनारायण बेदिया, सुखदेव किस्कू,सुदिप राय किस्कू,भादो करमाली, राजू पावरीया, राजू टुडू,संजूल मांझी,मोहन पावरीया, लालजी पावरीया, मनोज टुडू,अजय टुडू, अनिल मुर्मू, प्रेम पावरीया, मंजीत मुर्मू, प्रकाश हांसदा, बसंत सोरेन,भोला किस्कू,प्रदिप किस्कू, बिहारी मांझी, बिरजू सोरेन,सोमरा मांझी,विगन मांझी आदि लोग मौजूद थे।



## पतरातू आजसू पार्टी द्वारा मनाया गया हूल दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** आजसू पार्टी के पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय पतरातू में पतरातू प्रखण्ड के कार्यकारी अध्यक्ष ब्रजेश सिंह के अध्यक्षता में हुल दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में केंद्रीय सदस्य अशोक पाठक उपस्थित हुवे उन्होने वीर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया और संबोधित करते हुए कहा कि 30 जून, 1855 को भोगनाडीह गांव में पहुंचकर संताल विद्रोहियों ने अंग्रेजों से आमने-सामने की जंग का एलान करने के साथ मालगुजारी नहीं देने और अंग्रेज हमारी माटी छोड़ो का जोर-शोर से एलान किया था। अंग्रेजों ने तब संथाल विद्रोहियों से घबराकर उनका दमन प्रारंभ किया। तब विद्रोहियों को सबक सिखाने के लिए अंग्रेजों ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दीं। चांद और भैरव को अंग्रेजों ने मार डाला। इसके बाद सिद्धो और कान्हु को भोगनाडीह में ही पेड़ से लटकाकर 26 जुलाई 1855 को फांसी दे दी गई। संथाल की माटी के इन्हीं शहीदों की याद में हर साल 30 जून को हूल दिवस मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला प्रवक्ता विरेंद्र झा,मनोज राम,राजेश पटेल,लक्ष्मी कांत महतो,गणेश करमाली,राकेश विश्वकर्मा,रंजीत तिवारी,विनोद सिंह,धीरज चौधरी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## संघर्ष और बलिदान की गाथा लिखने वाले भगवान सिद्धो कान्हू को नमन : सोनाराम मांझी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा के नये कार्यलय का उद्घाटन बिरसा परियोजना पदाधिकारी डी शिवा दास, झारखंड मुक्ति मोर्चा के केन्द्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, विस्थापित समिति न्यू बिरसा पोटंगा के अध्यक्ष सुरज बेसरा के द्वारा फिता काटकर किया गया। वहीं कार्यलय उद्घाटन से पुर्व सुर्यनंदन पंडित के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। वहीं नये कार्यलय उद्घाटन के तत्पश्चात हुल दिवस मनाया गया। वहीं हुल दिवस के मौके पर बिरसा पीओ डी शिवा दास, झामुमो के केन्द्रीय सदस्य सोनाराम मांझी ने भगवान सिद्धो कान्हो चांद भैरव और फुलो झानो कि चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस मौके पर बिरसा पोओ डी शिवा दास ने कहा कि 30 जून 1855, साहेबगंज का भोगनाडीह, 400 गांवों के करीब 50 हजार संथालों का हुजूम, हर हाथ में परंपरागत हथियार, हर दिल में गुस्सा और हर सीने में आग का तूफान. हर किसी के दिल में आक्रोश चरम पर था। ये आक्रोश और तूफान कोई साधारण नहीं था। ये एक क्रांति थी,नई शुरुआत थी,जिसने कई मिथकों को तोड़ डाला। संथाली भाषा में कह लें तो ये एक हूल था। जिसने जनमानस को नई क्रांति के लिए



पूरी तरह से उद्वेलित कर डाला।वहीं इस मौके पर खान प्रबंधक राजेश प्रियदर्शी, सेल इंचार्ज बिरसा राकेश कुमार, विस्थापित नेता संतोष कुमार सिंह, मनोज मुंडा, गणेश गंझू ,विश्वनाथ मांझी, संजय करमाली, बिनोद हेम्ब्रोम, जूरा सोरेन,लेचा मांझी,पापू मांझी, पंकज हेम्ब्रोम, विजय सोरेन, प्रेम सोरेन, अजय करमाली, उप मुखिया रविन्द्र सोरेन, अजय मरांडी, अजय बेसरा, संजय सोरेन, दिनेश टुडू, महावीर मुर्मू, बिनोद सोरेन, कामेश्वर मुंडा, पप्पूलाल मांझी, लीलमुनी देवी, डोरको देवी, कपूरमुनी देवी,ममता देवी, तलमी देवी, सरिता देवी,पिंकी देवी,बुधनी देवी, क्रांति देवी,कर्मी देवी, अनीता देवी, अनीता हंसदा, पूनम देवी, विजय टुडू, बसंत मांझी, संजय हेम्ब्रोम, मनाराम टुडू,सूरज करमाली, सुनील सोरेन आदि लोग उपस्थित थे।

# आजसू पार्टी ने मनाया हूल दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** आजसू पार्टी के द्वारा जिला कार्यालय रामगढ़ में हूल दिवस मनाया गया।इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एव विष्टिअतिथि जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो उपस्थित हुए।इस अवसर पर आयोजित सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी एव संचालन महेश करमाली ने किया।हूल दिवस के अवसर पर हूल दिवस के नायक वीर शहीद सिद्दो -कान्हो,फूलो झानो,चांद भैरव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर गिरिडीह सांसद आदरणीय श्री चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि हूल दिवस संताल विद्रोह का प्रतीक है। झारखंड के वीर शहीद सिद्दो -कान्हो फूलो झानो चांद भैरव ने अपनी अस्मिता, संस्कृति और संप्रभता को बचाए रखने के लिए अंग्रेजी सरकार से लड़ते-लड़ते प्राण न्यौछावर कर दिए।उनकी बलिदानी का प्रतिफल है कि आज का स्वतंत्र भारत और अलग झारखंड में हम सभी निवास कर रहे हैं।हूल दिवस के अवसर पर हम सभी को उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लेना है। इस अवसर पर बीते लोकसभा चुनाव की समीक्षा और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति तय करते हुए पदाधिकारियों को दायित्व दिया गया इस अवसर पर



मुख्य रूप से उपस्थित केंद्रीय सदस्य अमृत लाल मुंडा,मनोज महतो,लालबिहारी महतो,युवा नेता पियूष चौधरी, प्रधान सचिव अनुज तिवारी,जिला कोषाध्यक्ष किशुन राम मुंडा, नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो, सचिव राजेंद्र महतो, प्रदीप कुशवाहा,लालन सिंह, कलावती देवी, रेखा देवी, लाजवंती देवी,आशा महतो, पिंकी देवी, बिभन सिंह, भुनेश्वर महतो,देवधारी महतो, रोशन महतो, अरविंद महतो,मुहराय महतो,बबलू करमाली, नीतीश निराला,मनोज कुमार,हीरा गोप,संतोष महतो, मोहरलाल महतो,जोगेंद्र मुंडा,तेजपाल महतो, नुनूलाल महतो, इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## बुद्धिजीवी मंच ने मैट्रिक में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले 50 छात्र छात्राओं को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** बरकाकाना क्षेत्र के पांच उच्च विद्यालयों के 50 छात्र छात्राओं को बुद्धिजीवी मंच द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर प्रशस्ति पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया। साथ ही बरकाकाना क्षेत्र के उन युवाओं को भी प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया जो 2023-24 में सरकारी नौकरी प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। सम्मान समारोह नया नगर बरकाकाना दो नंबर गेट के समीप सामुदायिक भवन में हुआ।मुख्य अतिथि के तौर पर सेन्ट्रल रिपेयर शॉप, बरकाकाना के महाप्रबंधक प्रवीण कुमार ने कहा कि बुद्धिजीवी मंच के कोशिशों को सलाम करता हूं शिक्षा के प्रेरित करना अच्छी बात है। शिक्षा विकास की धुरी है मैं भी क्षेत्र को शिक्षित और विकसित बनाने में सहयोग दूंगा। बड़कागांव विधायक सुश्री अम्बा प्रसाद ने कहा कि बुद्धिजीवी मंच का प्रयास सराहनीय है। उन्होनें कहा कि शिक्षा से विकास के रास्ते खुलते हैं मंच उन गरीब ग्रामीण को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित कर रहा है जिनके यहां उच्च शिक्षा का प्राप्त करने का सोच और संकल्प की कमी है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर एस ओ पी सुनील सहारे ने कहा कि आज के इस युग में शिक्षा के बिना विकास और संपन्नता की कल्पना असंभव सा है। इस अवसर पर प्रदीप चक्रवर्ती, पंचम करमाली, सुशील कुमार, सुरपति देवी, देवकीनंदन बेदिया, जी एस राय, संजय शर्मा, महावीर राम,ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सोनी महतो, कवित्री बेदिया, फरीदा खातून, पूर्णिमा देवी, निशा परवीन, देवकी बेदिया, रामा ठाकुर, गुड्डू कुमार, दिनेश करमाली, रविंद्र मुंडा, सुरेंद्र बेदिया, मो इमरान, आफताब आलम, दिलदार मास्टर, शिवशंकर बेदिया, तृतियाल बेदिया, रियासत हुसैन, नरेश प्रजापति, मदन दांगी, विनोद मुंडा, भगवान सिंह, दिलीप कुमार,भारत करमाली आदि उपस्थित थे।

## डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल प्रबंध समिति की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल मुर्रामकला के प्रांगण में रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायिका सुनीता चौधरी ने स्कूल की प्रबंध समिति की बैठक में हिस्सा लिया और झारखंड सरकार द्वारा स्कूल को प्राप्त अनुदान राशि को स्कूल शिक्षकों के बीच वितरित किया। साथ ही साथ विधायक ने पिछले वर्ष की प्रबंध समिति की बैठक में क्षेत्रीय भाषा को बढ़ावा देने के लिए स्कूल में खोरठा की पढ़ाई शुरू करने के लिए सुझाव दिया था जिसे स्कूल मैनेजमेंट कमेटी ने पूरा करते हुए स्कूल में खोरठा की पढ़ाई सत्र 24 - 25 से शुरू कर दी गई इस बात को लेकर उपस्थित सभी लोग और विधायक उत्साहित और खुश नजर आई और अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय क्षेत्रीय भाषा को बढ़ावा देने के लिए उनकी पहला हमेशा रहती है और उन्होंने अपने माध्यम से सभी क्षेत्रों में स्थानीय भाषा को आगे बढ़ावा देने के लिए हमेशा प्रयासरत रहती है मौके पर उपस्थित शिक्षाविद वासुदेव महतो ने खोरठा की पढ़ाई शुरू किए जाने पर प्रसन्नता जाहिर की और उन्होंने भी पिछली बार स्थानीय भाषा को बढ़ावा देने के लिए पुरज़ोर समर्थन दिया था और स्कूल में खोरठा भाषा की पढ़ाई शुरू होने पर उन्होंने भी प्रसन्नता जाहिर की सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने डिवाइन ओंकार मिशन स्कूल के सभी कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की और हमेशा इसे आगे बढ़ाने में अपनी ओर से समर्थन देने की बात कही स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के द्वारा विधायिका महोदय से एक स्कूल परिसर में मस्ट लाइट भी लगाने का आग्रह किया गया जिसे उन्होंने जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया।बैठक में शिक्षाविद वासुदेव महतो सुजीत कुमार, अनुपमा सिंह, नीरज मंडल अरुण बनर्जी संजय बनारसी और विधायक महोदया के समर्थक उपस्थित थे।

## रामगढ जिला कांग्रेस कमेटी के ओबीसी प्रकोष्ठ द्वारा बूथ सशक्तिकरण अभियान का शुभारंभ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ के माइंस रेस्क्यू स्टेशन के सभागार में जिला कांग्रेस कमेटी के ओबीसी प्रकोष्ठ द्वारा बूथ सशक्तिकरण अभियान 2024 का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामगढ़ जिला ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चंदन प्रसाद ने किया, संचालन पूर्व नगर अध्यक्ष संजय साव ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन आसिफ इकबाल के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर रामगढ़ विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती ममता देवी उपस्थित थी ।कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत दीप प्रज्वलित कर उनके द्वारा किया गया कार्यक्रम में संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में बूथों में सक्रिय कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका होगी उपस्थित कार्यकर्ताओं को उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि सभी लोग अभी से ही अपने-अपने बूथों को और भी सशक्त बनाने का प्रयास करें और जहां भी हमारी जरूरत महसूस हो बताएं हम अभी से ही गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे ।मौके पर खोगेंद्र साव,अमित महतो, रीना देवी, रीना राय, रूपेंद्र महतो, भारत महतो, पिंटू अंसारी, शिबू दांगी,राजू वर्मा,मनोज कुमार सिन्हा, संजय गांधी,योगेंद्र महतो,अमर सिन्हा, गोविंद महतो, संजय महतो,चरकू महतो,विजेंद्र महतो, भोला महतो, धर्मवीर दास,लखन मुंडा, संतोष नायक,साजिद हुसैन, समीर हुसैन, मुकेश प्रजापति, मंटू नायक,मनोज विजय ठाकुर,शिवजी सिंह, मन्ना मंसूरी, मोहम्मद अब्बास, मुन्ना पेंटर,पवन महतो,साजिद इत्यादि उपस्थित थे।

## विप्रसं मोर्चा की बैठक में कई निर्णय लिए गए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** कटिया सरना काली मन्दिर परिसर में पीवीयूएन के विस्थापित प्रभावितों क़ी बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता आदित्य नारायण प्रसाद ने किया बैठक में पीवीयूएन द्वारा स्थापित किए जा रहे 4000 मेगावाट पावर प्लांट और उसमें यहाँ के विस्थापित-प्रभावितों का अधिकार और भागीदारी को लेकर पीवीयूएन प्रबंधन को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। स्पष्ट किया गया कि निर्माणधीन प्लांट पर सिर्फ और सिर्फ विस्थापित-प्रभावित ग्रामीणों का अधिकार है और इसके लिए ही विप्रसं मोर्चा लगातार आवाज बुलंद कर रहा है और आगे भी करता रहेगा। वर्तमान प्रबंधन के साथ हम सभी की उम्मीदें जुडी हुई है। प्रबंधन विस्थापित-प्रभावितों की उम्मीदों पर खरा उतरे, भावनाओं को समझें, समस्याओं के समाधान के लिए इधर-उधर घूमने के बजाय सीधा रास्ता अख्तियार करें,तो हमारा सहयोग भी निर्माणाधीन प्लांट के लिए मिलेगा,लेकिन यदि इसे नज़रअंदाज किया गया तो मोर्चा आगे बढ़कर विस्थापित-प्रभावित ग्रामीणों के अधिकार की सुरक्षा के लिए हर तरह का कदम उठाने के लिए तैयार है।बैठक में कुमेल उरांव,राजा राम प्रसाद, किशोर कुमार महतो, अब्दुल क्यूम अंसारी, कौलेश्वर महतो, प्रिय नाथ मुखर्जी, मनु मुंडा,अशोक महतो, कपिल मुंडा, लक्ष्मी कांत, देव राज राम,प्रेम कुमार, राकेश मुंडा, राकेश सिंह, अशोक उरांव, राजकुमार,नरेश महतो, राजेश महतो, रिंकू देवी, वीणा देवी, प्रदीप कुमार, प्रकाश, भरत साहू, विजय सोनी,बासुदेव ठाकुर, असलम इक़बाल,राजेंद्र साहू, अमित कुमार,पूनम देवी, कौधल्या देवी, सरिता देवी,माला देवी, ममता देवी, चंदा देवी,ललिता देवी, कदम देवी, मधु देवी, आदि भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे।

# अखिल भारतीय किसान सभा का राज्य सम्मेलन हुआ संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य सम्मेलन के शुरुआत करने से पहले सिंदो -कांदो फुलो -झारो के प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित किया गया पुष्पांजलि अर्पित करने से पहले रैली निकालकर गगन भेदी नारा लगाया गया। मौके पर भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा उपस्थित थे। सर्वप्रथम अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कार्य रिपोर्ट एवं सांगठनिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया । मौके पर राष्ट्रीय महासचिव डी राजा ने कहा कि आज भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसानों की हालत सबसे बदहाल है लेकिन केन्द्र की मोदी सरकार का इस ओर कोई ध्यान नहीं है बल्कि तीन काला कृषि कानून के चलते हजारों देश के हजारों किसान शहीद हुए। किसान सभा के राज्य अध्यक्ष भूवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि आज देश सहित झारखंड में किसानों की हालात खराब है झारखंड राज्य में खेती किसानी के लिए किसानों के खेत में पानी पहुंचाने के लिए किसी सरकार ने अभी तक कोई काम नहीं किया यहां के किसान आज भी भगवान भरोसे खेती पर निर्भर है। वहीं विस्थापन से हजारों किसान बेघर हो गए हैं। वही सर्व सहमति समिति से 35 सदस्य कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष कामरेड भुनेश्वर प्रसाद मेहता



, कार्यकारिणी अध्यक्ष केडी सिंह वरीय उपाध्यक्ष जैनेंद्र ,उपाध्यक्ष् नेमन यादव अर्जुन कुमार, हेमकांत मांझी, महादेव राम ,कोषाध्यक्ष जितेंद्र सिंह। महासचिव पुष्कर महतो, उप महासचिव महेंद्र पाठक गणेश प्रसाद महतो ,सोनिया देवी अनुरूध कुमार। विमणकांत घोष, उमेश सिंह चारों ,सदस्य जगदीश महतो। मुकुंदन महतो। ,अमरूल महेश बेसरा, मेवालाल प्रसाद, साबिर अंसारी बीएन ओहदार महेश सिंह उपस्थित साथी महेंद्र पाठक केडी सिंह कन्हैयालाल पहाड़िया पीके पांडे अजय सिंह रुचि तिवारी विष्णु कुमार मनोज कुमार महतो शंभू प्रसाद मिथिलेश दागी गणेश महतो अंबुज ठाकुर जितेंद्र सिंह मेमन यादव जैनेंद्र कुमार पीयूष कुमार जियाउल अंसारी मनोज पहन पोचाई प्रसाद महादेव राम सोनिया देवी सीमा राजकिशोर बेदिया आदि थे ।

## किसान महाजुटान को लेकर तैयारी पूर्ण : संतोष महतो

**रजरप्पा :** कैथा के समीप राँची हज़ारीबाग़ फ़ोरलेन में स्थित पार्थ होटल सभागार में बैठक रखा गया जिसमें निकटवर्ती अगुवा किसानों का बैठक सह परिचर्चा आयोजित किया गया। बैठक में आगामी किसान महाजुटान को लेकर रणनीति बनायी गयी। बैठक की अध्यक्षता झारखण्ड किसान महासभा के अध्यक्ष राजू महतो ने किया बैठक का संचालन अशोक महतो और कपिल देव महतो ने संयुक्त रूप से किया।बैठक में झारखण्ड में मिलेट खेती के विशेषज्ञ पंकज रॉय ने आधुनिक खेती के साथ साथ खेती आधारित उद्यमों के विकास और आम किसान के संयोजन के एजेंडे पर विस्तृत बात रखी और महासभा द्वारा हर संभव सहायता और प्रशिक्षण आदि के प्रक्रिया पर लोगों को सुझाव दिये।

उप विकास आयुक्त ने की जिला टास्क फोर्स की बैठक

## नियमित टीकाकरण को लेकर सिविल सर्जन को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उप विकास आयुक्त सादात अनवर के द्वारा रूटीन टीकाकरण, वीपीडी निगरानी, आईडीसीएफ एवं मातृ शिशु स्वास्थ्य समेत स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के लिए जिला टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में की गई। बैठक के दौरान सर्वप्रथम डीडीसी ने सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन से नियमित टीकाकरण के तहत स्वास्थ्य विभाग के पूर्व में हुई जिला स्तरीय टास्कफोर्स की बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली। जिसके उपरांत डब्लूएचओ से डॉ अमित कुमार तिवारी के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से डीडीसी एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को धनबाद जिले में बच्चों के नियमित टीकाकरण के तहत खसरा एवं रूबेला सहित बच्चों में नियमित टीकाकरण के अभाव में होने वाली विभिन्न बीमारियों को लेकर जिले में अब तक हुए कार्यों की जानकारी एवं उनमें किए जाने वाले सुधार के संबंध में किए जाने वाले कार्यों के बारे में बताया गया।

## हूल दिवस पर वीर सिद्धो-कान्हू को विधायक ने दी श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** कोयलांचल समेत पूरे झारखंड में रविवार को हूल दिवस मनाया गया। इस उपरांत में बरमसिया स्थित ब्रिज पर सिद्धो कान्हू के चित्र प्रतिमा पर विधायक राज सिन्हा ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

मौके पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि समाज के प्रति इन महापुरुषों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। इनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है।

## गिरिडीह : प्री मानसून की बारिश के बाद इरगा नदी पर निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ध्वस्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** झारखंड और बिहार को जोड़ने वाला गिरिडीह जिला के भेलवाघाटी स्थित नदी पर बना पुल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। शनिवार को प्री मानसून की बारिश के बाद इरगा नदी पर निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ध्वस्त हो गया। रविवार की सुबह जब ग्रामीणों की नज़र क्षतिग्रस्त पुल पर पड़ी तो स्थानीय मुखिया को मामले की जानकारी दी गई। बताते चलें कि गिरिडीह जमुई को जोड़ने वाली सड़क पर फतेहपुर से भेलवाघाटी के बीच नदी पर पुल निर्माण कार्य बीते पांच सालों से चल रहा था।पुल निर्माण कार्य पूरा तो नहीं हो पाया मगर उससे पहले शनिवार की रात पुल का एक हिस्सा जमींदोज हो गया। इस बाबत जब पथ प्रमंडल विभाग के कार्यपालक अभियंता विनय कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस पुल का निर्माण उनके कार्यकाल से पहले का है।

निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा घोर अनियमितता की गई है। कहा इस मामले में वह संवेदक के विरुद्ध कारवाई को लिखेंगे।बताते चलें कि पांच साल पूर्व पुल निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई थी। करोड़ों की लागत से बनने वाले इस पुल का निर्माण कार्य ओम नमः शिवाय एजेंसी ने लिया था। मगर पांच सालों में भी पुल का निर्माण एजेंसी द्वारा पूरा नहीं किया जा सका और अधूरा पुल ही बारिश के कारण ध्वस्त हो गया।

## पेट्रोल पंप कर्मी के साथ युवक ने किया हाथापाई, दोनों घायल

**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड क्षेत्र के कोडरमा कोवाड मुख्य पथ पर स्थित चीताखारो पेट्रोल पंप के पास रविवार को पेट्रोल पंप कर्मी और अपनी बाइक में पेट्रोल भरवाने आए एक युवक के साथ कहासुनी हो जाने के बाद दोनों के बीच मारपीट हो गई। जिसमें पेट्रोल पंप कर्मी पवन कुमार और एक अज्ञात युवक जिसकी पहचान सोनालाल के रूप में की गई, दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। देखते हीं देखते एकत्रित हुए दर्जनों लोग उग्र और अक्रोशित हो गए । इस घटना की सूचना मिलते हीं भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज एवं बिरनी थाना प्रभारी राजीव कुमार सदलबल के घटना स्थल पर पहुंच कर अक्रोशित लोगों को समझा बुझा कर घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरनी भेज दिया वहीं घटना स्थल पर मौजूद जिप सदस्य सूरज सुमन ने कहा कि एक मामूली झगड़े ने जिस प्रकार का रूप ले लिया था जिससे लग रहा था कि कोई बड़ी घटना हो सकती है परंतु पुलिस प्रशासन की तत्परता से एक बड़ी घटना टल गई। एवं दोनों पक्षों को समझा बुझा कर मामला शांत करवाया। मौके पर प्रमुख रामु बैठा, उप प्रमुख शेखर सुमन, बलगो मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, खेदवारा मुखिया प्रतिनिधि ईश्वर मण्डल समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## गिरिडीह में प्रधानमंत्री के मन की बात पर कार्यक्रम आयोजित

**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को गिरिडीह ज़िले में बेंगाबाद



मंडल कार्यालय में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहली मन की बात कार्यक्रम आयोजन ज़िला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी के नेतृत्व में किया गया। वहीं लोगों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।मन की बात कार्यक्रम के समापन के पश्चात अपने संबोधन में अध्यक्ष मुनिया देवी ने संबोधित करते हुए कहा कि ने प्रधानमंत्री अपने मन की बात कार्यक्रम में लोकल को वोकल बनाने के लिए जोर दिया है। साथ ही पर्यावरण के दृष्टिकोण से एक पौधा लगाया जाए इस पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि अपने मां सम्मान के लिए एक पेड़ मां के नाम को लेकर कार्यक्रम के तहत घर-घर तक पहुंच कर हम पर्यावरण को बेहतर बना सकते हैं।साथ ही इस माह के 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया हम अपने स्वास्थ्य को योग के माध्यम से और बेहतर बना सकते हैं; इसलिए हम प्रतिदिन आधे घंटा योग करें और निरोग रहे। हम प्रगतिशील भारत को विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए हर क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाना होगा।इधर गिरिडीह में पूर्व विधायक निर्भय शाहबादी के आवास में मन की बात सुन गया । वही भाजपा नेता सुरेश साव ने शास्त्रीनगर में कार्यकर्ताओं में साथ प्रधानमंत्री की मन की बात सुना। मौके पर उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजेश पोद्दार, पूर्व प्रमुख और जिला मंत्री भाजपा रामप्रसाद यादव , महेश राम समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने दिया असंगठित मजदूर संयुक्त मोर्चा को समर्थन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** असंगठित मजदुर संयुक्त मोर्चा के बैनर तले 15 सूत्री माँगो को लेकर टाटा स्टील भेलाटाँड कोलियरी के सभी ठेका मज़दूर एकत्रित हुए। टाटा प्रबंधक और प्रशासन को ज्ञापन देकर मजदूरो ने अनिश्चितकालीन धरने पर जाने का फ़ैसला किया। धरने का नेतृत्व कर रहे आनंद गोप और मनीष महतो ने कहा जब तक मजदूरो का समस्या हल नहीं होता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति ने असंगठित मजदुर संयुक्त मोर्चा को समर्थन दिया। स्थानीय जेबीकेएसएस नेता दीपक महतो पहुँच कर इस आंदोलन को समर्थन दिया और कहा की दिये गये समय पर जल्द से जल्द अगर कंपनी समस्याओं का हल नहीं करती है तो छठे दिन सड़क पर उतर कर ज़ोरदार आंदोलन किया जायेगा।

## टीएमसी ने हूल दिवस पर वीर सपूत सिद्धो-कान्हू को दी श्रृद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददता

**धनबाद :** अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस झारखंड प्रदेश के तत्वावधान तथा प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष फिल्मोन टोप्पो की अध्यक्षता मे हूल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे सिद्धो-कान्हू और उनके सहयोगियों के योगदान व बलिदान की चर्चा हुई और उनके तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मौके पर ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सह धनबाद प्रभारी एवं आगामी विधानसभा चुनाव मे धनबाद के भावी उम्मीदवार मुख्तार अहमद ने कहा की हूल संथाली भाषा का एक शब्द है, जिसका मतलब होता है विद्रोह। 30 जून,1855 को झारखंड के आदिवासियों ने अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचार के खिलाफ पहली बार विद्रोह का बिगुल फूंका। यह सबसे पहला और सफल आंदोलन था जिसमे अंग्रेजों को मात खानी पड़ी। जिसका प्रभाव उस समय के संपूर्ण भारत पर पड़ा और हर जगह अंग्रेजों के विरुद्ध आंदोलन प्रारंभ हुआ। वहीं प्रदेश प्रवक्ता संजय पांडे ने कहा की इस प्रकार के आंदोलन से हम सभी को प्रेरणा लेने की आवश्यक्ता है जिससे झारखंड के संसाधन को बचाया जा सके क्योंकि झारखंड के संसाधनो को भाजपा लुटने पर आतुर है। जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिये हम सभी झारखंड प्रदेश के लोग दृढ़ संकल्पित और आंदोलित हैं।मौके पर उपाध्यक्ष इसराफुल शेख, यूथ के प्रदेश अध्यक्ष बंटी इराकी, झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ धनबाद के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी समेत कई पदाधिकारी एवं सैकड़ों की संख्या मे कार्यकर्ता उपास्थित थे।

## महुदा में ट्रैक्टर व ट्रक के बीच भीषण टक्कर, ट्रैक्टर चालक की मौत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** धनबाद जिला के बाघमारा प्रखण्ड़ अंतर्गत धनबाद , बोकारो मुख्य मार्ग फोर-लेन में काण्ड्रा पंचायत सचिवालय के सामने ट्रेक्टर और एलपी ट्रक में टक्कर होने से टैक्टर चालक की मौत मौके पर हो गई। रविवार को अहले सुबह को कृष्णा राय पिता छेदी राय ग्राम तारगा बस्ती का निवासी है, ट्रेक्टर संख्या जेएच- 10 बी वाई - 5301 से ईट लेकर जा रहा था , इसी बीच एलपी ट्रक संख्या डब्ल्यू बी- 93 - 3258 से टक्कर होने पर ट्रेक्टर चालक कृष्णा राय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । अक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर विरोध प्रदर्शन करने लगा ।घटना की सूचना मिलते ही धनबाद लोक सभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न महतो घटना स्थल महुदा मोड़ पहुंचे और ग्रामीण और प्रशासन के बीघ समझौता हुआ की किसी तरह का केस मुकदमा ग्रामीणों पर दर्ज ना हो और इंश्योरेंस के सारे पैसा जल्द से जल्द मृतक के आश्रित को मिले। जिसमें प्रशासन ने पूरी सहायता करने की अश्वासन दिया, अंतिम संस्कार के लिए 20000 रुपये शत्रुघ्न महतो (शरद दा )ने अपने निजी मद से दिये और भाजपा के जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो ने भी अपने निजी मद से 2000 रुपये का सहयोग किया गया ।महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्डम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया । वार्ता के समय मौके पर तारगा पंचायत के पूर्व मुखिया परमेश्वर रवानी, पूर्व पंचायत समिति भुनेश्वर गोप, मुखिया प्रतिनिधि कैलाश रवानी, पूर्व जिला परिषद सदस्य सन्तोष कुमार महतो, थाना प्रभारी धीरज कुमार, मुंशी संजय सिंह, उप मुखिया निताई मोहली, राजेश कुमार महतो, जितन रवानी, अनिरोध गोस्वामी, कार्तिक राय, श्रीनाथ गोप एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## महाप्रबंधक ने विजेता बच्चों व टीमों को सम्मानित किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स के पूर्व मध्य रेल राज्य एवं सोनपुर तथा गढ़हरा जिला द्वारा पूर्व मध्य रेल इंटर कॉलेज गढ़हरा, बरौनी के विरेन्द्र शर्मा स्काउट पार्क में दिनांक 26.06.2024 से भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स के राष्ट्रीय स्तर का कब-बुलबल महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस महोत्सव में राजस्थान, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, झारखंड, बिहार राज्यों सहित पूर्व रेलवे, पूर्वोत्तर रेलवे तथा पूर्व मध्य रेलवे के करीब 150 कब-बुलबुल, उनके लीडर्स एवं अधिकारियों ने भाग लिया । इस महोत्सव में भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स के राष्ट्रीय मुख्यालय के उप निदेशक श्रीमती सुरेखा श्रीवास्तव एवं उनकी टीम शामिल थीं । इस महोत्सव में बच्चों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास से संबंधित उनके बीच कई तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिता का ओवर ऑल प्रथम स्थान पूर्व मध्य रेल को, द्वितीय स्थान पूर्व रेलवे को तथा तीसरा स्थान तामिलनाडु की टीम को प्राप्त हुआ जबकि ओवर ऑल चैम्पियन का खिताब राजस्थान को प्राप्त हुआ। इसी कड़ी में महोत्सव के अंतिम दिन 29.06.2024 को महाशिविराग्नी कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम मुख्य अतिथि महाप्रबंधक श्री तरूण प्रकाश तथा विशिष्ट अतिथि अध्यक्षा, पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन मीनाक्षी शर्मा के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर महाशिविराग्नी कार्यक्रम प्रारंभ किया गया । इस अवसर पर प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक श्री शिव कुमार प्रसाद एवं मंडल रेल प्रबंधक, सोनपुर विवेक भूषण सूद सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे ।

उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

## खनिज संपदाओं के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण की रोकथाम के लिए दिए कई दिशा निर्देश




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता मे जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने खनिज संपदाओं के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण के रोकथाम व कोयले के अवैध खनन में संलिप्त लोगों पर प्राथमिकी दर्ज करने के लिए दिशा निर्देश दिए। खनन क्षेत्र में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश करने एवं उनके द्वारा कोयला चोरी किए जाने की शिकायत पर चर्चा की गई। इस दौरान खनन क्षेत्र में अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश के रोकथाम के लिए पूर्व के बैठकों में दिए गए दिशा निर्देशों की उपायुक्त द्वारा समीक्षा की गई। इसको लेकर उपायुक्त ने बीसीसीएल के पदाधिकारियों को सीसीटीवी, हाई मास्क लाइट, एरिया बाउंडरी समेत अन्य व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी से खनन टास्क फोर्स द्वारा करवाई, गिरफ्तारी, अवैध कोयला, बालू की जब्ती हाईवे की जब्ती, मशीन एवं उपकरणों की जब्ती की रिपोर्ट की जानकारी ली। उपायुक्त माधवी मिश्रा ने खनन टास्क फोर्स की बैठक में संबंधित सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया कि जितने भी चिन्हित हॉटस्पॉट है उन सभी स्थानों पर लगातार छापेमारी करें साथ ही कार्रवाई करते हुए एफआईआर एवं डोजरिंग अवश्य सुनिश्चित करें। जिला द्वारा बनाई गई जॉइंट टीम को और तत्परता के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया। कहा कि ऐसे अवैध खादान को डोजरिंग कर ध्वस्त किया जाय। साथ ही सभी सीओ को निर्देशित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जहां भी सूचना मिलती है उन इलाकों में पुलिस के साथ जाकर छापेमारी करें। साथ ही सड़कों पर भी ट्रांसपोर्टेशन के माध्यम से हो रहे अवैध कार्य की छापेमारी कर कार्रवाई करें। कार्रवाई करने के बाद इसकी रिपोर्ट अवश्य बनाएं और कार्रवाई से संबंधित जानकारियां जैसे एफआईआर, गिरफ्तारी, डोजरिंग, सीजर आदि अवश्य दें। इसके अलावा प्रदुषण नियंत्रण हेतु क्षेत्रीय पदाधिकारी को लगातार जांच कर कार्रवाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। वरीय पुलिस अधीक्षक एच पी जनार्दनन ने कहा कि आपसी समन्वय हेतु हर 15 दिन में अंचलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के थाना प्रभारी के साथ अवश्य बैठक करें ताकि क्षेत्र में हो रहे खनिज संपदाओं के अवैध कारोबार को रोका जा सके।

## असर्फी कैंसर संस्थान में 400 चिकित्सकों के साथ मनाया गया डॉक्टर्स डे




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** एक डॉक्टर ही शारीरिक, मानसिक तकलीफ से ग्रसित इंसान के सभी दर्द और रोगों का निवारण करता है। इसलिए भारत में डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया जाता है। डॉक्टरों के इसी सेवा भाव, जीवन रक्षा के लिए किए जा रहे प्रयत्नों और उनके काम को सम्मान देने के लिए हर साल 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया जाता है। ये दिन डॉक्टरों को धन्यवाद देने का होता है। इसी क्रम में डॉक्टरों को उनके काम के प्रति सम्मानित करने के लिए असर्फी अस्पताल की ओर से 29 जून को असर्फी कैंसर संस्थान में समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में धनबाद समेत गिरिडीह, बोकारो, जामतारा और देवघर से 400 चिकित्सकों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों ने म्यूजिकल नाईट और डिनर का लुत्फ़ उठाया। असर्फी अस्पताल बीते वर्ष से अपने संस्थान में डॉक्टर्स डे का आयोजन कर डॉक्टरों को सम्मानित करता आ रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ विप्लब मिश्रा ने चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा की भारत में पहली बार राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाने की शुरुआत साल 1991 से हुई थी। इस साल केंद्र सरकार ने पहली बार डॉक्टर्स डे मनाया था। इस दिन को मनाने की शुरुआत एक डॉक्टर की याद में हुई थी। उनका नाम डॉ बिधान चंद्र रॉय था। दरअसल डॉ बिधान चंद्र राय बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री थे। वह एक चिकित्सक भी थे, जिनका चिकित्सा के क्षेत्र में बहुत बड़ा योगदान था। डॉ बिधान चंद्र रॉय ने जादवपुर टीबी मेडिकल संस्थान की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह भारत के उपमहाद्वीप में पहले चिकित्सा सलाहकार के तौर पर प्रसिद्ध हुए। 4 फरवरी, 1961 को डॉ बिधान चंद्र रॉय को भारत रत्न के सम्मान से भी नवाजा गया। उन्होंने मानवता की सेवा में अभूतपूर्व योगदान को मान्यता देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस को मनाने की शुरुआत की। एक जुलाई को ही डॉक्टर दिवस मनाने की एक खास वजह यह भी है की महान चिकित्सक डॉ बिधान चंद्र रॉय का जन्मदिन 1 जुलाई 1882 को हुआ था। इतना ही नहीं एक जुलाई 1962 को ही डॉ बिधान का निधन भी हुआ। इसी वजह से उनके जन्मदिन और पुण्यतिथि के दिन पर ही उनकी याद में हर चिकित्सक को सम्मान देने के लिए एक जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाने की घोषणा की गई। उन्होंने कहा की चिकित्सक मरीजों की जान बचाते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से असर्फी अस्पताल के निदेशक गोपाल सिंह, निदेशक उदय प्रताप सिंह, अध्यक्ष सुभांशु राय और कॉर्पोरेट हेड संतोष सिंह आदि उपस्थित थे।

टुंडी विधायक आधा दर्जन कार्यक्रमों में हुए शामिल

## लोगों द्वारा गर्मजोशी से किया गया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टुंडी :** विधायक मथुरा प्रसाद महतो आज रविवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के क़रीब आधा दर्जन कार्यक्रमों में शामिल हुए जहां लोगों ने उन्हें गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सर्वप्रथम टुंडी प्रखंड के मछियारा पंचायत के पोखरिया गांव निवासी पारा शिक्षक लूथरू टुडू का श्राद्धकर्म में भाग लिया। वहीं हूल दिवस पर जाताखूंटी स्थित सिदू कानू के आदमकद प्रतिमा का माला पहनाकर सम्मानित किया तत्पश्चात कमारडीह पंचायत के भोजूडीह गांव में मुक्ति अब्दुल हय एवं मौलाना इनायत कलीम की अध्यक्षता में हो रहे मस्जिद छत ढ़लाई कार्य में पहुंचे और पहला कड़ाई माथे पर लेकर श्रमदान किया। उसके बाद मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की सड़क दुघर्टना में हुए मौत पर उनके परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया और हरसंभव मदद करने की बात कही। मौके पर विधायक प्रतिनिधि बसंत महतो, कमारडीह मुखिया जयनारायण मंडल, महाराजगंज मदरसा के सदर मुक्ति अब्दुल हय, मौलाना इनायत कलीम झामुमो के वरिष्ठ नेता वशीर अंसारी, सिदिक अंसारी, नेशार अहमद, कलीमुद्दीन अंसारी, वार्ड सदस्य इफ्तिखार अंसारी, ग्यारस अंसारी, अनवर अंसारी, फ़ैज़ अहमद समेत सैकड़ों सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गिरिडीह झामुमो कार्यालय में मनाया गया हूल दिवस



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रविवार को गिरिडीह ज़िले में हुल दिवस को लेकर बस स्टैंड स्थित झामुमों ज़िला कार्यालय में हूल दिवस मनाया गया। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गिरिडीह सदर के विधायक सुदिव्य कुमार सोनू उपस्थित हुए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सोनू ने कहा कि भारत की आजादी, अंग्रेजों की बर्बरता और अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले हर क्रांतिकारी को हूल दिवस पर नमन।यह दिवस, हर बर्बरता और अत्याचार के खिलाफ़ आवाज उठाने का प्रतीक है। उसकी खिलाफत का प्रतीक है। सिद्धो-कान्हू,चांद-भैरव,फुलो-झानो सहित सभी क्रांतिकारियों को नमन।निश्चित रूप से अगर भारत में स्वतंत्रता के लिए सबसे पहले बिगुल फुकने वालो में झारखंड का नाम अव्वल रहना चाहिए था परन्तु ऐसा न हो सका! सभी जानते है कि सन् 1855 में भोगनाडीह साहिबगंज में चाँद-भैरव, सिदो-कान्हु और फुलो-झानू के नेतृत्व लगभग पच्चास हज़ार से ज़्यादा आदिवासी-मूलवासी ने अंग्रेजों के शोषण के ख़िलाफ़ आज़ादी की लड़ाई की शुरुआत की। जिसमें हज़ारो लोगो ने अपनी शहादत दी।झारखंड के बुद्धिजीवियों से आग्रह है कि इस विषय में शोध करे और वास्तविकता को सामने लाये।मौके पर उपस्थित रजक, अभय सिंह, मो0 ज़ाकिर, राकेश रंजन, मो0 अनवर, योगेन्द्र सिंह, सचिन, मो0 सरफुद्दीन, मो इबरार, सैफ़ अली गुड्डु, बढ़न वर्मा, मो असदुल्ला सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## एस एस पब्लिक स्कूल में दसवीं कक्षा के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए फेयरवेल कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### जीवन में सफलता का मात्र एक ही मूल मंत्र है कड़ी मेहनत : अमित चतुर्वेदी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एस एस पब्लिक स्कूल में सत्र 2023-24 में उत्तीर्ण कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं के लिए फेयरवेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फेयरवेल कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के सचिव श्रीमती बिंदु तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर और दीप प्रज्वलित करके किया। साथ ही श्रीमती तिवारी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्राचार्य श्री अमित चतुर्वेदी ने अपने अभिभाषण में बच्चों की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए बताया कि अगर आप सभी इसी तरह आने वाले दो-तीन वर्षों तक कड़ी मेहनत करते रहे तो जीवन में खुशियों के सभी द्वार अपने आप ही आपके कदमों के पास खड़े मिलेंगे। जीवन में सफलता का मात्र एक ही मंत्र है, वह है कड़ी मेहनत। इसलिए आप सभी इस मंत्र को सदैव अपने मन में संभल करके रखिए और इसका अनुकरण करिए।वही विद्यालय के कक्षा 10 के सत्र 2024-25 के छात्र-छात्राओं ने इस फेयरवेल पार्टी का आयोजन बड़े ही बखूबी तरीके से किया। बच्चों ने अपने बड़े भाई बहनों का स्वागत और अभिनंदन किया। साथ ही उनके फेयरवेल के उपलक्ष में कई अन्य तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया, जो की काफी ही मनोहर और प्रशंसनीय रहा। अंततः विद्यालय के सचिव श्रीमती तिवारी ने विद्यालय के टॉपर संजय कुमार को उपहार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली वाणी कच्छप को सम्मानित किया। कक्षा 10 की कक्षा अध्यापिका श्रीमती निक्की वर्मा ने विद्यालय में तीसरी पोजीशन प्राप्त करने वाले रिजवान रजा को पुरस्कृत किया। वही विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं सुश्री सरिता कुजूर, सदिया मैम, श्री मुकेश पाठक, गौरी कुमारी, अमिता एक्का, खुशबू कुमारी, आकांक्षा कुमारी, मोनिका, शिफा, रिया एवं सफिक आलम ने अन्य बच्चों को पुरष्कृत कर उन्हें भी सम्मानित किया, साथ ही सभी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पर्यावरण तथा प्रकृति को बचाना हमारा पहला कर्तव्य : मनीर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सदर प्रखंड क्षेत्र के बाघा में ग्रामीण मण्डल के बाघा शक्ति केन्द्र बूथ नम्बर 242 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात को सुना गया। साथ ही पौधारोपण का कार्यक्रम भी किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मनीर उराँव शामिल रहे। इस दौरान मनीर उरांव ने कहा की आज हमारे प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले कई सालों से मन की बात कार्यक्रम किया जा रहा है जिसे लोग सुनकर अपने जीवन शैली को बदल रहे है।वही पर्यावरण संरक्षण की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए लोगो को ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाने की बात कही जिसे हम और हमारा पर्यावरण दोनों सुरक्षित बना रहे हैं। इस दौरान ग्रामीण मण्डल महामंत्री विवेक चौहान, उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह, आदर्श चौहान, सुनील महली, राहुल, बीरबल उराँव, बिरेन्द्र नाथ शाह, विक्रम नाथ शाह, सरोज देवी, जानकी देवी, बेबी देवी, रूपा देवी, शिवनारायण सिंह के साथसथ अन्य कार्यकर्ता तथा ग्रामीण उपस्थित थे।

## अविराम सचिव इंद्रजीत कुमार भारती ने हूल दिवस पर दी श्रद्धांजलि




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हूल दिवस जिसे हूल क्रांति के नाम से भी जाना जाता है इस अवसर पर अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन टिको कुरू लोहरदगा के सचिव इंद्रजीत कुमार द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। जिसके उपरांत प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी, रेणुका, ममता, आफताब, पंकज, जंगबहादुर, कुंदन, चुनीबास, तबस्सुम, पवन, नीरज, शशि, और बीएड तथा डी एल एड संकाय के प्रशिक्षुओं द्वारा श्रद्धांजलि दी गई और इस दिवस के विषय में जानकारी प्राप्त की गई। हूल क्रांति 1855 में साहिबगंज के भोगनाडीह से प्रारंभ हुई यह 1857 की प्रथम क्रांति से भी पूर्व की क्रांति थी, जिसमे अंग्रेजी सत्ता द्वारा पचास से पांच सौ प्रतिशत खेती कर वसूलने के खिलाफ चांद भैरव, सिद्धू, कान्हू भाईयो के नेतृत्व में एकजुट होकर अंग्रेजी सरकार के खिलाफ आवाज उठाई गई। झारखंड का इतिहास ऐसे क्रांतिकारियों से भरा हुआ है जो हमे सदैव अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाने की सीख देता है।

## शुद्ध सोने से भी कीमती है परमेश्वर का वचन : एनोस



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** परमेश्वर का वचन शुद्ध सोने से भी कीमती है, ये मधु से भी मीठे हैं। परमेश्वर का वचन का पालन करने से जीवन बदलने में समय नहीं लगता है। पूर्व मंत्री सह झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का रविवार को जीईएल चर्च करमघाट मंडली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। एनोस ने अपने संबोधन में परमेश्वर को धन्यवाद देते हुए कहा कि परमेश्वर की योजना से ही उन्हें इस कार्यक्रम में भाग लेने की अनुमति मिली है। उन्होंने कहा कि संसार का हर धर्म व्यक्ति को सत्य, अहिंसा और सदाचार के मार्ग पर चलने की सीख देता है। एनोस एक्का ने परमेश्वर के वचन को कीमती बताते हुए कहा कि मनुष्य केवल रोटी ही से नहीं, परन्तु हर एक वचन से जो परमेश्वर के मुख से निकलता है उससे जीवित रहेगा। उन्होंने बाइबल के वचन की बात कहते हुए बोला कि बाइबल कहती है कि अगर प्राण और शरीर की रक्षा प्रभु करते हैं, तो बाकी भी उनकी मर्जी पर छोड़ दो। परमेश्वर हर दुख और मुश्किल की घड़ी में कभी आपको अकेला नहीं छोड़ेगा। इससे पूर्व मंडली के लोगों के द्वारा पूर्व मंत्री और झापा युवा जिलाध्यक्ष संदेश एक्का एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। मौके पर प्रचार दनियल टोपनो, इग्नासियुस लकड़ा, सुदीप लुगुन, अंकित सुरीन, अभय लुगुन, रसाल खालखो, अमर टोपनो, समसोन टोपनो, जॉनसन टोपनो, सुकुवन लुगुन, जुलतन लुगुन, अनिल कंडुलना, बसंत कंडुलना, उषा कंडुलना, सरानी लुगुन, नूतन लुगुन सहित कई लोगों उपस्थित थे। **राजनीतिक जीवन में उतार-चढ़ाव के बीच आशा नहीं होनी चाहिए : संदेश** झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ने कहा कि सरकार में ईश्वर के उद्देश्य को समझें। ईश्वर का राज्य सब पर शासन करता है, इसलिए हमें राजनीतिक जीवन के उतार चढ़ाव के बीच आशा नहीं खोनी चाहिए। संदेश ने कहा कि राजनीति में दिखावे या राय से प्रभावित न हों। हमें अपनी परंपरा और राजनीतिक परवरिश को अलग रखना चाहिए, और सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारी पहचान हमारे राजनीतिक दल से ज़्यादा मसीह में निहित हो। हमारी वफ़ादारी मसीह के मार्ग, उद्देश्य और सत्य के प्रति अधिक होनी चाहिए ताकि हम केवल मानवीय राय से प्रभावित न हों।

## पीएमश्री के शिक्षकों का पांच दिवसीय द्वितीय व अंतिम बैच के प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** पीएमश्री विद्यालयों के शिक्षकों का पांच दिवसीय द्वितीय व अंतिम बैच के प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन डायट चिरी के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। पीएमश्री विद्यालयों के सर्वांगीण विकास के निमित भारत सरकार के निर्देशानुसार उक्त विद्यालय के सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें ग्रीन स्कूल क्लीन स्कूल, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, स्कूल लीडरशीप, मेन्टल हेल्थ, पीएमश्री स्कूल का एक्शन प्लान, नवाचार, आत्मरक्षा, व्यवसायिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, प्रोजेक्ट इम्पेक्ट इत्यादि विषयों पर जानकारी दी गयी। समापन समारोह में प्रशिक्षक अरुण राम ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों में अतिरिक्त योग्यता होती है, इस अतिरिक्त योग्यता को अवसर में बदलने की आवश्यकता है। इस प्रशिक्षण का विशेष महत्व है। सभी अपने अपने विद्यालय में जाकर कार्य दायित्व का बंटवारा करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के सभी निर्देशों को लागू करेंगे ताकि सभी बच्चों के सर्वांगीण विकास हो सके। प्रशिक्षक महबूब आलम ने बतलाया कि प्रशिक्षण के दौरान सभी का प्रदर्शन बेहतर रहा है,अब सभी का दायित्व और भी ज्यादा हो गया है। विद्यालय में जाकर बाल हित में कार्य करेंगे। इस अवसर पर डायट चिरी के प्रभारी प्राचार्य अमृता सिन्हा ने विचार व्यक्त करते हुए बतलाया कि प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन सभी प्रतिभगी समय से आना, दिए गए कार्यों को समय से पूरा करना एवं हरएक गतिविधि को उत्साह के साथ समय से पूरा करना देखने को मिला। अंत में प्रशिक्षण में उपस्थित शिक्षकों ने प्रशिक्षक अरुण राम, महबूब आलम एवं अमृता सिन्हा को अंगवस्त्र पहनकर तथा पुष्पगुच्छ भेटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुजाता कुजूर, पितरूस उरांव, राजश्री भगत, पंकज कुमार, रश्मि कुजूर, खुशबू कुमारी, मीरा उरांव, सोनी टोप्पो, उर्मिला एक्का, मोनिका उरांव, समीना खातून, दुर्गी कुमारी, फुलमनी कुमारी, सरोज कुमार दुबे, जियाउल हक अंसारी, पंकज कुमार, सुमित कुमार, वीरेंद्र उरांव, रजिया खातून, राजश्री भगत, शादाब अंसारी, सोनी टोप्पो, ताज मोहम्मद सहित जिला के सभी पीएम श्री स्कूल के शिक्षकों ने भाग लिया।

## भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला मुख्यालय सहित सभी मंडलो और बूथों में प्रधानमंत्री जी की मन की बात का 111वां एपिसोड कार्यकर्ताओं ने सुनी। मन की बात सुनते के पश्चात भाजपा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने अपने अंतिम मन की बात में चुनाव के बाद फिर से उपस्थित होने का वादा किया था इसी क्रम में आज प्रधानमंत्री जी के मन की बात का प्रसारण सुना प्रधानमंत्री जी ने मानसून एवं आने वाले पेरिस ओलंपिक की चर्चा की साथ ही प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों को बताया कि आज 30 जून का दिन महत्वपूर्ण है इसी दिन हमारे आदिवासी भाई-बहन हूल दिवस के रूप में मनाते हैं यह दिन वीर सिद्धों कान्हू के साहस से जुड़ा हुआ है जिन्होंने विदेशी शासको की अत्याचार का पुरजोर विरोध किया था वीर सिद्ध कान्हू ने हजारों संथाली साथियों का एकजुट करके अंग्रेजों का जी जान से मुकाबला किया था और खास बात ये है कि ये 1857 में भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से भी 2 साल पहले 1955 में हुआ था उनके बलिदानों को आज भी देशवासी याद करते हैं। मन की बात कार्यक्रम में भाग लेने आये हुए जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता बीरू मंडल में कार्यकर्ताओं संग मन की बात सुनी और उन्होंने कहा कि चुनाव में लंबे ब्रेक के बाद पुनः प्रधानमंत्री जी की मन की बात सुनने का अवसर प्राप्त हुआ प्रधानमंत्री जी ने देशवासियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारे संविधान और देश की लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं पर अपना अटूट विश्वास दोहराया है 2024 का चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव था दुनिया के किसी भी देश में इतना बड़ा चुनाव कभी नहीं हुआ जिसमें 65 करोड लोगों ने वोट दिया उन्होंने मतदान प्रक्रिया से जुड़े हर व्यक्ति को बधाई दिया साथ ही प्रधानमंत्री जी ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम की चर्चा की साथ ही कार्यकर्ताओं सहित देशवासियों को आवाहन किया की हर मां अपने बच्चों पर स्नेह लुटाती है मां का यह प्यार हम सब पर एक कर्ज की तरह होता है जिसे कोई चुका नहीं सकता हम मां को कुछ दे तो नहीं सकते लेकिन कुछ कर सकते हैं इसी सोच में इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर एक विशेष अभियान शुरू किया गया है।

## कुंवार इंग्रेबिंग जोन का विधायक भूषण बाड़ा ने किया उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** शहर के सलडेगा में कुंवार इंग्रेबिंग जोन का मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने उद्घाटन किया। मौके पर विधायक ने वर्कशाप संचालक कुंवर गोप को शुभकामना दी। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए ब्यापार का बढ़ना बहुत जरूरी है। वर्कशॉप के खुल जाने से जिलेवासियों को काफी फायदा होगा। जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी वर्कशॉप संचालक को बधाई दी। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष कुमार सिंह, जिप सदस्य समरोम पॉल टोपनो, नगर अध्यक्ष अध्यक्ष अरशद हुसैन (अक्षण), नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन, विधायक प्रतिनिधि अरविंद लुगुन चंदन कुमार, रोहित शर्मा, कुंवर गोप, रिशमाला देवी, अंजली रानी, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, इम्तियाज हुसैन आदि शामिल थे।

## सेवा भारती ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का किया आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 107 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ व डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर इस शिविर का शुभारंभ किया। सभी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम आदि का नारा लगाते हुए नमन किया। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 48 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा नर सेवा ही नारायण सेवा है जरूरतमंदों का सेवा करना ही ईश्वर के सेवा करने के बराबर है,और साथ ही यह भी कहा कि लोग अपने सामर्थ के अनुसार असहयों एवं जरूरतमंदों की सेवा करके देखें आपको अपने मन मे काफी संतुष्टि की अनुभूति होगी, डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि हमें लोगों का सेवा करने में काफी आनंद आता है और कहा की बरसात के मौसम में बच्चें एवं बुजुर्गों को स्वास्थ्य के प्रति खास ध्यान देने की जरूरत है लोगों को आम का सेवन कम करना चाहिए एवं अपने आसपास पानी का जमाव ना होने दे, इससे कई बीमारियां होने का डर बना रहता है, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल,शशि भूषण सिंह व सचिव जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि 1 जून 2022 से प्रत्येक सप्ताह चल रहे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में काफी लोगों ने अपना एवं अपने परिवार का स्वास्थ चेकअप करा कर लाभान्वित हुए हैं,यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती है।आज लोगों ने अपना स्वास्थ्य हेतु शुगर, वजन, बी.पी, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल, आदि का चेकअप करवाते हुए डॉक्टर से अपने बीमारियों संबंधित परामर्श भी लिए, और यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर चलते रहेंगे। आज शिविर में, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, जयप्रकाश शर्मा, शशि भूषण सिंह, सुबोध महतो अतुल सर्राफ, शिमला देवी, अंजलि सर्राफ, ममता बंका, अनीता पोद्दार, गोपाल महतो, सोनिया पोद्दार, बिहार उरांव, अनिल वर्मा, रमेश महतो, गीता देवी, वीरेंद्र शाह, विजय गुप्ता, अमरनाथ भगत, अंजू देवी, रुपेश चौधरी, रेखा देवी, नारायण साहू, उदय कास्यंकार, मुरलीधर अग्रवाल, सूरज साहू, सुरेंद्र साहू, अंजू देवी, गीता देवी, पुष्कर महतो, नीलम कुमारी, अशोक शाह, अनीता देवी, कृष्ण प्रसाद, बृजेश कुमार, दीपक अग्रवाल, देवनारायण प्रसाद, सियाराम महतो, डोमन चंद्र कर्मकार, सरेक प्रसाद शाह, तारा राय, प्रदीप राम आदि थे।

## रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य का काम नहीं : जय प्रकाश शर्मा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इमरजेंसी केयर और अमृत केयर हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को लोहरदगा शहरी क्षेत्र के पतराटोली में स्थित हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डाक्टर दिलीप खैर, डॉ सनल सानु, अस्पताल प्रबंधक कुमार सुमन साहू, इमरजेंसी केयर के उपाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा, सचिव देशराज गोयल, एचआर हेड सजल कुमार,प्रोग्राम को-आर्डिनेटर निखिल बर्मन, मनोज कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया। रक्तदान शिविर में शाम तक 19 लोगों ने रक्तदान किया। जिसमें महिलाओं की भागेदारी अच्छी रही। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर प्रेरित करने और यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर एक-एक हेलमेट भी दिया गया। इस रक्तदान शिविर में उपस्थित उपाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा ने 33 बार रक्तदान करने वाले समाजसेवी मनोज कुमार गुप्ता का अभिवादन किया और कहा कि रक्तदान के साथ साथ सड़क सुरक्षा के लिए भी हमें आगे आने की जरूरत है,सचिव देशराज ने हर हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर लगाने की अपील की। एच आर हेड सजल कुमार ने कहा कि रक्तदान दूसरों को जीवन देने का महान कार्य है। रक्तदान जरूर करना चाहिए। डॉक्टर दिलीप खैर,सनल सानु और कुमार सुमन साहू ने लोहरदगा में इमरजेंसी केयर के कार्यो की सराहना कि और कहा उनका प्रयास होगा कि समय समय पर रक्तदान शिविर लगाते रहेंगे।

## मानसून की बूंद पड़ते ही मायुस किसानों के चेहरों में आई रौनक, धान फसल की विचड़ा हेतू दौड़ पड़े खेतों की ओर

### अपूर्ण नहर के निर्माण कार्य से धान फसल की सिंचाई हेतू सताये जा रही है किसानों की चिंता





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 29 जुन शनिवार मानसून की पहली बूँद पड़ते ही जहाँ एक और तापमान के गिरावट से लोगो को मिली गर्मी से निजात,वही किसान वारिस होते ही अपने-अपने खेतो मे 30 जुन रविवार को धान फसल की विचड़ा को लेकर व्यस्त दिखाई दिये। नियमानुसार 15 जुन से झारखण्ड में मानसून प्रवेश कर जाती थी, लेकिन इस बार 15 जुन से 28 जून तक वारिस नहीं होने से किसानों के चेहरों मे मायुसी दिखाई पड़ रही थी। किसान सीताराम उरांव, सुरेन्द्र पहान, जयराम उराँव, शनि भगत, ऊतका के पन्चू पहान इत्यादि का कहना है कि इस वर्ष 2024 मे देर से मानसून प्रवेश करने से किसानो की धान फसल की पैदवार पर भी असर पड़ सकता है, वही नहर निर्माण कार्य मे संवेदक की लापरवाही से यदि नहरो मे डैम से पानी नही छोड़ा गया तो हजारों-हजार हेक्टेयर मे महँगे धान के बीज लेकर किसान कर रहे धान के विचडे को सही समय मे रोपाई के कार्य नहीं हो पायेगा। एसे मे उपरोक्त किसानो का कहना है कि संवेदक की लापरवाही और नहरों मे पानी छोड़े जाने को लेकर किसान एकजुट होकर जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से पानी छोड़ने हेतू लगाई जायेगी गुहार। विदित है कि नन्दनी जलाशय योजना के अंतर्गत 03 नहरों के पक्कीकरण निर्माण कार्य धीमी गति से चलने के कारण, एवं बीच - बीच मे अधूरे पड़े होने के कारण किसानो को धान फसल की सिंचाई की सताये जा रही है चिंता।

## अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाले नायकों को याद करने का दिन : विमला प्रधान

### भाजपा कार्यालय में मनाया गया हूल दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** भाजपा जिला कार्यालय में स्त्र मोर्चा बैनर तले स्त्र मोर्चा के जिलाध्यक्ष बसंत नारायण मांझी के नेतृत्व में आज हूल दिवस पर सिद्धो कान्हू की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके अदम्य साहस को याद किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि यह दिन बीर सिद्धो कान्हू के अदम्य साहस से जुड़ा है, जिन्होंने विदेशी शासकों के अत्याचार का पुरजोर विरोध किया था। आदिवासी इस दिन को अपने संघर्ष और अंग्रेजों के द्वारा मारे गए अपने 20000 लोगों की याद में मनाते हैं। जैसा कि शब्दों से स्पष्ट हो रहा है या विद्रोह आदिवासियों की संघर्ष गाथा और उनके बलिदान को आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने वाले नायकों को याद करने का खास दिन है अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह के प्रतीक के तौर पर फूल दिवस मनाया जाता है यह अन्याय और दासता से मुक्ति की विजय गाथा उन नायकों का पवित्र स्मरण आज भी हम सबों का मार्गदर्शन करता है। वही हूल दिवस पर भाजपा स्त्र मोर्चा की जिला अध्यक्ष बसंत नारायण मांझी ने कहा कि 30 जून 1855 को झारखंड के आदिवासियों ने अंग्रेजी हुकूमत की अत्याचार के खिलाफ पहली बार विद्रोह का बिगुल भूमिका इस दिन 400 गांव के 50000 लोगों ने साहिबगंज के भोगनाडीह गांव पहुंचकर अंग्रेजों से आमने-सामने की जंग का ऐलान कर दिया आदिवासी भाइयों सिद्धो कान्हू, चांद और भैरव के नेतृत्व में तब संथलों में मालगुजारी नहीं देने और अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो का जोर-शोर से ऐलान किया अंग्रेजों ने तब संथाल विद्रोहियों से घबराकर उनका दमन प्रारंभ किया इसकी प्रतिक्रिया में आदिवासियों ने अंग्रेजी सरकार की ओर से आए जमींदारों और सिपाहियों को मौत के घाट उतार दिया तब विद्रोहियों को सबक सिखाने के लिए अंग्रेजों ने क्रूरता की सारी हदें पार कर चांद और भैरव को अंग्रेजों ने मार डाला इसके बाद सिद्धो और कान्हू को भी भोगनाडी में एक पेड़ से लटका कर 26 जुलाई 1855 को फांसी दे दी गई संथाल की माटी के इन्हीं शहीदों की याद में हर साल 30 जून को हूल दिवस मनाया जाता है। मौके पर जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता स्त्र मोर्चा जिला महामंत्री राकेश रविकांत दीपक पुरी अनूप प्रसाद दुर्गविजय सिंहदेव संजय ठाकुर अनुप केशरी तुलसी साहु श्रीलाल साहू नवीन सिंह रामविलास बड़ाईक संजय शर्मा गजानंद बेसरा अशोक रजक सावित्री देवी मौजूद थे।

## चलते चलते एक नजर

### शेखावत के स्वागत में उमड़ा जोधपुर

**जोधपुर :** लोकसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक और लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कैबिनेट में शामिल होने के बाद पहली बार रविवार को केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत अपने गृह जिले पहुंचे। शेखावत के स्वागत में पूरा जोधपुर उमड़ पड़ा। सैकड़ों समर्थक उन्हें जोधपुर रेलवे स्टेशन से निवास अजीत कॉलोनी तक लेकर आए।शेखावत शनिवार रात दिल्ली से जोधपुर के लिए ट्रेन से रवाना हुए। रविवार सुबह होते ही विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर शेखावत का स्वागत-सत्कार प्रारंभ हो गया। पीपाड़, लाडनूं, डीडवाना, मेड़ता रोड आदि रेलवे स्टेशनों पर समर्थकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूलों से लाद दिया। जोधपुर रेलवे स्टेशन पर जब ट्रेन पहुंची तो वहां हजारों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे। बैंड-बाजों के बीच शेखावत खुले वाहन में सवार हुए। उनका जगह-जगह स्वागत हुआ। स्वागत से प्रफुल्लित शेखावत ने कहा कि जोधपुर समेत अन्य रेलवे स्टेशनों पर कार्यकर्ता मित्रों, समर्थकों और स्थानीय रहवासियों ने आत्मीयतापूर्वक स्वागत कर एक बार फिर मुझे कृतज्ञ किया। जोधपुर लोकसभा क्षेत्र की पवित्र माटी ने मेरे जीवन उद्देश्य को आकार दिया है, जिसके शिल्पी यहां के समस्त देवतुल्य मतदाता हैं। यह फूल-मालाएं जनता-जनार्दन का आशीर्वाद हैं।

### नीतीश कुमार ने बिहार में स्थापित किया सुशासन : सम्राट चौधरी



**पटना :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार 30 जून को अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में हूल क्रांति को याद करते हुए वीर शहीद सिद्धो-कान्हू अदम्य साहस की सराहना की. पीएम ने कहा कि उन्होंने विदेशी शासकों के अत्याचार का पुरजोर विरोध किया था. इस दौरान एक संथाली गीत का भी प्रसारण किया गया. पीएम के मन की बात कार्यक्रम के बाद बिहार बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि बढ़ते समृद्ध भारत की चर्चा की और पीएम मोदी आगे भी यह काम जारी रखेंगे. पीएम मोदी की मन की बात कार्यक्रम के बाद बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात बिहार से जो अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई और आंदोलन शुरू हुआ उस पर प्रधानमंत्री ने जनता को संबोधित किया है. उन्होंने बढ़ते समृद्ध भारत की चर्चा की और आने वाले वक्त में भी वह यह काम जारी रखेंगे.उन्होंने जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संजय झा को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैं संजय झा को बधाई देता हूं. इससे एनडीए का तालमेल और भी अच्छा होगा. नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में एनडीए की सरकार चल रही है और अच्छा काम हो इसके लिए संजय झा बड़ा प्रयास जारी रखेंगे.डिप्टी सीएम ने कहा कि नीतीश कुमार ने बिहार में जो सुशासन स्थापित किया है। यह लालू का राज नहीं है जो सीएम हाउस में बैठकर ऑर्गेनाइज्ड क्राइम करते थे. यह नीतीश कुमार का सरकार है पूर्ण रूप से सुशासन स्थापित रहेगा.

## हूल दिवस पर आजसू पार्टी ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गढ़वा :** आजसू पार्टी गढ़वा के द्वारा हूल दिवस के अवसर पर हूल क्रांति के महानायक सीदो-कान्हो, चांद भैरव, फुलो-झानो सहित सभी अमर शहीदों को श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, पार्टी के केंद्रीय सचिव चंपा देवी, केंद्रीय सदस्य नन्दू ठाकुर, सोशल मीडिया प्रभारी पूजा शर्मा दीपक कुमार, मुकेश कुमार गुप्ता, मनोज कुमार उपस्थित थे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में देश के आम नागरिकों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हूल का संथाली अर्थ है विद्रोह और हूल क्रांति को संथाल विद्रोह के नाम से भी जाना जाता है। झारखंड के भोलानाडीह गांव में 30 जून 1955 को वीर सिद्धू-कानू के नेतृत्व में आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल बजा दिया था। उस दौरान 400 गांव में 50000 से अधिक लोग एकजुट हो गए थे। हमारी माटी छोड़ो का ऐलान करते हुए अंग्रेजों के अपने धरती से निकलने के लिए युद्ध शुरू कर दिया था। 1955-56 में झारखंड में संथाल आदिवासी समुदाय द्वारा ब्रिटिश शासन के खिलाफ किए गए। क्रांतिकारी विद्रोह संथाल हूल की याद में हूल दिवस मनाया जाता है। यह दिन उन वीर क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है जिन्होंने अपने वीरता से ब्रिटिश साम्राज्य के नीव हिला दी थी। यह दिन आदिवासी समाज के वीर वीरांगनाओं की सुर गाथा और बलिदान को याद करने का अवसर देता है।

## निगम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में अनूठी उपलब्धि हासिल की

प्रभात मंत्र संवाददाता



**रांची।** इस वित्तीय वर्ष 2024-2025 के होल्डिंग टैक्स का एकमुश्त भुगतान 30 जून 2024 तक करने पर कर दाताओं को टैक्स की राशि पर अधिकतम 10त्न की छूट का प्रावधान निगम द्वारा किया गया था। प्रशासक अमित कुमार के प्रयास एवं योजनाबद्ध कार्यो से रांची नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही के दौरान संपत्ति कर के क्षेत्र में एक अद्वितीय उपलब्धि हासिल की है। इस वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में सम्मानित नागरिकों के सहयोग से रांची नगर निगम द्वारा कुल 32,93,39,923 की राशि (कुल 76,527 करदाताओं द्वारा) का संग्रहण घृति कर के रूप में करते हुए झारखण्ड राज्य में सर्वाधिक राशि संग्रहण करने वाली निकाय बनी। इस वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में कुल 20,253 करदाताओं द्वारा डिजिटल पेमेंट के माध्यम से 10,36,55,579 राशि की वसूली की गयी, 9901 करदाताओं के द्वारा 3,74,81,357 राशि का भुगतान निगम कार्यालय एवं डोरंडा अंचल कार्यालय स्थित जन सुविधा केंद्रों पर की गई, तथा 46,373 करदाताओं के द्वारा ऋह्य. 18,82,02,987 की राशि की वसूली डोर-टू-डोर कलेक्शन के माध्यम से की गई।

## आदिवासियों की शौर्य गाथा और बलिदान का याद दिलाता है हूल दिवस: मंत्री मिथिलेश



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** हूल दिवस के मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने रविवार को गढ़वा के कल्याणपुर स्थित आवास पर वीर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें शत शत नमन किया। मौके पर पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि 30 जून को नई क्रांति की शुरूआत हुई थी। हजारों लोग एक सूत्र में बंधे थे और अंग्रेजों को भगाने की योजना बनी थी। इसलिए पूरे देश में 30 जून को हूल दिवस मनाया जाता है। इस दिन आदिवासियों की शौर्य गाथा और बलिदान को याद किया जाता है जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लडाई लडी थी।अंग्रेजों के आधुनिक हथियारों के सामने सिद्धो-कान्हो की तीर कमान वाली सेना टिक नहीं पाई। सिद्धो को अगस्त 1855 में पढ़कर पंचकठिया नामक स्थान पर बरगद के पेड पर फांसी दे दी गई। जबकि कान्हो को भोगनाडीह गांव में फांसी दी गई थी। हूल दिवस पर सिद्धो-कान्हो, चंद-भैरव, फूलो-झानो सहित सभी अमर बलिदानियों को शत नमन है। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने शहीदों को नमन करते हुए राज्य वासियों से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया है। उन्होंने ने कहा कि उन नायकों का पवित्र स्मरण आज भी हम सबों का मार्गदर्शन करता है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिप अध्यक्ष शांति देवी सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक दिवसीय कार्यशाल आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गढ़वा :** स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन रविवार को उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभागार में आयोजित की गयी।

इस मौके पर उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्रा, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल प्रदीप कुमार सिंह, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थें। कार्यशाला में स्वच्छ भारत मिशन से संबंधित वित्तीय वर्ष 2024-25 के लक्ष्य को पूरा करने के लिए योजना के बारे में विस्तृत जानकारी राज्य समन्वयक मो. आजाद खान द्वारा पीपीटी के माध्यम से दिया गया।जिले के सभी गांवों को 5 स्टार मॉडल घोषित करने के लिए सभी प्रखंड से चयनित ग्राम में ठोस व तरल कचरा प्रबंधन हेतु शॉकपीट बनाने के लिए सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को उपायुक्त द्वारा निदेशित किया गया। साथ ही राज्य से प्राप्त लक्ष्य को ससमय पूरा करने के लिए सभी संबंधित विभाग को वीएपी कार्य योजना बनाते हुए कार्य करने के लिए आवश्यक निर्देश दिये गयें। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि जुलाई तक प्राथमिकता के आधार पर अपने-अपने प्रखंड से 5-5 ग्रामों को हर हाल में फाईव स्टार घोषित करेंगे। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु विभिन्न प्रकार की संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय टीम की जीत पर दी बधाई

एजेंसी



**नई दिल्ली :** टी20 विश्व कप 2024 में टीम इंडिया की जीत के बाद दुनियाभर से खिलाड़ियों को बधाई संदेश मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भारतीय टीम की जीत पर बधाई दी। उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम से फोन पर बात की और पूरी टीम को फोन पर बधाई दी। उन्होंने रोहित शर्मा को उनकी शानदार कप्तानी के लिए बधाई दी और उनके टी20 करियर की सराहना की। उन्होंने फाइनल में विराट कोहली की पारी और भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान की भी सराहना की। पीएम मोदी ने हार्दिक पांड्या को उनके अंतिम ओवर और सूर्यकुमार यादव को उनके कैच के लिए सराहा। उन्होंने जसप्रीत बुमराह के योगदान की भी तारीफ की। पीएम ने भारतीय क्रिकेट में उनके योगदान के लिए राहुल द्रविड़ को भी धन्यवाद दिया। टी20 विश्वकप में दक्षिण अफ्रीका पर शानदार जीत दर्ज करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारत को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि टीम इंडिया ने एक के बाद एक शानदार विजय हासिल कर पूरे टूर्नामेंट को रोमांचक बना दिया। पीएम मोदी ने कहा,इंडिया को इस भव्य विजय के लिए सभी देशवासियों की तरफ से बहुत-बहुत बधाई। आज 140 करोड़ देशवासीआपके इस शानदार प्रदर्शन के लिए गर्व का अनुभव कर रहे हैं। खेल के मैदान में आपने वर्ल्डकप जीता लेकिन हिंदुस्तान के हर गली-मोहल्ले में आपने देशवासियों का कोटि-कोटि दिल जीत लिया। यह टूर्नामेंट एक विशेष कारण से भी याद रखा जाएगा। इतने सारे देश, इतनी सारी टीमें और एक भी मैच हारना नहीं, यह छोटी उपलब्धि नहीं है। आपने क्रिकेट जगत के हर महारथी उनके हर बॉल को खेला और आप शानदार विजय प्राप्त करते रहे। एक के बाद एक विजय की इस परंपरा ने आपके हौसले को तो बुलंद कर दिया लेकिन साथ ही इस टूर्नामेंट को भी रोचक बना दिया। मेरी तरफ से मैं आपको बहुत-बहुत बधाई देता हूं और बहुत-बहुत शुभकामनाएं देता हूं।वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ट्वीट करते हुए लिखा,आपकी उपलब्धियों का हमेशा जश्न मनाया जाएगा और उन्हें याद रखा जाएगा। भविष्य के लिए आपको शुभकामनाएं, हम आपका ऐसे ही उत्साहवर्धन करते रहेंगे। टीम इंडिया को वर्ल्डकप जीतने पर हार्दिक बधाई।

कभी ना हार मानने का जज्बा और कठिन परिस्थितियों का सामना करके आपने पूरे टूर्नामेंट मे शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मैच में यह असाधारण जीत थी। टीम इंडिया! हमको आप पर गर्व है।

## प्रधानमंत्री ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू पर तीन पुस्तकों का विमोचन किया



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व उपराष्टपति एम वेंकैया नायडू की जीवन यात्रा पर तीन पुस्तकों का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विमोचन किया। अन्वया कन्वेंशन सेंटर, गाचीबोवली तेलंगाना में नायडू की 75वीं वर्षगांठ पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया था।इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने नायडू को बधाई देते हुए कहा कि उनकी जीवनी और दो अन्य पुस्तकें लोगों को सही दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करेंगी। उन्हें स्वयं उनसे साथ में काम करने के दौरान प्रेरणा मिली है।भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष, मंत्रिमंडल में सहयोगी और देश के उपराष्टपति के तौर पर उनके साथ काम करने और सीखने के कई मौके मिले हैं।आज विमोचित पुस्तकों में पूर्व उपराष्टपति की जीवनी %वेंकैया और नायडू-लाइफ इन सर्विस%, संकलित एक फोटो क्रॉनिकल सेलिब्रेटिंग भारत-एम. वेंकैया नायडू का भारत के 13वें उपराष्टपति के रूप में मिशन और संदेश' और सचित्र जीवनी महानता-एम. वेंकैया नायडू का जीवन और यात्रा शामिल है। इन्हें क्रमशः द हिंदू, हैदराबाद संस्करण के पूर्व रेजिडेंट एडिटर एस नागेश कुमार, उनके पूर्व सचिव आई.वी. सुब्बा राव, संजय किशोर ने लिखा एवं संकलित किया है।इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि सत्ता सुख पाने के लिए नहीं है, बल्कि सेवा के माध्यम से समाधान करने के लिए है। अटल बिहारी वाजपेई की सरकार और उनकी सरकार में भी उन्होंने इसे चरितार्थ करके दिखाया है। वह हमेशा किसानों, गरीबों और ग्रामीणों के लिए काम करना चाहते रहे हैं। उन्हें स्वच्छ भारत मिशन, स्मार्ट सिटीज मिशन और अमृत योजना जैसी कई पहल शुरू करने का श्रेय जाता है।आपातकाल को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस को इसे लगाए हुए 50 वर्ष होने जा रहे हैं। आपातकाल के दौरान एम वेंकैया नायडू 17 महीने जेल में रहे। वह सच्चे अर्थों में एक कार्यकर्ता की तरह इसके खिलाफ संघर्षरत रहे।

## हूल विद्रोह इतिहास की सबसे बड़ी क्रांति, इसे भुलाया नहीं जा सकता सुदेश महतो

**रांची :** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि अंग्रेजी सरकार की गलत नीतियों और महाजनी प्रथा के विरोध में हुए हूल विद्रोह ने देश में आजादी की लडाई का शंखनाद किया था। हूल विद्रोह इतिहास की सबसे बड़ी क्रांति है। इसे भुलाया नहीं जा सकता। सुदेश कुमार महतो रविवार को जोन्हा में हूल दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में संताल हूल के महानायक सिदो कान्हू को श्रद्धांजलि अर्पित करने के दौरान बोल रहे थे। महतो ने कहा कि संताल हूल के दौरान वीर शहीद सिदो-कान्हू के नेतृत्व में हजारों क्रांतिकारियों ने अपनी शहादत दी। इतिहास के पन्नों में उन सभी वीर शहीदों को उचित स्थान दिलाने के लिए हम सभी को आगे आने होगा। हमारा उद्देश्य इन वीरों की गाथा को राज्य ही नहीं, बल्कि देश के हर एक व्यक्ति तक पहुंचाना है। महतो ने कहा कि यह वक्त सभी झारखंडियों को एकजुट कर एक नई सामाजिक एवं राजनीतिक चेतना जागृत करने की है।

